उदात्त अनुदात्त स्वरितका नाम १ ॥ स्वर १ ॥ ४ ॥

आन्वीक्षिकी दण्डनीतिस्तर्क-विद्यार्थशास्त्रयोः ॥

तर्कविद्याका नाम १॥आन्वीक्षिकी१॥ अर्थशास्त्रका नाम १॥ दंडनीति १ ॥

आख्यायिकोपलब्धार्था—

जिसका अर्थ जान लिया हो उस कथाके नाम २ ॥ आख्यायिका १ उपलब्धार्था २ ॥

—पुराणं पञ्चलक्षणम् ॥ ५ ॥

पुराणोंके नाम २ ॥ पुराण १ पंचलक्षण २ ॥ ५ ॥

प्रबन्धकल्पना कथा—

कल्पना करी हुई कादम्बरी आदि कथाके नाम २ ॥ प्रबन्धकल्पना १ कथा २ ॥

—प्रवह्लिका प्रहेलिका ॥

जिसके सुननेसे मतलब जाना जाय और विचार करनेसे दूसरा मतलब निकले उस (कहानी) के नाम २ ॥ प्रवह्लिका १ प्रहेलिका २ ॥

स्मृतिस्तु धर्मसंहिता—

धर्म जनानेको रचना कियेहुए श्लोकोंके समूहके नाम १ ॥ स्मृति १ धर्मसंहिता २ ॥

—समाहृतिस्तु संग्रहः ॥ ६ ॥

संग्रहके नाम २॥ समाहृति १ संग्रह २ ॥ ६ ॥

समस्या तु समासार्था—

जिसमें कुछ अर्थ पूरा किया जाय उसके नाम२॥समस्या१समासार्था२ ॥

—किंवदन्ती जनश्रुतिः ॥

लोकप्रवाद अर्थात् दुर्यशके नाम२॥ किंवदन्ती १ जनश्रुति २॥

वार्ता प्रवृत्तिर्वृत्तान्त उदन्तः स्या—

वार्ताके नाम ४॥ वार्त्ता १ प्रवृत्ति २ वृत्तान्त ३ उदन्त ४ ॥

—दथाह्वयः ॥ ७ ॥

आख्याह्वे अभिधानं च नामधेयं च नाम च ॥

नामके नाम ५ ॥ आह्वय१॥ ७॥ आख्या २ अभिधान ३ नामधेय ४ नामन् ५ ॥

हूतिराकारणाह्वानं—

पुकारनेके नाम ३॥हूति १ आकारणा २ आह्वान ३ ॥

—संहूतिर्बहुभिः कृता ॥ ८ ॥

बहुत जनोंकरके पुकारनेका नाम१॥ संहूति १ ॥ ८ ॥

विवादो व्यवहारः स्या—

विवादके नाम२॥ विवाद १ व्यवहार २ ॥

—दुपन्यासस्तु वाङ्मुखम् ॥

वार्ताका प्रारम्भ करनेके नाम २॥ उपन्यास १ वाङ्मुख २ ॥

उपोद्घात उदाहारः—

जो बात आगे कही जाय उसके उपयोगी बातके नाम २॥उपोद्घात १ उदाहार २ ॥

—शपनं शपथः पुमान् ॥ ९ ॥

सौगन्ध खानेके नाम २॥ शपन१ शपथ २ ॥ ९ ॥

प्रश्नोनुयोगः पृच्छा च—

प्रश्नके नाम ३ ॥ प्रश्न १ अनुयोग २ पृच्छा ३ ॥

—प्रतिवाक्योत्तर समे ॥

उत्तरके नाम २ ॥ प्रतिवाक्य १ उत्तर २ ॥

मिथ्याभियोगाऽभ्याख्यान—

झूठे दोष लगानेके नाम २॥ मिथ्याभियोग १ अभ्याख्यान २ ॥

—मथ मिथ्याभिशंसनम् ॥१०॥

अभिशापः—

मदिरादिपान आदिका झूँठा दोष लगानेके नाम २ ॥ मिथ्याभिशंसन १ ॥ १० ॥ अभिशाप २ ॥

प्रणादस्तु शब्दः स्यादनुरागजः ॥

अनुरागज शब्दका नाम १॥प्रणाद १॥

यशः कीर्तिः समज्ञा च—

कीर्तिके नाम ३ ॥ यशस् १ कीर्ति २ समज्ञा ३ ॥

—स्तवः स्तोत्रं स्तुतिर्नुतिः॥११॥

स्तुतिके नाम ४॥ स्तव१ स्तोत्र २ स्तुति ३ नुति ४ ॥ ११ ॥

आम्रेडितं द्विस्त्रिरुक्त—

दोतीनवार कहनेका नाम१॥आम्रेडित१

—मुच्चैर्घुष्टं तु घोषणा ॥

जोरसे बोलनेके नाम २॥उच्चैर्घुष्ट१ घोषणा २॥

काकुः स्त्रियां विकारो यः शोकभीत्यादिभिर्ध्वनेः ॥ १२ ॥

शोकभयकामादियुक्त वचनका नाम काकु १ ॥ १२ ॥

अवर्णाक्षेपनिर्वादपरीवादापवादवत् ॥ उपक्रोशो जुगुप्सा च कुत्सा निन्दा च गर्हणे ॥ १३ ॥

निन्दाके नाम १० ॥ अवर्ण १ आक्षेप २ निर्वाद ३ परीवाद–परिवाद ४ अपवाद ५ उपक्रोश ६ जुगुप्सा ७ कुत्सा ८ निन्दा ९ गर्हण १०॥१३॥

पारुष्यमतिवादः स्या–

कठोरभाषणके नाम २ ॥ पारुष्य १ अतिवाद २ ॥

–द्भर्त्सनं त्वपकारगीः ॥

ललकारनेका नाम १॥ भर्त्सन १॥

यः सनिन्द उपालम्भस्तत्र स्यात्परिभाषणम् ॥ १४ ॥

खिजानेका नाम १॥परिभाषण १॥१४॥

तत्र त्वाक्षारणा यः स्यादाक्रोशो मैथुनं प्रति ॥

पर स्त्री या पुरुषसे मैथुनार्थ वार्त्ता करनेका नाम १॥आक्षारणा-आक्षारण १॥

स्यादाभाषणमालापः–

सम्बोधनपूर्वक वार्त्ता करनेके नाम २ ॥ आभाषण १ आलाप २ ॥

–प्रलापोऽनर्थकं वचः ॥ १५॥

अनर्थवचनका नाम १॥प्रलाप १॥१५॥

अनुलापो मुहुर्भाषा–

वारंवार भाषणके नाम २॥ अनुलाप १ मुहुर्भाषा ॥ २ ॥

–विलापः परिदेवनम् ॥

रोनेके नाम २॥विलाप १ परिदेवन २॥

विप्रलापो विरोधोक्तिः–

परस्पर विरुद्धभाषणके नाम २ ॥ विप्रलाप १ विरोधोक्ति २ ॥

–संलापो भाषणं मिथः॥१६॥

परस्परयोग्यभाषणका नाम १ ॥ संलाप १ ॥ १६ ॥

सुप्रलापः सुवचन–

सुन्दर वचनके नाम २॥ सुप्रलाप १ सुवचन २ ॥

मपलापस्तु निह्नवः ॥

मुकरजानेके नाम २ ॥ अपलाप १ निह्नव २ ॥

संदेशवाग्वाचिकं स्या–

संदेशके नाम २ ॥ सन्देशवाच् १ वाचिक २ ॥

–द्वाग्भेदास्तु त्रिषूत्तरे ॥१७॥

रुशती शब्दसे लेकर सम्यक् शब्द-पर्यंत जो शब्द हैं वे तीनों लिंगोंमे होतेहै ॥१७॥

रुशती वागकल्याणी–

अमंगलवाक्यका नाम १॥रुशती १॥

–स्यात्कल्या तु शुभात्मिका ॥

शुभवाणीका नाम १॥ कल्या १॥

अत्यर्थमधुरं सान्त्वं–

अतिमिष्ट वचनका नाम १॥ सान्त्व १॥

–संगतं हृदयंगमम् ॥ १८॥

सम्बद्ध अर्थात् योग्य वचनके नाम २॥संगत १ हृदयगम२ ॥१८॥

निष्ठुरं परुष–

कठोरवचनकेंनाम२॥ निष्ठुर१परुष२

ग्राम्यमश्लीलं–

भाँडआदिके वचनोंके नाम २॥ ग्राम्य १ अश्लील २॥

–सूनृतं प्रिये ॥

सत्ये–

प्रिय और सत्यवचनका नाम १॥ सूनृत १॥

–ऽथ संकुलक्लिष्टे परस्परपराहते १९

पूर्वापर विरुद्ध वचनके नाम३॥संकुल १ क्लिष्ट २ परस्परपराहत ३॥ १९॥

लुप्तवर्णपदं ग्रस्तं–

अधकहे वचनके नाम२॥ लुप्तवर्णपद १ ग्रस्त २॥

–निरस्तं त्वरितोदितम् ॥

जलदी कहे हुए शब्दके नाम २॥ निरस्त १ त्वरितोदित २॥

अम्बूकृतं सनिष्ठीव–

थूकसहित बोलनेके नाम २॥अम्बूकृत १ सनिष्ठीव २॥

–मबद्धं स्यादनर्थकम् ॥२०॥

अर्थन्यूनवचनके नाम २॥ अबद्ध १ अनर्थक २॥ २०॥

अनक्षरमवाच्यं स्या–

अकथनयोग्य निन्दायुक्त वचनके नाम २॥ अनक्षर १ अवाच्य २॥

दाहतं तु मृषार्थकम् ॥

झुठाईका नाम १॥ आहत १॥

" सोल्लुण्ठनं तु सोत्प्रासं–

हास्यसहितवचनके नाम २॥ सोल्लुण्ठन १ सोत्प्रास २॥

–मणितं रतिकूजितम् "

मैथुनके शब्दके नाम २॥ मणित १ रतिकूजित २॥

अथ म्लिष्टमविस्पष्टं–

अप्रतीकके नाम २॥म्लिष्ट१ अविस्पष्ट २॥

–वितथं त्वनृतं वचः ॥ २१॥

झूठके नाम २॥वितथ१अनृत २॥२१॥

सत्यं तथ्यमृतं सम्य–

सत्यके नाम ४ ॥ सत्य १ तथ्य २ ऋत ३ सम्यच् ४ ॥

-गमूनि त्रिषु तद्वति ॥

सत्य आदि शब्द द्रव्यवाचक हों तो तीनों लिंगोंमें होतेहैं ॥

शब्दे निनादनिनदध्वनिध्वानरवस्वनाः ॥ २२ ॥ स्वाननिर्घोषनिर्ह्रादनादनिस्वाननिस्वनाः ॥ आरवारावसंरावविरावा-

शब्दके नाम १७ ॥ शब्द १ निनाद २ निनद ३ ध्वनि ४ ध्वान ५ रव ६ स्वन ७ ॥ २२ ॥ स्वान ८ निर्घोष ९ निर्ह्राद १० नाद ११ निःस्वान १२ निःस्वन १३ आरव १४ आराव १५ संराव १६ विराव १७ ॥

-अथ मर्मरः ॥ २३ ॥ स्वनिते वस्त्रपर्णानां-

वस्त्र और पत्तोंके शब्दका नाम १ ॥ मर्मर १ ॥ २३ ॥

-भूषणानां च शिञ्जितम् ॥

गहनेके खनखनाहटका नाम १ ॥ शिञ्जित १ ॥

निक्वाणो निक्वणः क्वाणः क्वणः क्वणनमित्यपि ॥ २४ ॥

वीणादि शब्दोंके नाम ५ ॥ निक्वाण १ निक्वण २ क्वाण ३ क्वण ४ क्वणन ५ ॥ २४ ॥

वीणायाः क्वणिते प्रादेः प्रक्वाणप्रक्वणादयः ॥

केवल वीणाके बाजोंके नाम ३ ॥ प्रक्वाण १ प्रक्वण २ उपक्वणन आदि ३ ॥

कोलाहलः कलकल-

कोलाहलके नाम २ ॥ कोलाहल १ कलकल २ ॥

-स्तिरश्चां वाशितं रुतम् ॥ २५ ॥

पक्षियोंके शब्दके नाम २ ॥ वाशित १ रुत २ ॥ २५ ॥

स्त्री प्रतिश्रुत्प्रतिध्वाने-

आवाजकी आवाज अर्थात् गूँजनेके नाम २ ॥ प्रतिश्रुत् १ प्रतिध्वान २ ॥

-गीतं गानमिमे समे ॥

गानेके नाम २ ॥ गीत १ गान २ ॥

इति शब्दादिवर्गः ॥ ६ ॥

अथ नाट्यवर्गः ७.

निषादर्षभगान्धारषड्जमध्य-

१ षड्जं रौति मयूरस्तु गावो नर्दन्ति चर्षभम् । अजाविकौ च गान्धारं क्रौञ्चो नदति मध्यमम् ॥ १ ॥ पुष्पसाधारणे काले कोकिलो रौति पञ्चमम् । अश्वस्तु धैवतं रौति निषादं रौति कुञ्जरः ॥ २ ॥ भाषा-मोर षड्ज शब्दको बोलता है । बैल ऋषभ शब्दको बोलता है । भेड बकरी गान्धार स्वरको बोलते हैं । क्रौञ्च पक्षी मध्यम स्वरको बोलताहै । घोडा धैवत स्वरको बोलताहै । कोकिल वसन्त कालमें पञ्चम स्वरको बोलता है । हस्ती निषाद स्वरको बोलताहै।

मधैवताः ॥ पञ्चमश्चेत्यमी सप्ततन्त्रीकण्ठोत्थिताः स्वराः ॥ १ ॥

वीणासे वा कंठसे उत्पन्न होनेवाले स्वरोके नाम ७ ॥ निपाद १ ऋषभ२ गान्धार ३ षड्ज ४ मध्यम५ धैवत ६ पञ्चम ७ ॥ १ ॥

काकली तु कले सूक्ष्मे-

सूक्ष्मशब्दका नाम १ ॥ काकली १॥

-ध्वनौ तु मधुरास्फुटे ॥

कलो-

मीठी और अस्फुट आवाजका नाम १ ॥ कल १ ॥

-मन्द्रस्तु गम्भीरे-

गभीर शब्दका नाम १ ॥ मन्द्र १ ॥

-तारोऽत्युच्चै-

अत्युच्च शब्दका नाम १॥ तार १ ॥

-स्त्रयस्त्रिषु ॥ २ ॥

कल आदि तीन शब्द तीनों लिगोंमें होतेहै ॥ २ ॥

समन्वितलयस्त्वेकतालो-

वाद्यगानादिके एकसंग तालस्वरका नाम १॥ एकताल १ ॥

-वीणा तु वल्लकी ॥

विपञ्ची-

वीणाके नाम ३ ॥ वीणा १ वल्लकी २ विपञ्ची ३ ॥

-सा तु तन्त्रीभिः सप्तभिः परिवादिनी ॥ ३ ॥

सात तारोंसे बोलनेवाली वीणाका नाम १ ॥ परिवादिनी १ ॥ ३ ॥

ततं वीणादिकं वाद्य-

वीणादिक वाजेका नाम १॥तत१॥

-मानद्धं मुरजादिकम् ॥

मृदगआदि वाजेका नाम१॥आनद्ध१॥

वंशादिकं तु सुषिरं-

वंशीआदिवाजेका नाम १॥सुषिर१॥

-कांस्यतालादिकं घनम् ॥ ४ ॥

झांझ मंजीरा आदि वाजेका नाम १ ॥ घन १ ॥ ४ ॥

चतुर्विधमिदं वाद्यं वादित्रातोद्यनामकम् ॥

तत आदि चारो बाजोंका इकट्ठा नाम३॥वाद्य१ वादित्र २ आतोद्य३॥

मृदङ्गा मुरजा-

मृदंगके नाम २॥ मृदंग १मुरज२ ॥

-भेदास्त्वङ्क्यालिङ्ग्योर्ध्वकास्त्रयः ॥ ५ ॥

मृदगके भेद ३ ॥ अङ्क्य १ आलिङ्ग्य २ ऊर्ध्वक ३ ॥ ५ ॥

स्याद्यशःपटहो ढक्का-

नगाडेके नाम २ ॥ यशःपटह १ ढक्का २ ॥

—भेर्यामानकदुन्दुभी ॥

धौंसानफीरि आदिके नाम ३ ॥

भेरी १ आनक २ दुन्दुभि ३ ॥

आनकः पटहोऽस्त्री स्या—

ढोलके नाम २॥ आनक १ पटह २॥

—त्कोणो वीणादिवादनम् ॥ ६ ॥

जिससे वीणादि बजातेहैं उस नक्खी आदिका नाम १ ॥ कोण १ ॥ ६ ॥

वीणादण्डः प्रवालः स्या—

वीणाकी डंडीका नाम १॥ प्रवाल १॥

—त्ककुभस्तु प्रसेवकः ॥

वीणाके नीचे जो गोल गोल चर्म से मढाहुआ होताहै उसके नाम २ ॥ ककुभ १ प्रसेवक २ ॥

कोलम्बकस्तु कायोऽस्या—

वीणाके सर्वांगका नाम १॥ कोलम्बक १॥

उपनाहो निबन्धनम् ॥ ७ ॥

वीणामें जहां तार बांधे जातेहै उसके नाम २ ॥ उपनाह १ निबन्धन २॥७॥

वाद्यप्रभेदा डमरुमड्डुडिण्डिमझर्झराः ॥ मर्दलः पणवोऽन्ये च

डमुरुका नाम १ ॥ डमरु १॥ वडे डमरुका नाम १॥ मड्डु १ ॥ डिण्डिमका नाम १॥ डिंडिम १ ॥ झांझका नाम १ ॥ झर्झर १ ॥ तथा मर्दल पणव आदि और भी बाजे हैं १ ॥

—नर्तकीलासिके समे ॥ ८ ॥

नाचनेवालीके नाम २ ॥ नर्तकी १ लासिका २ ॥ ८ ॥

विलम्बितं द्रुतं मध्यं तत्त्वमोघो घनं क्रमात् ॥

धीरे धीरे नाचका नाम १ ॥ तत्त्व १ ॥ शीघ्र नाचका नाम १ ॥ ओघ १ ॥ मध्यम नाचका नाम १॥ घन १॥

तालः कालक्रियामानं—

समय और क्रियाके प्रमाणका नाम १ ॥ ताल १ ॥

—लयः साम्य—

बाजा और नाचका एक संग ताल छूटनेका नाम १ ॥ लय १ ॥

—मथास्त्रियाम् ॥ ९ ॥

भाषा—इससे आगे कहे ये शब्द स्त्रीलिंग वाची नहीं अर्थात् पुँलिग नपुंसक लिंग वाची होते हैं ॥ ९॥

ताण्डवं नटनं नाट्यं लास्यं नृत्यं च नर्तने ॥

नाचके नाम ६ ॥ तांडव १ नटन २ नाट्य ३ लास्य ४ नृत्य ५ नर्त्तन ६॥

तौर्यत्रिकं नृत्यगीतवाद्यं नाट्यमिदं त्रयम् ॥ १० ॥

नाच गीत बाजा इन तीनके इकट्ठे नाम२॥ तौर्यत्रिक १ नाट्य २ ॥१०॥

भ्रकुंसश्च भ्रुकुंसश्च भ्रूकुंसश्चेति नर्त्तकः ॥ स्त्रीवेषधारी पुरुषो–

स्त्रीवेषधारी नाचनेवाले पुरुषकेनाम३॥ भ्रकुंस १ भ्रुकुंस २ भ्रूकुंस ३ ॥

नाट्योक्तौ गणिकाज्जुका ११

केवल नाटकमें नाचने गानेवाली वेश्याका नाम १॥ अज्जुका १॥११॥

भगिनीपतिरावुत्तो–

बहनोईका नाम१ ॥ आवुत्त १ ॥

–भावो विद्वा–

विद्वान्‌का नाम १ ॥ भाव १ ॥

नथावुकः ॥

जनको–

पिताका नाम १ ॥ आवुक १ ॥

युवराजस्तु कुमारो भर्तृदारकः ॥ १२ ॥

युवराजके नाम २ ॥ कुमार१ भर्तृदारक २ ॥ १२ ॥

राजा भट्टारको देव–

राजाके नाम २ ॥भट्टारक१ देव२॥

–स्तत्सुता भर्तृदारिका ॥

राजकन्याका नाम१॥भर्तृदारिका१॥

देवी कृताभिषेकाया–

अभिषेक की हुई रानीका नाम१॥ देवी १ ॥

–मितरासु तु भट्टिनी ॥ १३ ॥

अन्य राजस्त्रियोंका नाम १ ॥ भट्टिनी १ ॥ १३ ॥

अब्रह्मण्यमवध्योक्तौ–

अवध्य वचनका नाम १ ॥ अब्रह्मण्य १ ॥

–राजश्यालस्तु राष्ट्रियः ॥

राजाके शालेका नाम१॥राष्ट्रिय१ ॥

अम्बा माता–

माताके नाम २ ॥अम्बा१ मातृ२ ॥

–ऽथ बाला स्याद्वासू–

कुमारीके नाम २ ॥ बाला १ वासू२॥

रार्यस्तु मारिषः ॥ १४ ॥

श्रेष्ठके नाम२॥ आर्य१मारिष२॥१४॥

अत्तिका भगिनी ज्येष्ठा–

जेठी बहनका नाम१॥अत्तिका१ ॥

–निष्ठानिर्वहणे समे ॥

नाटककी सन्धियोंके नाम२॥ निष्ठा१ निर्वहण २ ॥

हण्डे हञ्जे हलाह्वाने नीचां चेटीं सखीं प्रति ॥ १५ ॥

नीचस्त्रीके पुकारनेमे हण्डे १ ॥ चेटीके पुकारनेमे हञ्जे १ ॥ सखीके पुकारनेमें हला १ ॥ १५ ॥

अंगहारोंगविक्षेपो–

लचकनेके नाम २ ॥ अंगहार १ अंगविक्षेप २ ॥

--व्यञ्जकाभिनयौ समौ ॥

भाव बतानेके नाम २ ॥ व्यञ्जक १ अभिनय २ ॥

निर्वृत्ते त्वङ्गसत्त्वाभ्यां द्वे त्रिष्वाङ्गिकसात्त्विके ॥ १६ ॥

भौंह मटकानेका नाम १॥ आंगिक १ ॥ अन्तःकरणके भावका नाम १ ॥ सात्त्विक १ ॥ १६ ॥

शृङ्गारवीरकरुणाद्भुतहास्यभयानकाः॥बीभत्सरौद्रौ च रसाः--

दश रसोंके नाम १० ॥ शृंगार १ वीर २ करुण ३ अद्भुत ४ हास्य ५ भयानक ६ बीभत्स ७ रौद्र ८ (शांति ९ वात्सल्य १०)

--शृङ्गारः शुचिरुज्ज्वलः॥ १७॥

शृङ्गारके नाम ३ ॥ शृङ्गार १ शुचि २ उज्ज्वल ३॥ १७ ॥

उत्साहवर्धनो वीरः--

वीररसके नाम २ ॥ उत्साहवर्धन १ वीर २ ॥

--कारुण्यं करुणा घृणा ॥

कृपादयानुकम्पा स्यादनुक्रोशो-

करुणा रसके नाम ७ ॥ कारुण्य १ करुणा २ घृणा ३ कृपा ४ दया ५ अनुकम्पा ६ अनुक्रोश ७ ॥

--ऽप्यथो हसः ॥ १८ ॥

हासो हास्यं च--.

हास्य२ रसके नाम३॥हस१॥१८॥ हास हास्य ३ ॥

--बीभत्सं विकृतं त्रिष्विदं द्वयम्॥

बीभत्स रसके नाम २॥ बीभत्स १ विकृत २ ॥

विस्मयोऽद्भुतमाश्चर्यं चित्र--

अद्भुतरसके नाम ४ ॥ अद्भुत १ आश्चर्य २ विस्मय ३ चित्र ४ ॥

--मप्यथ भैरवम् ॥ १९ ॥

दारुणं भीषणं भीष्मं घोरं भीमं भयानकम् ॥ भयंकरं प्रतिभयं--

भयानकरसके नाम ९ ॥ भैरव१ ॥ ॥ १९ ॥ दारुण २ भीषण ३ भीष्म ४ घोर ५ भीम ६ भयानक ७ भयंकर ८ प्रतिभय ९ ॥

रौद्रं तूग्र--

रौद्ररसके नाम २॥ रौद्र १ उग्र २॥

--ममी त्रिषु ॥ २० ॥

चतुर्दश--

अद्भुतादि चौदह शब्द द्रव्यवाचक हों तो विशेष्यनिघ्नलिंग जानना॥२०॥

--दरस्त्रासो भीतिर्भीः साध्वसं भयम् ॥

भयके नाम ६ ॥ दर १ त्रास २ भीति ३ भी ४ साध्वस ५ भय ६ ॥

विकारो मानसो भावो-

मनके विकारका नाम १॥ भाव१ ॥

-ऽनुभावो भावबोधकः ॥ २१ ॥

भावप्रकाशकका नाम १ ॥ अनुभाव १ ॥ २१ ॥

गर्वोऽभिमानोऽहंकारो-

अहकारके नाम १ ॥ गर्व १ अभिमान २ अहकार ३ ॥

-मानश्चित्तसमुन्नतिः ॥

वडप्पनका नाम १ ॥ मान १॥

अनादरः परिभवः परीभावस्तिरस्क्रिया ॥ २२ ॥ रीढावमाननावज्ञावहेलनमसूर्क्षणम् ॥

निरादरके नाम ९॥ अनादर १ परिभव २ परीभाव ३ तिरस्क्रिया ४ ॥ ॥२२ ॥ रीढा ५ अवमानना ६ अवज्ञा ७ अवहेलन ८ असूर्क्षण ९॥

मन्दाक्षं ह्रीस्त्रपा व्रीडा लज्जा-

लज्जाके नाम ५॥ मन्दाक्ष १ ह्री२ त्रपा ३ व्रीडा ४ लज्जा ५ ॥

-सापत्रपान्यतः ॥ २३ ॥

दूसरेसे लजानेके नाम १ ॥ अपत्रपा १ ॥ २३ ॥

क्षान्तिस्तितिक्षा-

क्षमाके नाम २॥क्षान्ति १तितिक्षा२॥

-ऽभिध्यातुपरस्यविषयेस्पृहा ॥

परधनलेनेकी इच्छाका नाम १ ॥ अभिध्या १ ॥

अक्षान्तिरीर्ष्या-

ईर्ष्याका नाम २॥अक्षान्ति१ईर्ष्या२॥

-ऽसूया तु दोषारोपो गुणेष्वपि ॥ २४ ॥

पराये गुणोका दोष प्रसिद्ध करनेका का नाम १ ॥ असूया १ ॥ २४ ॥

वैरं विरोधो विद्वेषो-

वैरके नाम ३ ॥ वैर १ विरोध २ विद्वेष ३ ॥

मन्युशोकौ तु शुक् स्त्रियाम् ॥

शोकके नाम ३ ॥ मन्यु १ शोक २ शुच् ३ ॥

पश्चात्तापोऽनुतापश्च विप्रतीसार इत्यपि ॥ २५ ॥

पछितानेके नाम ३ ॥ पश्चात्ताप१ अनुताप २ विप्रतीसार ३ ॥ २५ ॥

कोपक्रोधामर्षरोषप्रतिघा रुट्क्रुधौ स्त्रियौ ॥

क्रोधके नाम ७॥कोप १ क्रोध २ अमर्ष३रोष४प्रतिघा५रुप् ६ क्रुध् ७ ॥

शुचौ तु चरिते शील-

शुद्ध आचरणका नाम१॥शील१॥

-मुन्मादश्चित्तविभ्रमः ॥२६॥

सिरडीपनके नाम २ ॥ उन्माद, १ चित्तविभ्रम २ ॥ २६ ॥

प्रेमा ना प्रियता हार्द प्रेम स्नेहो-

प्रेमके नाम ५ ॥ प्रेमन् १ प्रियता २ हार्द ३ प्रेमन् ४ स्नेह ५ ॥

-ऽथ दोहदम् ॥

इच्छा कांक्षा स्पृहेहा तृड्वाञ्छा लिप्सा मनोरथः ॥ २७ ॥

कामोऽभिलाषस्तर्षश्च-

इच्छाके नाम १२ ॥ दोहद१इच्छा २ कांक्षा ३ स्पृहा ४ ईहा ५ तृष् ६ वाञ्छा ७ लिप्सा ८ मनोरथ९॥२७॥ काम १० अभिलाष ११ तर्ष १२ ॥

-सोऽत्यर्थं लालसा द्वयोः ॥

बडी इच्छाका नाम१॥ लालसा१॥

उपाधिर्ना धर्मचिन्ता-

धर्मचिन्ताके नाम २ ॥ उपाधि १ धर्मचिन्ता २ ॥

पुंस्याधिर्मानसी व्यथा ॥ २८ ॥

मनकी पीडाके नाम २॥ आधि २ मानसीव्यथा २ ॥ २८ ॥

स्याच्चिन्तास्मृतिराध्यान-

स्मरणके नाम ३॥ चिंता१ स्मृति२ आध्यान ३ ॥

-मुत्कण्ठोत्कलिके समे ॥

कामादिसे उत्पन्न स्मृतिके नाम२॥ उत्कण्ठा १ उत्कलिका २ ॥

उत्साहोऽध्यवसायः स्या-

उत्साहके नाम २ ॥ उत्साह १अ-ध्यवसाय २ ॥

-त्स वीर्यमतिशक्तिभाक् ॥ २९ ॥

असाध्यसाधनमें उत्साहका नाम१॥ वीर्य १ ॥ २९॥

कपटोऽस्त्री व्याजदंभोपधयश्छद्मकैतवे ॥ कुसृतिर्निकृतिः शाठ्यं-

कपटके नाम ९ ॥ कपट १ व्याज २ दम्भ ३ उपधि ४ छद्मन् ५ कैतव ६ कुसृति ७ निकृति ८ शाठ्य ९ ॥

-प्रमादोऽनवधानता ॥ ३० ॥

असावधानताके नाम २ ॥ प्रमाद१ अनवधानता २ ॥ ३० ॥

कौतूहलं कौतुकं च कुतुकं च कुतूहलम् ॥

तमासेके नाम ४ ॥ कौतूहल १ कौतुक २ कुतुक ३ कुतूहल ४ ॥

स्त्रीणां विलासविब्वोकविभ्रमा ललितं तथा ॥ ३१ ॥ हेलालीले त्यमी हावाः क्रियाः श्रृङ्गारभावजाः ॥

श्रृङ्गार और भावसे उत्पन्नहोनेवाले स्त्रियोके विलासके नाम ६ ॥ विलास १ विब्वोक २ विभ्रम ३ ललित ४ ॥ ३१ ॥ हेला ५ लीला ६ ॥

द्रवकेलिपरीहासाः क्रीडा खेला च नर्म च ॥ ३२ ॥

हँसीकरनेके नाम ६ ॥ द्रव १ केलि २ परीहास ३ क्रीडा ४ खेला ५ नर्मन् ६ ॥ ३२ ॥

व्याजोऽपदेशो लक्ष्यं च–

बहाना करनेके नाम ३ ॥ व्याज १ अपदेश २ लक्ष्य ३ ॥

–क्रीडा खेला च कूर्दनम् ॥

बालकोंके खेलके नाम ३ ॥ क्रीडा १ खेला २ कूर्दन ३ ॥

घर्मो निदाघः स्वेदः स्या–

गर्मीके नाम ३ ॥ घर्म १ निदाघ २ स्वेद ३ ॥

–त्प्रलयो नष्टचेष्टता ॥ ३३ ॥

बेहोशीके नाम २ ॥ प्रलय १ नष्टचेष्टता २ ॥ ३३ ॥

अवहित्थाकारगुप्तिः–

शोकमें सूरत छिपानेके नाम २ ॥ अवहित्था १ आकारगुप्ति २ ॥

–समौ संवेगसंभ्रमौ ॥

हर्ष आदिके कारण शीघ्र कार्य करनेके नाम २ ॥ संवेग १ संभ्रम २ ॥

स्यादाच्छुरितकं हासः सोत्प्रासः–

किसीको खिजानेके लिये हँसीकरनेका नाम १ ॥ आच्छुरितक १ ॥

–स मनाक् स्मितम् ॥ ३४ ॥

मुस्कुरानेका नाम १ ॥ स्मित १ ॥ ३४ ॥

मध्यमः स्याद्विहसितं–

मध्यम हास्यका नाम ॥ १ विहसित १ ॥

रोमाञ्चो रोमहर्षणम् ॥

रोमोंके खडेहोनेके नाम २ ॥ रोमाञ्च १ रोमहर्षण २ ॥

क्रन्दितं रुदितं क्रुष्टं–

रोनेके नाम ३ ॥ क्रन्दित १ रुदित २ क्रुष्ट ३ ॥

–जृम्भस्तु त्रिषु जृम्भणम् ॥ ३५ ॥

जम्भाई लेनेके नाम २ ॥ जृम्भ १ जृम्भण २ ॥ ३५ ॥

विप्रलम्भो विसंवादो–

स्वीकार करके कार्यको न करनेके नाम २ ॥ विप्रलम्भ १ विसंवाद २ ॥

–रिङ्गणं स्खलनं समे ॥

धर्मसे चलायमान होनेके अथवा बालकोंके घुटु ओंसे चलनेके नाम२ ॥ रिङ्गण १ स्खलन २ ॥

स्यान्निद्रा शयनं स्वापः स्वप्नः संवेश इत्यपि ॥ ३६ ॥

शयन करनेके नाम ५ ॥ निद्रा १ शयन२स्वाप३स्वप्न४संवेश५॥ ३६ ॥

तन्द्री प्रमीला–

ऊंघनेके नाम२॥तन्द्री १ प्रमीला२॥

भ्रकुटिर्भ्रुकुटिर्भ्रूकुटिःस्त्रियाम् ॥

क्रोधसहित भौंह चढानेके नाम. ३॥ भ्रकुटि १ भ्रुकुटि २ भ्रूकुटि ३ ॥

अदृष्टिः स्यादसौम्येक्षिणे–

क्रूरदृष्टिका नाम १ ॥ अदृष्टि १॥

–संसिद्धिप्रकृती त्विमे ॥ ३७ ॥ स्वरूपं च स्वभावश्च निसर्गश्चा-

स्वभावके नाम५॥संसिद्धि१प्रकृति२ ॥ ३७ ॥ स्वरूप ३ स्वभाव४ निसर्ग५॥

–ऽथ वेपथुः ॥

–कम्पो–

कांपनेके नाम २॥ वेपथु१ कम्प२॥

–ऽथ क्षण उद्धर्षो मह उद्धव उत्सवः ॥ ३८ ॥

उत्सवके नाम ५ ॥ क्षण १उद्धर्ष२ मह ३ उद्धव ४ उत्सव ५ ॥ ३८ ॥

इति नाट्यवर्गः ॥ ७ ॥

अथ पातालभोगिवर्गः ८.

अधोभुवनपातालं बलिसद्म रसातलम् ॥ नागलोको–

पातालके नाम ५॥अधोभुवन१ पाताल२बलिसद्मन्३रसातल४नागलोक५॥

–ऽथ कुहरं सुषिरं विवरं बिलम् ॥ १ ॥ छिद्रं निर्व्यथनं रोकं रन्ध्रं श्वभ्रं वपा शुषिः ॥

छिद्रके नाम ११ ॥ कुहर १सुषिर२ विवर३ बिल ४॥ १॥ छिद्र५निर्व्यथन ६ रोक७रन्ध्र८श्वभ्र९वपा१०शुषि ११ ॥

गर्तावटौ भुवि श्वभ्रे–

पृथ्वीके गढहेके नाम २ ॥ गर्त १ अवट २ ॥

–सरन्ध्रे सुषिरं त्रिषु ॥ २ ॥

छेदयुक्त वस्तुका नाम १ ॥ सुषिर १ ॥ २ ॥

अन्धकारोऽस्त्रियां ध्वान्तं तमिस्रं तिमिरं तमः ॥

अन्धकारके नाम ५ ॥ अंधकार१ ध्वान्त २ तमिस्र ३ तिमिर४तमस्५॥

ध्वान्ते गाढेऽन्धतमसं–

अत्यन्त अंधकारका नाम१ ॥अंधतमस १ ॥

–क्षीणेऽवतमसं–

थोडी अन्धियारीका नाम १ ॥ अवतमस १

—तमः ॥ ३ ॥

विष्वक्संतमसं—

सब ओर फैले हुए अंधकारका नाम १ ॥ सन्तमस १ ॥ ३ ॥

—नागाः काद्रवेया—

फन और पूंछवाले मनुष्याकार सर्पोंके नाम २ ॥ नाग १ काद्रवेय२॥

स्तदीश्वरः ॥ शेषोऽनन्तो—

शेषनागके नाम २॥ शेष १अनन्त२॥

—वासुकिस्तु सर्पराजो—

सर्पराजके नाम २ ॥ वासुकि १ सर्पराज २ ॥

ऽथ गोनसे ॥ ४ ॥

तिलित्सः स्या—

गौकी समान नासिकावाले सर्पके नाम २ ॥ गोनस १ ॥ ४ ॥ तिलित्स २ ॥

—दजगरे शयुर्वाहस इत्युभौ ॥

अजगरके नाम ३ ॥ अजगर १ शयु २ वाहस ३ ॥

अलगर्दो जलव्यालः—

पानीके सर्पके नाम २ ॥ अलगर्द १ जलव्याल २ ॥

समौ राजिलडुण्डुभौ ॥ ५ ॥

द्विमुही सर्पके नाम २ ॥ राजिल १ डुण्डुभ २ ॥ ५ ॥

मालुधानो मातुलाहि—

चीतेसर्पके नाम २ ॥ मालुधान १ मातुलाहि २ ॥

र्निर्मुक्तो मुक्तकंचुकः ॥

केंचुलीके छोडेहुए सब सर्पोंके नाम २॥ निर्मुक्त १ मुक्तकंचुक २

सर्पः पृदाकुर्भुजगो भुजङ्गोऽहिर्भुजंगमः ॥ ६ ॥ आशीविषो विषधरश्चक्री व्यालः सरीसृपः ॥ कुण्डली गूढपाच्चक्षुःश्रवाः काकोदरः फणी ॥ ७ ॥ दर्वीकरो दीर्घपृष्ठो दन्दशूको विलेशयः ॥ उरगः पन्नगो भोगी जिह्मगः पवनाशनः ॥ ८ ॥

सर्पके नाम २५॥ सर्प १ पृदाकु२ भुजग ३ भुजग ४ अहि ५ भुजगम ६ ॥ आशीविष ७ विषधर ८ चक्रिन् ९ व्याल १० सरीसृप ११ कुंडलिन् १२ गूढपाद् १३ चक्षुःश्रवस् १४ काकोदर १५ फणिन् १६ ॥ ७ ॥ दर्वीकर १७ दीर्घपृष्ठ १८ दन्दशूक १९ विलेशय २० उरग २१ पन्नग २२ भोगिन् २३ जिह्मग २४ पवनाशन २५॥८॥

त्रिष्वाहेयं विषास्थ्यादि-

सर्पके विष और हड्डी आदिका नाम १ ॥ आहेय १ ॥

स्फटायां तु फणा द्वयोः ॥

सर्पके फनके नाम २ ॥ स्फटा १ फणा २ ॥

समौ कंचुकनिर्मोकौ-

केंचुलीके नाम २ ॥ कंचुक १ निर्मोक २ ॥

क्ष्वेडस्तु गरलं विषम् ॥ ९ ॥

विषके नाम ३ ॥ क्ष्वेड १ गरल २ विष ३ ॥ ९ ॥

पुंसि क्लीबे च काकोलकालकूटहलाहलाः ॥ सौराष्ट्रिकः शौक्लिकेयो ब्रह्मपुत्रः प्रदीपनः ॥ १० ॥ दारदो वत्सनाभश्च विषभेदा अमी नव ॥

विषभेद ९ ॥ काकोल १ कालकूट २ हलाहल ३ सौराष्ट्रिक ४ शौक्लिकेय ५ ब्रह्मपुत्र ६ प्रदीपन ७ ॥ १० ॥ दारद ८ वत्सनाभ ९ ॥

विषवैद्यो जाङ्गुलिको-

सर्पके विषको दूरकरनेकी विद्याजाननेवालेके नाम २ ॥ विषवैद्य १ जांगुलिक ॥ २ ॥

-व्यालग्राह्यहितुण्डिकः ॥ ११ ॥

सर्प पकडनेवालेके नाम २ ॥ व्यालग्राहिन् १ अहितुण्डिक २ ॥ ११ ॥

इति पातालभोगिवर्गः ॥ ८ ॥

अथ नरकवर्गः ९.

स्यान्नारकस्तु नरको निरयो दुर्गतिः स्त्रियाम् ॥

नरकके नाम ४ ॥ नारक १ नरक २ निरय ३ दुर्गति ४ ॥

तद्भेदास्तपनावीचिमहारौरवरौरवाः ॥ १ ॥ संहारः कालसूत्रं चेत्याद्याः-

नरकोंकी जातिके भेद ॥ तपन १ अवीचि २ महारौरव ३ रौरव ४ ॥ १ ॥ संहार ५ कालसूत्र ६ आदि ॥

-सत्त्वास्तु नारकाः ॥ प्रेता-

नरकनिवासियोंके नाम २ नारक १ प्रेत २ ॥

-वैतरणी सिंधुः-

प्रेतोंकी नदीका नाम १ ॥ वैतरणी १ ॥

-स्यादलक्ष्मीस्तु निर्ऋतिः ॥ २ ॥

नरककी अशोभाका नाम २ ॥ अलक्ष्मी १ निर्ऋति २ ॥ २ ॥

विष्टिराजूः-

नरकमें जबरदस्ती ढकेलनेके नाम २ ॥ त्रिष्टि १ आजू २ ॥

–कारणा तु यातना तीव्रवेदना॥

नरककी पीडाके नाम ३ ॥ कारणा १ यातना २ तीव्रवेदना ३ ॥

पीडाबाधाव्यथादुःखमामनस्यं प्रसूतिजम् ॥ ३ ॥ स्यात्कष्टं कृच्छ्रमाभीलं–

पीडाके नाम ९ ॥ पीडा १ बाधा २ व्यथा ३ दुःख ४ आमनस्य ५ प्रसूतिज ६ ॥ ३ ॥ कष्ट ७ कृच्छ्र ८ आभील ९ ॥

–त्रिष्वेषां भेद्यगामि यत्॥४॥

इन शब्दोंमें जो द्रव्यवाचक हो वह तीनों लिंगोंमें होते हैं ॥ ४ ॥

इति नरकवर्गः ॥ ९ ॥

अथ वारिवर्गः १०.

समुद्रोऽब्धिरकूपारः पारावारः सरित्पतिः ॥ उदन्वानुदधिः सिन्धुः सरस्वान्सागरोऽर्णवः॥१॥ रत्नाकरो जलनिधिर्यादःपतिरपांपतिः ॥

समुद्रके नाम १५ ॥ समुद्र १ अब्धि २ अकूपार ३ पारावार४ सरित्पति ५ उदन्वत् ६ उदधि ७ सिन्धु ८ सरस्वत् ९ सागर १० अर्णव ११॥१॥ रत्नाकर १२ जलनिधि १३ यादःपति १४ अपाम्पति १५ ॥

तस्य प्रभेदाः-क्षीरोदो लवणोदस्तथापरे ॥ २ ॥

समुद्रके भेद ७ ॥ क्षीरोद १ लवणोद २ (इक्षुरसोद ३सुरोद४दधिमण्डोद ५ स्वादूद ६ घृतोद ७)॥२॥

आपः स्त्री भूम्नि वार्वारि सलिलं कमलं जलम् ॥ पयः कीलालममृतं जीवनं भुवनं वनम् ॥ ३ ॥ कबन्धमुदकं पाथः पुष्करं सर्वतोमुखम् ॥ अम्भोऽर्णस्तोयपानीयनीरक्षीराम्बु शम्बरम् ॥ ४ ॥ मेघपुष्पं घनरस–

जलके नाम २७ ॥ अप् १ वार २ वारि ३ सलिल ४ कमल ५ जल ६ पयस ७ कीलाल ८ अमृत ९ जीवन १० भुवन ११ वन १२ ॥ ॥३ ॥ कबन्ध १३ उदक १४ पाथस् १५ पुष्कर १६ सर्वतोमुख १७ अम्भस् १८ अर्णस् १९ तोय २० पानीय २१ नीर २२ क्षीर २३ अम्बु २४ शम्बर २५ ॥ ४ ॥ मेघपुष्प २६ घनरस २७ ॥

–स्त्रिषु द्वे आप्यमम्मयम् ॥

जलविकारके नाम २ ॥ आप्य १ अम्मय २ ॥

भङ्गस्तरङ्ग ऊर्मिर्वा स्त्रियां वीचि-

जलकी तरंगके नाम ४ ॥ भंग १ तरग २ ऊर्मि ३ वीचि ४ ॥

-रथोर्मिषु ॥ ५ ॥

महत्सूल्लोलकल्लोलौ-

बडीतरंगके नाम २ ॥ ५ ॥ उल्लोल १ कल्लोल २ ॥

-स्यादावर्त्तोऽम्भसां भ्रमः ॥

जलके भमरका नाम १ ॥ आवर्त्त १ ॥

पृषन्ति बिन्दुपृषताः पुमांसो-विप्रुषः स्त्रियाम् ॥ ६ ॥

बिन्दुओंके नाम ४ ॥ पृषत् १ विन्दु २ पृषत् ३ विप्रुष ४ ॥ ६ ॥

चक्राणि पुटभेदाः स्यु-

भमरपडकर जलके नीचेको जानेके नाम २ ॥ चक्र १ पुटभेद २ ॥

-र्भ्रमाश्च जलनिर्गमाः ॥

जलके निकलनेके जालके नाम २ ॥ भ्रम १ जलनिर्गम २ ॥

कूलं रोधश्च तीरं च प्रतीरं च तटं त्रिषु ॥ ७ ॥

नदीके किनारेके नाम ५ ॥ कूल १ रोधस् २ तीर ३ प्रतीर ४ तट ५ ॥ ७ ॥

पारावारे परार्वाची तीरे-

उस पारका नाम १ ॥ पार १ ॥ इस पारका नाम १ ॥ अवार १ ॥

-पात्रं तदन्तरम् ॥

नदीके पाटका नाम १ ॥ पात्र १ ॥

द्वीपोऽस्त्रियामन्तरीपं यदन्त-र्वारिणस्तटम् ॥ ८ ॥

बेटके नाम २ ॥ द्वीप १ ॥ अन्तरीप २ ॥ ८ ॥

-तोयोत्थितं तत्पुलिनं-

छडावेका नाम १ ॥ पुलिन १ ॥

-सैकतं सिकतामयम् ॥

वालुकाधिकस्थानके नाम २ ॥ सैकत १ सिकतामय २ ॥

निषद्वरस्तु जम्बालः पंकोऽस्त्री शादकर्दमौ ॥ ९ ॥

बोदा (कींच) के नाम ५ ॥ निषद्वर १ जम्बाल २ पंक ३ शाद ४ कर्दम ५ ॥ ९ ॥

जलोच्छ्वासाः परीवाहाः-

उफलानेके नाम २ ॥ जलोच्छ्वास १ परीवाह २ ॥

-कूपकास्तु विदारकाः ॥

चूहा (सूखी नदीके गढहे) के नाम २ ॥ कूपक १ विदारक २ ॥

नाव्यं त्रिलिङ्गं नौतार्ये-

नौकासे उतरनेके योग्य जलका नाम १ ॥ नाव्य १ ॥

स्त्रियां नौस्तरणिस्तरिः ॥ १० ॥

नावके नाम ३ ॥ नौ १ तरणि २ तरि ३ ॥ १० ॥

उडुपं तु प्लवः कोलः—

घन्नईके नाम ३ उडुप १ प्लव २ कोल ३ ॥

—स्रोतोऽम्बुसरणं स्वतः ॥

सोतका नाम १॥ स्रोतस् १ ॥

आतरस्तरपण्यं स्या—

उतराईके नाम २ ॥ आतर १ तरपण्य २ ॥

—द्द्रोणीकाष्ठाम्बुवाहिनी ॥११॥

पत्थर वा काष्ठनिर्मित नौकाके खेडीके नाम २ ॥ द्रोणी १ काष्ठाम्बुवाहिनी २ ॥ ११ ॥

सांयात्रिकः पोतवणिक्—

नाव लादनेवाले उद्यमीके नाम२॥ सायात्रिक १ पोतवणिज् २ ॥

—कर्णधारस्तुनाविकः ॥

खेवा लगानेवालेके नाम २॥ कर्णधार १ नाविक २ ॥

नियामकाः पोतवाहाः—

जो नौकाके पीछे खडाहुआ लकडी घुमाया करताहै उसके नाम २ नियामक १ पोतवाह २ ॥

—कूपको गुणवृक्षकः ॥ १२ ॥

जिस खूँटेमे नौका बांधी जातीहै उसके नाम २॥कूपक १ गुणवृक्षक २॥१२॥

नौकादण्डः क्षेपणी स्या—

पाता (नौकाके दोनो पसवाडोंमे बंधेहुए चलानेके काष्ठ) के नाम २॥ नौकादण्ड १ क्षेपणी २ ॥

—दरित्रं केनिपातकः ॥

करिया (नौकाकी पीठमे लगे हुए चलानेके काठ) के नाम २ ॥ अरित्रं १ केनिपातक २ ॥

अभ्रिः स्त्री काष्ठकुद्दालः—

नौका साफ करनेके कुदालके नाम २ ॥ अभ्रि १ काष्टकुद्दाल २ ॥

—सेकपात्रं तु सेचनम् ॥ १३ ॥

जिससे नावका जल उलीचा जाता है उसके नाम २॥ सेकपात्र १ सेचन २ ॥ १३ ॥

क्लीबेऽर्धनावं नावोऽर्धे—

आधीनावका नाम १ ॥ अर्द्धनाव१॥

—ऽतीतनौकेऽतिनु त्रिषु ॥

जो नावलायक जल न हो उसका नाम १ ॥ अतिनु १ ॥

त्रिष्वागाधात्—

अगाध शब्दपर्यंत जितने शब्द हैं वे तीनों लिंगोंमें चलतेहैं ॥

-प्रसन्नोऽच्छः-

निर्मलजलके नाम २ ॥ प्रसन्न १ अच्छ २ ॥

-कलुषोनच्छ आविलः ॥ १४ ॥

मैले जलके नाम ३ ॥ कलुष १ अनच्छ २ आविल ३ ॥ १४ ॥

निम्नं गभीरं गम्भीर-

गहरे जलके नाम ३ ॥ निम्न १ गभीर २ गंभीर ३ ॥

-मुत्तानं तद्विपर्यये ॥

थाहजलका नाम १ ॥ उत्तान १॥

अगाधमतलस्पर्शे-

अथाह जलके नाम २ ॥ अगाध १ अतलस्पर्श २ ॥

-कैवर्ते दाशधीवरौ ॥ १५ ॥

मल्लाहके नाम ३ ॥ कैवर्त १ दाश २ धीवर ३ ॥ १५ ॥

आनायः पुंसि जालं स्या-

जालके नाम २॥आनाय १ जाल२॥

-च्छणसूत्रं पवित्रकम् ॥

शणसूत्र जालके नाम २ ॥ शण-सूत्र १ पवित्रक २ ॥

मत्स्याधानी कुवेणी स्या-

जिसमें मछली धरीजायँ उसके नाम २ ॥ मत्स्याधानी १ कुवेणी २ ॥

-द्बडिशं मत्स्यवेधनम् ॥ १६ ॥

मछली पकडनेके कांटेके नाम २ ॥ बडिश १ मत्स्यवेधन २ ॥ १६ ॥

पृथुरोमाझषोमत्स्योमीनोवैसारि-णोऽण्डजः ॥ विसारः शकुलीचा-

मछलीके नाम ८ ॥ पृथुरोमन् १ झष २ मत्स्य ३ मीन ४ वैसारिण ५ अण्डज ६ विसार ७ शकुलिन् ८ ॥

-ऽथ गडकः शकुलार्भकः ॥ १७ ॥

मछलीके बच्चोंके नाम २॥ गडक१ शकुलार्भक २ ॥ १७ ॥

सहस्रदंष्ट्रः पाठीन-

पन्हा मछलीके नाम २ ॥ सहस्रदंष्ट्र १ पाठीन २ ॥

-उलूपी शिशुकः समौ ॥

सूस मछलीके नाम २ ॥ उलूपिन्१ शिशुक २ ॥

नलमीनश्चिलिचिमः-

चेल्हवा मछलीके नाम २ ॥ नलमीन १ चिलचिम २ ॥

-प्रोष्ठी तु शफरी द्वयोः ॥ १८ ॥

सहरी मछलीके नाम २ ॥ प्रोष्ठी १ शफरी २ ॥ १८ ॥

क्षुद्राण्डमत्स्यसंघातः पोता-धान-

अंडोंसे निकली हुई छोटी मछलीस-मूहका नाम १ ॥ पोताधान १ ॥

—मथो झषाः ॥

रोहितो मद्गुरः शालो राजीवः शकुलस्तिमिः ॥ १९ ॥ तिमिंगिलादयश्चा—

रोहूमछलीका नाम १॥रोहित १॥ मगरी मछलीका नाम १ ॥ मद्गुर १ ॥ सौरीमछलीका नाम १ ॥ शाल १ ॥ राया मछलीका नाम १॥ राजीव १ ॥ सौरा मछलीका नाम १ ॥ शकुल १ ॥ बडीभारी मछलीका नाम १ ॥ तिमि १ ॥ १९ ॥ तिमिके निगलनेवाली मछलीका नाम १ ॥ तिमिंगिल १ ॥ आदि ॥

—ऽथ यादांसि जलजन्तवः ॥

सर्वजलजन्तुओंके नाम २ ॥ यादस् १ जलजन्तु २ ॥

तद्भेदाः शिशुमारोद्रशंकवो मकरादयः ॥ २०

शिस्नका नाम १ ॥ शिशुमार१॥ ओदका नाम १ ॥ उद्र १ ॥ शफ्रका नाम १ ॥ शंकु १ ॥ मगरका नाम १ ॥ मकर १ आदि ॥ २० ॥

स्यात्कुलीरः कर्कटकः—

केकडाके नाम २ ॥ कुलीर १ कर्कटक २ ॥

—कूर्मे कमठकच्छपौ ॥

कछुहेके नाम ३ ॥ कूर्म १ कमठ २ कच्छप ३ ॥

ग्राहोऽवहारो—

घडियालके नाम २ ॥ ग्राह १ अवहार २ ॥

—नक्रस्तु कुम्भीरो—

नाकेके नाम २ ॥ नक्र १ कुम्भीर२॥

—ऽथ महीलता ॥ २१ ॥

गण्डूपदः किंचुलको—

केचुवाके नाम ३ ॥ महीलता १ ॥२१ ॥ गण्डूपद २ किंचुलक ३ ॥

—निहाका गोधिका समे ॥

गोहके नाम २ ॥ निहाका १ गोधिका २ ॥

रक्तपा तु जलौकायां स्त्रियां भूम्नि जलौकसः ॥ २२ ॥

जोकके नाम ३॥ रक्तपा १ जलौका २ जलौकस् ३ ॥ २२ ॥

मुक्तास्फोटः स्त्रियां शुक्तिः—

समुद्रकी सीपीके नाम २ ॥ मुक्तास्फोट १ शुक्ति २ ॥

—शंखः स्यात्कम्बुरस्त्रियौ ॥

शंखके नाम २ ॥ शख १ कम्बु२॥

क्षुद्रशंखाः शंखनखाः—

छोटे शंखके नाम २ ॥क्षुद्रशंख १ शंखनख २ ॥

—शम्बूका जलशुक्तयः ॥२३॥

सब सींपीके नाम २ ॥ शम्बूक १ जलशुक्ति २ ॥ २३ ॥

भेके मंडूकवर्षाभूशालूरप्लवदर्दुराः ॥

मेडूकके नाम ६ ॥ मेक १ मण्डूक २ वर्षाभू ३ शालूर ४ प्लव ५ दर्दुर६॥

शिली गण्डूपदी–

काचुईके नाम २ ॥ शिली १ गण्डूपदी २ ॥

–भेकी वर्षाभ्वी–

मेडुकीके नाम २ ॥ भेकी १ वर्षाभ्वी २ ॥

–कमठी डुलिः ॥ २४ ॥

कछुहीके नाम २ ॥ कमठी १ डुली २ ॥ २४ ॥

मद्गुरस्य प्रिया शृङ्गी-

शींगीका नाम १ ॥ शृंगी १ ॥

–दुर्नामा दीर्घकोशिका ॥

झिकवाके नाम २ ॥ दुर्नामा १ दीर्घकोशिका २ ॥

जलाशया जलाधारा–

तडागझीलादि सब जलाशयोंके नाम २ ॥ जलाशय१ ॥ जलाधार २ ॥

–तत्रागाधजलो.ह्रदः ॥ २५ ॥

कुण्डका नाम १ ॥ ह्रद १ ॥२५॥

आहावस्तु निपानं स्यादुपकूमजलाशये ॥

कूपके निकटकी चरही (जलके लिये बनाई हुई) के नाम२ ॥ आहाव १ निपान २ ॥

पुंस्येवान्धुः प्रहिः कूप उदपानं तु पुंसि वा ॥ २६ ॥

कुएके नाम ४ ॥ अन्धु १ प्रहि २ कूप ३ उदपान ४ ॥ २६ ॥

नेमिस्त्रिकाऽस्य– ॥

कुएकी पाठिकाका नाम १ ॥ त्रिका १ ॥

–वीनाहो मुखबन्धनमस्य यत् ॥

पक्की जगतका नाम१॥ वीनाह१॥

पुष्करिण्यां तु खातं स्या–

चौकोने तालावके नाम २ ॥ पुष्करिणी १ खात २ ॥

–दखातं देवखातकम् ॥ २७॥

नहीं खोदेहुए तालावके नाम २॥ अखात १ देवखातक २ ॥ २७ ॥

पद्माकरस्तडागोऽस्त्री–

जिस तालाबमें कमल हों उसके नाम २ ॥ पद्माकर १ तडाग २ ॥

–कासारः सरसी सरः ॥

सामान्य तालावके नाम ३ ॥ कासार १ सरसी २ सरस् ३ ॥

वेशन्तः पल्वलं चाल्पसरो–

छोटीतलैयाके नाम ३ ॥ वेशन्त १ पल्वल २ अल्पसरस् ३ ॥

—वापी तु दीर्घिका ॥ २८ ॥

वावडीके नाम २ ॥ वापी १ दीर्घिका ॥ २ ॥ २८ ॥

खेयं तु परिखा—

खाँचा (खाही)के नाम २ ॥ खेय १ परिखा २ ॥

—ऽऽधारस्त्वम्भसां यत्र धारणम्॥

बांधका नाम १ ॥ आधार १ ॥

स्यादालवालमावालमावापो—

थाल्हाके नाम ३ ॥ आलवाल १ आवाल २ आवाप ३ ॥

—ऽथ नदी सरित् ॥ २९ ॥

तरङ्गिणी शैवलिनी तटिनी ह्रादिनी धुनी ॥ स्रोतस्वती द्वीपवती स्रवन्ती निम्नगापगा॥३०॥

नदीके नाम १२॥ नदी १ सरित् २ ॥२९॥ तरंगिणी३ शैवलिनी ४तटिनी ५ ह्रादिनी ६ धुनी ७ स्रोतस्वती ८ द्वीपवती ९ स्रवन्ती १० निम्नगा ११ आपगा १२ ॥ ३० ॥

गङ्गा विष्णुपदी जह्नुतनया सुरनिम्नगा ॥ भागीरथी त्रिपथगा त्रिस्रोता भीष्मसूरपि ॥ ३१ ॥

गंगाजीके नाम ८ ॥ गंगा१ विष्णुपदी २ जह्नुतनया ३ सुरनिम्नगा४ भागीरथी ५ त्रिपथगा ६ त्रिस्रोतस् ७ भीष्मसू ८ ॥ ३१ ॥

कालिन्दी सूर्यतनया यमुना शमनस्वसा ॥

यमुनाके नाम ४ ॥ कालिन्दी १ सूर्यतनया २ यमुना ३ शमनस्वसृ ४॥

रेवा तु नर्मदा सोमोद्भवा मेकलकन्यका ॥ ३२ ॥

नर्मदाके नाम ४ ॥ रेवा १ नर्मदा २ सोमोद्भवा३ मेकलकन्यका ४॥३२॥

करतोया सदानीरा—

गौरीविवाहमे जो कन्यादानजलसे उत्पन्नहुई उस नदीके नाम२॥ करतोया १ सदानीरा २ ॥

—बाहुदा सैतवाहिनी ॥

सहस्रबाहुकी नदीके नाम २ ॥ बाहुदा १ सैतवाहिनी २ ॥

शतद्रुस्तु शुतुद्रिः स्या—

शतलजके नाम२॥शतद्रु१शुतुद्रि२॥

—द्विपाशा तु विपाट् स्त्रियाम्॥३३॥

ब्यासनदीके नाम २ ॥ विपाशा१ विपाश् २ ॥ ३३ ॥

शोणो हिरण्यवाहः स्या—

शोणनदके नाम २ ॥ शोण १ हिरण्यवाह २ ॥

—त्कुल्याल्पा कृत्रिमा सरित्॥

नहरका नाम १॥ कुल्या १ ॥

शरावती वेत्रवती चन्द्रभागा ...... ॥ ३४ ॥ कावेरी-

शरावतीका नाम १ ॥ शरावती १॥ वेत्रवतीका नाम १॥ वेत्रवती १॥ चिनाबका नाम १ ॥ चन्द्रभागा १ ॥ सरस्वतीका नाम१॥सरस्वती १॥३४॥ कावेरीका नाम १ ॥ कावेरी १ ॥

-सरितोऽन्याश्च-

और भी कौशिकी आदि नदियांहैं॥

-संभेदः सिन्धुसंगमः ॥

जहां एक नदी दूसरीसे मिलतीहै उस संगमके नाम २ ॥ संभेद १ सिन्धुसंगम २ ॥

द्वयोः प्रणाली पयसः पदव्यां-

पनारका नाम १॥प्रणाली १॥

-त्रिषु तूत्तरौ ॥ ३९ ॥

आगे होनेवाले दोनों शब्द तीनों लिंगोंमें वर्तते हैं ॥ ३९ ॥

देविकायां सरय्वां च भवेदाविकसारवौ ॥

देविका नदीमें जो २ उत्पन्न हों उनका नाम १ ॥ दाविक १॥ सरयूमे जो२ उत्पन्नहों उनकानाम१॥सारव१॥

सौगन्धिकं तु कह्लारं-

कुई(संध्यामें खिलनेवाले श्वेतकमल) के नाम २ ॥ सौगंधिक१ कह्लार २ ॥

-हल्लकं रक्तसन्ध्यकम् ॥३६॥

लाल कुईके नाम २ ॥ हल्लक १ रक्तसन्ध्यक २ ॥ ३६ ॥

स्यादुत्पलं कुवलय-

कुमुदकमलसाधारणके नाम २ ॥ उत्पल १ कुवलय २ ॥

-मथ नीलाम्बुजन्म च ॥ इन्दीवरं च नीलेऽस्मिन्-

काले कमलके नाम २ ॥ नीलाम्बुजन्मन् १ ॥ इन्दीवर २ ॥

-सिते कुमुदकैरवे ॥ ३७ ॥

उज्ज्वल कमलके नाम २ ॥ कुमुद१ कैरव २ ॥ ३७ ॥

शालूकमेषां कन्दः स्या-

कमलोंके कन्दका नाम१॥शालूक१॥

-द्वारिपर्णी तु कुम्भिका ॥

जलकुंभीके नाम २॥ वारिपर्णी १ कुम्भिका २ ॥

जलनीली तु शेवालं शैवलो-

शेवालके नाम ३ ॥ जलनीली १ शेवाल २ शैवल ३ ॥

-ऽथ कुमुद्वती ॥ ३८ ॥ कुमुदिन्यां-

कुमुदिनी वा कुमुदयुक्त देशके नाम २ ॥ कुमुद्वती १॥३८॥ कुमुदिनी २॥

-नलिन्यां तु विसिनीपद्मिनीमुखाः ॥

कमलिनीके नाम ३ ॥ नलिनी १ बिसिनी २ पद्मिनी ३ आदि ॥

वा पुंसि पद्मं नलिनमरविन्दं महोत्पलम् ॥ ३९ ॥ सहस्रपत्रं कमलं शतपत्रं कुशेशयम् ॥ पङ्केरुहं तामरसं सारसं सरसीरुहम् ॥ ४० ॥ बिसप्रसूनराजीवपुष्कराम्भोरुहाणि च ॥

कमलमात्रके नाम १६ ॥ पद्म १ नलिन २ अरविन्द ३ महोत्पल ४ ॥३९॥ सहस्रपत्र ५ कमल ६ शतपत्र ७ कुशेशय ८ पंकरुह ९ तामरस १० सारस ११ सरसीरुह १२ ॥ ४० ॥ बिसप्रसून १३ राजीव १४ पुष्कर १५ अम्भोरुह १६॥

पुण्डरीकं सिताम्भोज-

उज्ज्वलकमलके नाम २ ॥ पुण्डरीक १ सिताम्भोज २ ॥

-मथ रक्तसरोरुहे ॥ ४१ ॥ रक्तोत्पलं कोकनदं-

लालकमलके नाम ३ ॥ रक्तसरोरुह १ ॥४१॥ रक्तोत्पल २ कोकनद ३ ॥

-नालो नाल-

कमलकी डाँडीके नाम २ ॥ नाल (पुंल्लिंग) १ नाल (नपुंसकलिंग) २॥

-मथास्त्रियाम् ॥ मृणालं बिस-

मसीडके नाम २॥ मृणाल १ बिस २॥

-मब्जादिकदम्बे खण्डमस्त्रियाम् ॥ ४२ ॥

कमलादिके समूहका नाम १॥ खण्ड १॥ केवलमी नाम १ ॥ खण्ड १ ॥ ४२ ॥

करहाटः शिफाकन्दः-

कमलकी जडके नाम २ ॥ करहाट १ शिफाकन्द २ ॥

-किंजल्कः केसरोऽस्त्रियाम् ॥

कमलपुष्पके मध्यमें जो झालर होती है उसके नाम २॥ किंजल्क १ केसर २॥

संवर्तिका नवदलं-

कमलके नवे पत्तोंके नाम २ ॥ संवर्तिका १ नवदल २ ॥

-बीजकोशो वराटकः ॥ ४३ ॥

कमलाक्षके नाम २ ॥ बीजकोश १ वराटक २ ॥ ४३ ॥

उक्तं स्वर्व्योमदिक्कालधीशब्दादि सनाट्यकम् ॥ पातालभोगिनरकं वारि चैषां च सङ्गतम् ॥ ४४ ॥ इत्यमरसिंहकृतौ नामलिङ्गानुशासने ॥ स्वरादिकाण्डः प्रथमः साङ्ग एव समर्थितः ॥ १ ॥

इति श्रीमदमरसिंहविरचितामरकोशस्य भाषाटीकायां वारिवर्गः ॥ १० ॥

इति प्रथमः काण्डः समाप्तः ।

॥ श्रीः ॥

अथ द्वितीयः काण्डः।

अथ भूमिवर्गः १.

वर्गाः पृथ्वीपुरक्ष्माभृद्वनौषधिमृगादिभिः ॥ नृब्रह्मक्षत्रविट्शूद्रैः सांगोपांगैरिहोदिताः ॥ १ ॥

इस द्वितीय काण्डमें भूमिवर्ग १ पुरवर्ग २ शैलवर्ग ३ वनौषधिवर्ग ४ सिंहादिवर्ग ५ मनुष्यवर्ग ६ ब्रह्मवर्ग ७ क्षत्रियवर्ग ८ वैश्यवर्ग ९ और शूद्रवर्ग १० सांगोपांग कहेंगे ॥ १ ॥

भूर्भूमिरचलानन्ता रसा विश्वंभरा स्थिरा ॥ धरा धरित्री धरणिः क्षोणिर्ज्या काश्यपी क्षितिः ॥ २ ॥ सर्वंसहा वसुमती वसुधोर्वी वसुंधरा ॥ गोत्रा कुः पृथिवी पृथ्वी क्ष्मावनिर्मेदिनी मही ॥ ३ ॥

पृथ्वीके नाम २७ ॥ भू १ भूमि २ अचला ३ अनन्ता ४ रसा ५ विश्वम्भरा ६ स्थिरा ७ धरा ८ धरित्री ९ धरणि १० क्षोणि ११ ज्या १२ काश्यपी १३ क्षिति १४ ॥ २ ॥ सर्वंसहा १५ वसुमती १६ वसुधा १७ उर्वी १८ वसुन्धरा १९ गोत्रा २० कु २१ पृथिवी २२ पृथ्वी २३ क्ष्मा २४ अवनि २५ मेदिनी २६ मही २७ ॥ ३ ॥

मृन्मृत्तिका–

मिट्टीके नाम २ ॥ मृत् १ मृत्तिका २ ॥

–प्रशस्ता तु मृत्सा मृत्स्ना च मृत्तिका ॥

अच्छी मिट्टीके नाम २ ॥ मृत्सा १ मृत्स्ना २ ॥

उर्वरा सर्वसस्याढ्या–

जिस मिट्टीसे सब अन्न उपजै उसका नाम १ ॥ उर्वरा १ ॥

–स्यादूषः क्षारमृत्तिका ॥ ४ ॥

खारी मट्टी अर्थात् नोंनीके नाम २ ॥ ऊष १ क्षारमृत्तिका २ ॥ ४ ॥

ऊषवानूषरो द्वावप्यन्यलिङ्गौ–

कल्लरभूमिके नाम २ ॥ ऊषवत् १ ऊषर २ ॥

–स्थलं स्थली ॥

स्थलके नाम २॥ स्थल १ स्थली २॥

समानौ मरुधन्वानौ–

निर्जल अर्थात् मरुदेशके नाम २॥ मरु १ धन्वन् २ ॥

—द्वे खिलाप्रहते समे ॥ ५ ॥

त्रि—

विनजोते खेतके नाम २॥ खिल १ अप्रहत २ ॥ ५ ॥

—र्व्वयो जगती लोको विष्टपं भुवनं जगत् ॥

जगत्‌के नाम ५ ॥ जगती १ लोक २ विष्टप ३ भुवन ४ जगत् ५ ॥

लोकोयं भारतं वर्षं—

हिमालयसे दक्षिण, समुद्रसे उत्तरके देशतक अर्थात् हिन्दुस्थानका नाम १ ॥ भारतवर्ष १ ॥

—शरावत्यास्तु योऽवधेः ॥ ६॥

देशः प्राग्दक्षिणः प्राच्य—

शरावती नदीके ॥६॥ पूर्व दक्षिण देशका नाम १ ॥ प्राच्य १ ॥

—उदीच्यः पश्चिमोत्तरः ॥

शरावती नदीके पश्चिमोत्तरदेशका नाम १ ॥ उदीच्य १ ॥

प्रत्यन्तो म्लेच्छदेशः स्या—

फारस रूस रूम आदि देशोंके नाम २ ॥ प्रत्यन्त १ म्लेच्छदेश २ ॥

—न्मध्यदेशस्तु मध्यमः ॥७॥

विन्ध्याचलसे उत्तर हिमालयसे दक्षिण कुरुक्षेत्रसे पूर्व प्रयागसे पश्चिम देशके नाम २ ॥ मध्यदेश १ मध्यम २ ॥ ७ ॥

आर्यावर्त्तः पुण्यभूमिर्मध्यं विन्ध्यहिमालयोः ॥

बंगालेके समुद्रसे पश्चिम अरबसमुद्रसे पूर्व हिमाचलसे दक्षिण विन्ध्याचलसे उत्तर देशके नाम २ ॥ आर्यावर्त्त १ पुण्यभूमि २ ॥

नीवृज्जनपदो—

राजाओंके वसाये हुए मगध आदि देशोंके नाम २ ॥ नीवृत् १जनपद२॥

—देशविषयौ तूपवर्त्तनम् ॥८॥

देशमात्रके नाम ३ ॥ देश १ विषय २ उपवर्त्तन ३ ॥ ८ ॥

त्रिष्वागोष्ठा—

गोष्ठपर्यंत जे शब्द हैं वे तीनों लिंगोमे होते हैं ॥

—न्नडप्राये नड्वान्नड्वल इत्यपि ॥

नडाधिकदेशके नाम २ ॥ नड्वत्१ नड्वल २ ॥

कुमुद्वान्कुमुदप्राये—

जहां वहुत कुमुद हों उस देशका नाम १ ॥ कुमुद्वत् १ ॥

—वेतस्वान्बहुवेतसे ॥ ९ ॥

जहां बहुत वेत हो उस देशका नाम १ ॥ वेतस्वत् ॥ १ ॥ ९ ॥

शाद्वलः शाद्हरिते–

जहां हरी घास हो उसका नाम १॥ शाद्वल १ ॥

–सजम्बाले तु पंकिलः ॥

जहां बहुत कीच हो उस देशका नाम १ ॥ पंकिल १ ॥

जलप्रायमनूपं स्यात्पुंसि कच्छस्तथाविधः ॥ १० ॥

जहां बहुत पानी हो उस देशके नाम ३ ॥ जलप्राय १ अनूप २ कच्छ ३ ॥ १० ॥

स्त्री शर्करा शर्करिलः शार्करः शर्करावति ॥

जहां रेता हो उस देशके नाम ४॥ शर्करा १ शर्करिल २ शार्कर ३ शर्करावत् ४ ॥

देश एवादिमा–

ऊपर कहेहुए शर्करा आदि शब्दोंमें पहले शर्करा १ और शर्करिल यह दोनो देशकेही नाम हैं ॥

वेवमुन्नेयाः सिकतावति ११ ॥

इसीप्रकार सिकता १ और सिकतिल यह शब्द भी रेतेयुक्त देशकेही नाम हैं ॥ ११ ॥

देशो नद्यम्बुवृष्ट्यम्बुसंपन्नव्रीहिपालितः ॥ स्यान्नदीमातृको देवमातृकश्च यथाक्रमम् ॥ १२ ॥

जहां केवल नदीजलसे खेत सींचे जांय वर्षा न होतीहो उस देशका नाम १ ॥ नदीमातृक १ ॥ जहां वर्षाकेही जलसे सींचे जांय उसका नाम १ ॥ देवमातृक १ ॥ १२ ॥

सुराज्ञि देशे राजन्वान्स्या–

धर्मात्मा राजाके देशका नाम १ ॥ राजन्वत् १ ॥

–त्ततोऽन्यत्र राजवान् ॥

सामान्य राजाके देशका नाम १ ॥ राजवत् १ ॥

गोष्ठं गोस्थानकं–

गोष्ठके नाम २॥ गोष्ठ १ गोस्थान२॥

–तत्तु गौष्ठीनं भूतपूर्वकम् ॥१३॥

जहां पूर्वकालमें गायें रही हों उसका नाम १ ॥ गौष्ठीन १ ॥ १३ ॥

पर्यन्तभूः परिसरः–

नदी पर्वतादिके समीपकी भूमिके नाम २ ॥ पर्यन्तभू १ परिसर २ ॥

–सेतुरालौ स्त्रियां–

पुलके नाम २ ॥ सेतु १ आलि२॥

–पुमान् ॥

वामलूरश्च नाकुश्च वल्मीकं पुंनपुंसकम् ॥ १४ ॥

वमईके नाम ३ ॥ वामलूर १ नाकु २ वल्मीक ३ ॥ १४ ॥

अयनं वर्त्ममार्गाध्वपन्थानः पदवी सृतिः ॥ सरणिः पद्धतिः पद्या वर्त्तन्येकपदीति च ॥ १५ ॥

मार्गके नाम १२ ॥ अयन १ वर्त्मन् २ मार्ग ३ अध्वन् ४ पथिन् ५ पदवी ६ सृति ७ सरणि ८ पद्धति ९ पद्या १० वर्त्तनी ११ एकपदी १२॥१५॥

अतिपन्थाः सुपन्थाश्च सत्पथश्चार्चितेऽध्वनि ॥

अच्छे मार्गके नाम ३॥अतिपथिन् १ सुपथिन् २ सत्पथ ३ ॥

व्यध्वो दुरध्वो विपथः कदध्वा कापथः समाः ॥ १६ ॥

खराब मार्गके नाम ५ ॥ व्यध्व १ दुरध्व २ विपथ ३ कदध्वन् ४ कापथ ५ ॥ १६ ॥

अपन्थास्त्वपथं तुल्ये—

जहां मार्ग न हो उसके नाम २ ॥ अपथिन् १ अपथ २ ॥

—शृंगाटकचतुष्पथे ॥

चौहट्टा वा चौकके नाम २ ॥ शृंगाटक १ चतुष्पथ २ ॥

प्रान्तरं दूरशून्योऽध्वा—

जहा बडी दूरतक छाया वा मनुष्यादि न हो उस मार्गका नाम १ ॥ प्रान्तर १ ॥

—कान्तारं वर्त्म दुर्गमम् ॥ १७ ॥

चोरकण्टकादियुक्त मार्गका नाम १॥ कान्तार १ ॥ १७ ॥

गव्यूतिः स्त्री क्रोशयुगं—

दो कोशका नाम १॥ गव्यूति १ ॥

—नल्वः किष्कुचतुःशतम् ॥

४०० हाथका नाम १ ॥ नल्व १॥

घण्टापथः संसरणं—

राजमार्ग अर्थात् सडकके नाम २॥ घण्टापथ १ संसरण २ ॥

—तत्पुरस्योपनिष्करम् ॥ १८ ॥

ग्रामके निकासका नाम १ ॥ उपनिष्कर १ ॥ १८ ॥

इति भूमिवर्गः ॥ १ ॥

अथ पुरवर्गः २.

पूः स्त्री पुरीनगर्यौ वा पत्तनं पुटभेदनम् ॥ स्थानीयं निगमे—

शहरके नाम ७ ॥ पुर १ पुरी २ नगरी ३ पत्तन ४ पुटभेदन ५ स्थानीय ६ निगम ७ ॥

—ऽन्यत्तु यन्मूलनगरात्पुरम् ॥ १ ॥

तच्छाखानगरं—

शहरसम्बन्धी छोटे नगरोंका नाम १॥ ॥ १ ॥ शाखानगर १ ॥

—वेशो वेश्याजनसमाश्रयः ॥

वेश्याके स्थानके नाम २ ॥ वेश १ वेश्याजनसमाश्रय २ ॥

आपणस्तु निषद्यायां—

बजारके नाम २॥आपण१ निषद्या२॥

—विपणिः पण्यवीथिका ॥ २ ॥

जहाँ बाजार न हो परन्तु वस्तु विकती हों उसके नाम २ ॥ विपणि १ पण्यवीथिका २ ॥ २ ॥

रथ्या प्रतोली विशिखा—

बीचगाँवकी गलीके नाम ३ ॥ रथ्या १ प्रतोली २ विशिखा ३ ॥

—स्याच्चयो वप्रमस्त्रियाम् ॥

किलेके इधर उधरकी मिट्टीका नाम २॥ चय १ वप्र २ ॥

प्राकारो वरणः सालः—

किलेके नाम ३ ॥ प्राकार १ वरण २ साल ३ ॥

—प्राचीनं प्रान्ततो वृतिः ॥ ३ ॥

चारों ओर कांटोंकी बाडके नाम १॥ प्राचीन १ ॥ ३ ॥

भित्तिः स्त्री कुड्य—

दीवारके नाम २॥भित्ति१कुड्य२ ॥

—मेडूकं यदन्तर्न्यस्तकीकसम् ॥

जिस दीवारमें मजबूतीके वास्ते हड्डी आदि लगाई गई हों उसका नाम १ ॥ एडूक १ ॥

गृहं गेहोदवसितं वेश्म सद्म निकेतनम् ॥ ४ ॥ निशान्तपस्त्यसदनं भवनागारमन्दिरम् ॥ गृहाः पुंसि च भूम्न्येव निकाय्यनिलयालयाः ॥ ५ ॥ वासः कुटी द्वयोः शाला सभा—

गृहके नाम २० ॥ गृह १ गेह२ उदवसित ३ वेश्मन्४ सद्मन्५निकेतन ६॥४॥ निशान्त ७ पस्त्य ८ सदन ९ भवन १० अगार ११ मंदिर १२ गृह (पुं० बहुवचन) १३ निकाय्य १४ निलय १५ आलय १६ ॥ ५ ॥ वास १७ कुटी१८ शाला१९ सभा २० ॥

—संजवनं त्विदम् ॥

चतुःशालं—

जिस गृहमें आमने सामने एकसे चार मकान हों उसके नाम २॥ संजवन १ चतुश्शाल २ ॥

—मुनीनां तु पर्णशालोटजो—

ऽस्त्रियाम् ॥ ६ ॥

मुनियोंकी कुटीके नाम २॥ पर्णशाला १ उटज २ ॥ ६ ॥

चैत्यमायतनं तुल्ये—

यज्ञशालाके नाम २ ॥ चैत्य १ आयतन २ ॥

—वाजिशाला तु मन्दुरा ॥

घुड़सालके नाम २ ॥ वाजिशाला १ मन्दुरा २ ॥

आवेशनं शिल्पिशाला-

कारीगरोंके स्थानके नाम२॥ आवेशन १ शिल्पिशाला २ ॥

-प्रपा पानीयशालिका ॥ ७ ॥

पौशाला अर्थात् पानी पिलानेके स्थानके नाम २ ॥ प्रपा १ पानीयशालिका २ ॥ ७ ॥

मठश्छात्रादिनिलयः-

विद्यार्थी और संन्यासी आदिके रहनेके स्थानका नाम १ ॥ मठ १ ॥

-गञ्जा तु मदिरागृहम् ॥

जहां मद्य बनाया जाय अथवा जहां मद्य रक्खा जाय उस स्थानके नाम २ ॥ गञ्जा १ मदिरागृह २ ॥

गर्भागारं वासगृह-

गृहके मध्यभागके नाम २ ॥ गर्भागार १ ॥ वासगृह २ ॥

-मरिष्टं सूतिकागृहम् ॥ ८ ॥

सौवरके (प्रसूतीके) गृहके नाम २ ॥ अरिष्ट १ सूतिकागृह २ ॥ ८ ॥

वातायनं गवाक्षो-

झरोखोंके नाम २ ॥ वातायन १ गवाक्ष २ ॥

ऽथ मण्डपोऽस्त्री जनाश्रयः ॥

मण्डपके नाम २ ॥ मण्डप १ जनाश्रय २ ॥

हर्म्यादि धनिनां वासः-

धनवानोंके गृहका नाम १ ॥ हर्म्य १ आदि ॥

-प्रासादो देवभूभुजाम् ॥ ९ ॥

देवता और राजाओंके गृहका नाम १ प्रासाद १ ॥ ९ ॥

सौधोऽस्त्री राजसदन-

राजाओंके गृहके नाम२॥ सौध १ राजसदन २ ॥

-मुपकार्योपकारिका ।

राजाओंके साधारण गृहोंके नाम २ ॥ उपकार्या १ उपकारिका २ ॥

स्वस्तिकः सर्वतोभद्रो नन्द्यावर्त्तादयोऽपि च ॥ १० ॥ विच्छन्दकः प्रभेदा हि भवन्तीश्वरसद्मनाम् ॥

राजगृहोंके भेद जिनमें ४ दरवाजे आदि भेद हैं स्वस्तिक १ सर्वतोभद्र २ नन्द्यावर्त ३॥ १०॥ विच्छन्दक ४ इत्यादि ॥

स्त्र्यगारं भूभुजामन्तःपुरं स्यादवरोधनम् ॥ ११ ॥

शुद्धान्तश्चावरोधश्च-

राजस्त्रियोंके रहनेके स्थानके नाम ४ ॥ अन्तःपुर १ अवरोधन २॥ ११॥ शुद्धान्त ३ अवरोध ४ ॥

—स्यादट्टः क्षौममस्त्रियाम् ॥
गृहके ऊपरके घरके नाम २ ॥ अट्ट १ क्षौम २ ॥

प्रघाणप्रघणालिन्दा बहिर्द्वारप्रकोष्ठके ॥ १२ ॥
दहलीजके नाम ३ ॥ प्रघाण १ प्रघण २ अलिन्द ३ ॥ १२ ॥

गृहावग्रहणी देह—
देहलीके नाम २ ॥ गृहावग्रहणी १ देहली २ ॥

—ल्यङ्गणं चत्वराजिरे ॥
आगनके नाम ३ ॥ अंगण १ चत्वर २ अजिर ३ ॥

अधस्ताद्दारुणि शिला—
दरवाजेके नीचेके काठका नाम १॥ शिला १ ॥

—नासा दारूपरि स्थितम्॥१३॥
दरवाजेके ऊपरके काठका नाम १ ॥ नासा १ ॥ १३ ॥

प्रच्छन्नमन्तर्द्वारं स्या—
खिडकीके नाम २ ॥ प्रच्छन्न १ अन्तर्द्वार २ ॥

—त्पक्षद्वारं तु पक्षकम् ॥
बगलके द्वारके नाम २ ॥ पक्षद्वार १ पक्षक २ ॥

वलीकनीध्रे पटलप्रान्ते—
वरौनीके नाम ३ ॥ वलीक १ नीध्र २ पटलप्रान्त ३ ॥

—ऽथ पटलं छदिः ॥ १४ ॥
छानिके नाम २ ॥ पटल १ छदि २ ॥ १४ ॥

गोपानसी तु वलभी छादने वक्रदारुणि ॥
छज्जेके नाम२॥ गोपानसी१वलभी२॥

कपोतपालिकायां तु विटंकं पुंनपुंसकम् ॥ १५ ॥
कबूतरखानेके नाम २ ॥ कपोतपालिका १ विटंक २ ॥ १५ ॥

स्त्री द्वार्द्वारं प्रतीहारः—
द्वारके नाम ३ ॥ द्वार् १ द्वार २ प्रतीहार ३ ॥

—स्याद्वितर्दिस्तु वेदिका ॥
वेदीके नाम २ ॥ वितर्दि १ वेदिका २॥

तोरणोऽस्त्री बहिर्द्वारं—
घरके बाहरके फाटकके नाम २ ॥ तोरण १ बहिर्द्वार २ ॥

—पुरद्वारं तु गोपुरम् ॥ १६ ॥
नगरके बाहरके फाटकके नाम २ ॥ पुरद्वार १ गोपुर २ ॥ १६ ॥

कूटं पूर्द्वारि यद्धस्तिनखस्त-स्मिन्—
नगरके द्वारसे उतरनेके लिये उतार चढावकी भूमिका नाम १॥ हस्तिनख १॥

–त्वथ त्रिपु ॥

कपाटमररं तुल्ये–

किवारोंके नाम २॥ कपाट १ अरर२॥

तद्विष्कम्भोऽर्गलं न ना ॥१७॥

किवाड़ोंके डण्डेलेका नाम १ ॥ अर्गल ॥ १ ॥ १७ ॥

आरोहणं स्यात्सोपानं–

मिट्टी पत्थर आदिकी सीढीके नाम २ ॥ आरोहण १ सोपान २ ॥

–निश्रेणिस्त्वधिरोहणी ॥

काठकी सीढीके नाम २ ॥ निश्रेणि १ अधिरोहणी २ ॥

संमार्जनी शोधनी स्या–

बुहारी अर्थात् झाड़ूके नाम २ ॥ संमार्जनी १ शोधनी २ ॥

–त्संकरोऽवकरस्तथा ॥ १८ ॥

क्षिते–

करकट वा कूडेके नाम २ ॥ सकर १ अवकर २ ॥ १८ ॥

–मुखं निःसरणं–

निकासके नाम २ ॥ मुख १ निःसरण २ ॥

–संनिवेशो निकर्षणम् ॥

नगर इत्यादिमें स्थानके निमित्त नपीहुई भूमिके नाम २ ॥ सनिवेश १ निकर्षण २ ॥

समौ संवसथग्रामौ–

ग्रामके नाम २ ॥ सवसथ १ ग्राम२॥

वेश्मभूर्वास्तुरस्त्रियाम् ॥१९ ॥

घरकी भूमिका नाम १ ॥ वास्तु १ ॥ १९ ॥

ग्रामान्त उपशल्यं स्या–

ग्रामके समीपका नाम १॥उपशल्य १॥

–त्सीमसीमे स्त्रियामुभे ॥

सीमाके नाम २॥ सीमन् १ सीमा२॥

घोष आभीरपल्ली स्या–

अहीरोंके ग्रामके नाम २ ॥ घोष १ आभीरपल्ली २ ॥

–त्पक्कणः शबरालयः ॥२० ॥

जगलियोंके ग्रामके नाम २ ॥ पक्कण १ शबरालय २ ॥ २० ॥

इति पुरवर्गः ॥ २ ॥

अथ शैलवर्गः ३.

महीध्रे शिखरिक्ष्माभृदहार्यधरपर्वताः ॥ अद्रिगोत्रगिरिग्रावाचलशैलशिलोच्चयाः ॥ १ ॥

पर्वतके नाम १३ ॥ महीध्र १ शिखरिन् २ क्ष्माभृत् ३ अहार्य ४ धर ५ पर्वत ६ अद्रि ७ गोत्र ८ गिरि ९ ग्रावन् १० अचल ११ शैल १२ शिलोच्चय १३ ॥ १ ॥

लोकालोकश्चक्रवाल–

जो पर्वत पृथ्वीको घेरे है उसके नाम २ ॥ लोकालोक १ चक्रवाल २ ॥

–त्रिकूटस्त्रिककुत्समौ ॥

त्रिकूट कि जिसपर लंका वसी है उसके नाम २ ॥ त्रिकूट १ त्रिककुद् २॥

अस्तस्तु चरमक्ष्माभृ–

अस्ताचलके नाम २ ॥ अस्त १ चरमक्ष्माभृत् २ ॥

–दुदयः पूर्वपर्वतः ॥ २ ॥

उदयाचलके नाम २ ॥ उदय १ पूर्वपर्वत २ ॥ २ ॥

हिमवान्निषधो विन्ध्यो माल्यवान्पारियात्रकः ॥ गन्धमादनमन्ये च हेमकूटादयो नगाः ॥ ३॥

पर्वतोंके भेद ६ ॥ हिमवत् १ निषध २ विन्ध्य ३ माल्यवत् ४ पारियात्रक ५ गन्धमादन ६ तथा हेमकूट आदि अन्यभी पर्वत हैं ॥ ३ ॥

पाषाणप्रस्तरग्रावोपलाश्मानः शिला दृषत् ॥

पत्थरके नाम ७ ॥ पाषाण १ प्रस्तर २ ग्रावन् ३ उपल ४ अश्मन् ५ शिला ६ दृषत् ७ ॥

कूटोऽस्त्री शिखरं शृङ्गं–

पहाडकी चोटी वा कगूराके नाम ३ ॥ कूट १ शिखर २ शृङ्ग ३ ॥

–प्रपातस्त्वतटो भृगुः ॥ ४ ॥

बीहडके नाम ३ ॥ प्रपात १ अतट २ भृगु ३ ॥ ४ ॥

कटकोऽस्त्री नितम्बोऽद्रेः–

बीच पर्वतका नाम १॥ कटक १ ॥

–स्नुः प्रस्थः सानुरस्त्रियाम् ॥

पर्वतके किनारेके नाम ३ ॥ स्नु १ प्रस्थ २ सानु ३ ॥

उत्सः प्रस्रवणं–

जहां पर्वतसे चूकर पानी बटुरता है अर्थात् कुण्डके नाम २ ॥ उत्स १ प्रस्रवण २ ॥

–वारिप्रवाहो निर्झरो झरः ॥ ५ ॥

झरनोंके नाम ३ ॥ वारिप्रवाह १ निर्झर २ झर ३ ॥ ५ ॥

दरी तु कन्दरो वा स्त्री–

बनाई हुई गुफाके नाम २ ॥ दरी १ कन्दर–कन्दरा २ ॥

–देवखातबिले गुहा ॥

गह्वरं–

अपने आप बनीहुई गुफाके नाम ४॥ देवखात १ बिल २ गुहा ३ गह्वर ४ ॥

–गण्डशैलास्तु च्युताः स्थूलोपला गिरेः ॥ ६ ॥

जो कि पर्वतसे भारी भारी पत्थर गिरते हैं उनका नाम १॥ गण्डशैल १ ॥ ६ ॥

खनिः स्त्रियामाकरः स्या–

खानिके नाम २ ॥ खनि १ आकर २॥

–त्पादाः प्रत्यन्तपर्वताः ॥

पर्वतके धोरेके छोटे पर्वतके नाम २ ॥ पाद १ प्रत्यन्तपर्वत २ ॥

उपत्यकाद्रेरासन्ना भूमिरूर्ध्वमधित्यका ॥ ७ ॥

पहाडके नीचेकी भूमिका नाम १॥ उपत्यका १॥पहाडकी ऊपरकी भूमिका नाम १ ॥ अधित्यका १ ॥ ७ ॥

धातुर्मनःशिलाद्यद्रेर्गैरिकं तु विशेषतः ॥

पर्वतसे, उत्पन्न हुए जो मनःशिल-आदि तिनका नाम १॥धातु१ ॥गैरिक (गेरू) तो धातु शब्दसेही विख्यातहै ॥

निकुञ्जकुञ्जौ वा क्लीबे लतादिपिहितोदरे ॥ ८ ॥

जहां कि बहुत लता तृणादिसे घिरा हो उसके नाम२॥निकुञ्ज१कुञ्ज२॥८॥

इति शैलवर्गः ॥ ३ ॥

अथ वनौषधिवर्गः ४.

अटव्यरण्यं विपिनं गहनं काननं वनम् ॥

वनके नाम ६ ॥ अटवी१अरण्य२ विपिन ३ गहन ४ कानन५वन ६ ॥

महारण्यमरण्यानी—

बडे वनके नाम २ ॥ महारण्य १ अरण्यानी २ ॥

—गृहारामास्तु निष्कुटाः ॥ १ ॥

गृहके समीप बनायेहुए बगीचेके नाम २ ॥ गृहाराम १निष्कुट२ ॥१॥

आरामः स्यादुपवनं कृत्रिमं वनमेव यत् ॥

गृहसमीपके वनके नाम २ ॥ आराम १ उपवन २ ॥

अमात्यगणिकागेहोपवने वृक्षवाटिका ॥ २ ॥

जहां राजाके नौकर चाकर और उनकी वेश्या रहें उस बगीचेका नाम १ ॥ वृक्षवाटिका १ ॥ २ ॥

पुमानाक्रीड उद्यानं राज्ञः साधारणं वनम् ॥

राजाके उस बगीचेका नाम जिसका सब पुरुष भोग करसकै १॥आक्रीड१॥

स्यादेतदेव प्रमदवनमन्तःपुरोचितम् ॥ ३ ॥

जहा राजा स्त्रियोंसहित क्रीडा करैं उस बगीचेका नाम १॥ प्रमदवन१॥३॥

वीथ्यालिरावलिः पंक्तिः श्रेणी—

पंक्तिके नाम ५ ॥ वीथी१आलि२ आवलि ३ पंक्ति ४ श्रेणी ५ ॥

—लेखास्तु राजयः ॥

लकीरके नाम २॥लेखा १राजि२॥

वन्या वनसमूहे स्या—

वनके झुंडके नाम २ ॥ वन्या १ वनसमूह २ ॥

-दंकुरोऽभिनवोद्भिदि ॥ ४ ॥

अंकुरके नाम २ ॥ अंकुर १ अभिनवोद्भिद् २ ॥ ४ ॥

वृक्षो महीरुहः शाखी विटपी पादपस्तरुः ॥ अनोकहः कुटः शालः पलाशी द्रुद्रुमागमाः ॥५॥

वृक्षके नाम १३ ॥ वृक्ष १ महीरुह २ शाखिन् ३ विटपिन् ४ पादप ५ तरु ६ अनोकह ७ कुट ८ शाल ९ पलाशिन् १० द्रु ११ द्रुम १२ अगम १३ ॥ ५ ॥

वानस्पत्यः फलैः पुष्पात्-

जो वृक्ष फूलकर फलै उसका नाम १ ॥ वानस्पत्य १ ॥

-तैरपुष्पाद्वनस्पतिः ॥

जो कि फूलने विना फले जैसे गूलर कटहर आदि उनका नाम १॥ वनस्पति १॥ (वृक्षमात्रको भी वनस्पति कहतेहैं)

ओषध्यः फलपाकान्ताः स्यु-

फलकर पकनेपर नष्ट होनेवाले अर्थात् अन्न आदिकानाम १॥ ओषधी १॥

-रवन्ध्यः फलेग्रहिः ॥ ६ ॥

फलनेवाले वृक्षके नाम २॥ अवन्ध्य १ फलेग्रहि २ ॥ ६ ॥

वन्ध्योऽफलोऽवकेशी च-

जो नहीं फले उस वृक्षके नाम ३॥ वन्ध्य १ अफल २ अवकेशिन् ३ ॥

-फलवान् फलिनः फली ॥

फलयुक्त वृक्षके नाम ३ ॥ फलवत् १ फलिन २ फलिन् ३ ॥

प्रफुल्लोत्फुल्लसंफुल्लव्याकोशविकचस्फुटाः ॥ ७ ॥ फुल्लश्चैते विकसिते-

फूलयुक्त (विकसित) वृक्षके नाम ८ ॥ प्रफुल्ल १ उत्फुल्ल २ सम्फुल्ल ३ व्याकोश ४ विकच ५ स्फुट ६ ॥ ७ ॥ फुल्ल ७ विकसित ८ ॥

-स्युरवन्ध्यादयस्त्रिषु ॥

अवंध्यआदि शब्द तीनों लिंगोंमें होतेहैं।

स्थाणुर्वा ना ध्रुवः शंकु-

ठूंठ वृक्षके नाम ३ ॥ स्थाणु १ ध्रुव २ शंकु ३ ॥

-र्ह्रस्वशाखाशिफः क्षुपः ॥ ८ ॥

जिस वृक्षमे छोटी२डालें और जड़ें हों उसका नाम १ ॥ क्षुप १ ॥ ८ ॥

अप्रकाण्डे स्तम्बगुल्मौ-

जिसमें डालियें न हों उस वृक्षके नाम २ ॥ स्तम्ब १ गुल्म २ ॥

-वल्ली तु व्रततिर्लता ॥

बेलके नाम ३ ॥ वल्ली १ व्रतति २ लता ३ ॥

लता प्रतानिनी वीरुद्गुल्मिन्युलप इत्यपि ॥ ९ ॥

वडी लंबी वेलके नाम ३ ॥ वीरुत् १ गुल्मिनी २ उलप ३ ॥ ९ ॥

नगाद्यारोह उच्छ्राय उत्सेधश्चोच्छ्रयश्च सः ॥

वृक्षादिककी उंचाईके नांम ३ ॥ उच्छ्राय १ उत्सेध २ उच्छ्रय ३ ॥

अस्त्री प्रकाण्डः स्कन्धः स्यान्मूलाच्छाखावधिस्तरोः ॥ १० ॥

जडसे शाखातक पेडके नाम २॥ प्रकाण्ड १ स्कन्ध २ ॥ १० ॥

समे शाखालते–

डालके नाम २ ॥ शाखा १ लता २ ॥

–स्कन्धशाखाशाले–

प्रधानशाखा (मोटे डगों) केनाम २ ॥ स्कन्धशाखा १ शाल २ ॥

–शिफाजटे ॥

जडके नाम २॥ शिफा १ जटा २ ॥

शाखाशिफावरोहः स्या–

वरोहका नाम १ ॥ अवरोह १ ॥

–न्मूलाच्चाग्रं गता लता॥ ११॥

मूळसे लेकर अग्रभागपर्यंत गईहुई गिलोय आदिके वेलका नामभी अवरोह है ॥ ११ ॥

शिरोऽग्रं शिखरं वा ना–

टेनीके नाम २॥ शिरोग्र१ शिखर२ ॥

–मूलं बुध्नोऽङ्घ्रिनामकः ॥

मिट्टीके भीतरकी जडके नाम ३ ॥ मूल १ बुध्न २ अंघ्रिनामक सब शब्द३॥

सारो मज्जा नरि–

गूदेके नाम २॥ सार१ मज्जन् २ ॥

-त्वक् स्त्री वल्कं वल्कलमस्त्रियाम् ॥ १२ ॥

वृक्षकी छालके नाम ३ ॥ त्वच् १ वल्क २ वल्कल ३ ॥ १२ ॥

काष्ठं दा–

काठके नाम २॥ काष्ठ १ दारु ॥

–र्विन्धनं त्वेध इध्ममेधः समित्स्त्रियाम् ॥

ईंधनके नाम ३ ॥ इन्धन १ एध२ इध्म ३ यज्ञादिके ईंधनके नाम २ ॥ एधस् १ समिध २ ॥

निष्कुहः कोटरं वा ना–

खोकलके नाम२॥निष्कुह१ कोटर२॥

–वल्लरिर्मञ्जरिः स्त्रियौ ॥ १३ ॥

मजरीके नाम २ ॥ वल्लरि१ मजरि २ ॥ १३ ॥

पत्रं पलाशं छदनं दलं पर्णं छदः पुमान् ॥

पत्तोंके नाम ६ ॥ पत्र १ पलाश २ छदन ३ दल ४ पर्ण ५ छद ६ ॥

पल्लवोऽस्त्री किसलयं-

कोंपलके नाम २॥पल्लव१ किसलय२॥

विस्तारो विटपोऽस्त्रियाम् ॥१४॥

डालोंके फैलनेके नाम २ ॥ विस्तार १ विटप २॥ १४ ॥

वृक्षादीनां फलं सस्यं-

वृक्षादिकोंके फलका नाम १ ॥ सस्य १ ॥

-वृन्तं प्रसवबन्धनम् ॥

नाकूके नाम २ ॥ वृन्त १ प्रसवबन्धन २ ॥

आमे फले शलाटुः स्या-

कच्चेफलका नाम १ ॥ शलाटु १ ॥

-च्छुष्के वान-

सूखे फलका नाम १॥ वान १ ॥

-मुभे त्रिषु ॥ १५ ॥

शलाटु और वान शब्द तीनोंलिंगोंमे होतेहै ॥ १५ ॥

क्षारको जालकं क्लीबे-

नई कली व कलीकी डंडीके नाम २ ॥ क्षारक१ जालक २ ॥

कलिका कोरकः पुमान् ॥

विना फूली कलीके नाम २ ॥ कलिका १ कोरक २ ॥

स्याद्गुच्छकस्तु स्तबकः-

गुच्छेका नाम १ ॥ स्तबक १ ॥

-कुड्मलो मुकुलो स्त्रियाम् १६

अधफूली कलीके नाम २ ॥ कुड्मल १ मुकुल २ ॥ १६ ॥

स्त्रियः सुमनसः पुष्पं प्रसूनं कुसुमं सुमम् ॥

फूलके नाम ॥५ सुमनस् १ पुष्प २ प्रसून ३ कुसुम ४ सुम ५ ॥

मकरन्दः पुष्परसः-

फूलके रसके नाम २ ॥ मकरन्द १ पुष्परस २ ॥

परागः सुमनोरजः ॥ १७ ॥

फूलकी धूलिके नाम २॥पराग १ सुमनोरजस् २ ॥ १७ ॥

द्विहीनं प्रसवे सर्वं-

आगे अश्वत्थ आदिकोंके जो फल पुष्पादिकोंके नाम कहेंगे वह शब्द केवल नपुंसकलिंगहीमें होंगे ॥

-हरीतक्यादयः स्त्रियाम् ॥

भाषा--हरीतकी आदिकोंके फलोंके वाचक(हरीतकी)आदि शब्द स्त्रीलिंगमे होंगे।

आश्वत्थवैणवप्लाक्षनैयग्रोधैङ्गुदं फले ॥ १८ ॥ बार्हतं च-

(पीपलके फलका नाम) आश्वत्थ १ ॥ (वासका फल) वैणव १ ॥ (पाकडके फलका नाम) प्लाक्ष १ ॥ (वटके फलका नाम) नैयग्रोध १ ॥

(इगुदीके फलका नाम)ऐंगुद १॥१८॥
(भटकटैयाके फलका नाम)वार्हत१ ॥

—फले जम्बवा जम्बूः स्त्री जम्बु जाम्बवम् ॥

जामुनके फलके नाम ३ ॥ जम्बू१ जम्बु २ जाम्बव ३ ॥

पुष्पे जातीप्रभृतयः स्वलिङ्गा—

जुहीके फूलका नाम१॥ जाती १॥

—व्रीह्यः फले ॥ १९ ॥

भाषा ॥ अगुलियोंका अग्रभाग देवताओंका तीर्थ कहाता है ॥

—स्वल्पांगुल्योर्मूले कायम्॥५०॥

भाषा—कन अगुलियोंके मूलका नाम १ ॥ प्रजापति तीर्थ है ॥ ५० ॥

मध्येऽङ्गुष्ठांगुल्योः पित्र्यं—

भाषा—अंगुष्ठ और तर्जनी अगुलीके मध्यमें पितृतीर्थ कहाता है ॥

—मूले त्वंगुष्ठस्य ब्राह्मम् ॥

भाषा ॥ अगुष्ठके मूलमें ब्राह्मतीर्थ कहाता है ॥

स्याद्ब्रह्मभूयं ब्रह्मत्वं ब्रह्मसायुज्यमित्यपि ॥ ५१ ॥

ब्रह्ममें मिलजानेके नाम ३ ॥ ब्रह्मभूय १ ब्रह्मत्व २ ब्रह्मसायुज्य३॥५१॥

देवभूयादिकं तद्वत्—

देवमें मिलजानेके नाम ३॥देवभूय १ देवत्व २ देवसायुज्य ३ ॥

--कृच्छ्रं सान्तपनादिकम्॥

गोमूत्र गोबर दूध दही घी कुशोदक इनका भक्षण करने और एक रात्रिके उपवासका नाम १ ॥ कृच्छ्र १ ॥

संन्यासवत्यनशने पुमान्प्रायो-

सन्यासपूर्वक भोजनत्यागका नाम १ ॥ प्राय १ ॥

--ऽथ वीरहा ॥५२॥ नष्टाग्निः--

जिस तपस्वीकी अग्नि बुझगई हो उस तपस्वीके नाम २ ॥ वीरहन् १ ॥५२॥ नष्टाग्नि २ ॥

कुहना लोभान्मिथ्येर्यापथकल्पना ॥

दम्भसे ध्यानादि करनेका नाम १॥ कुहना १ ॥

व्रात्यः संस्कारहीनः स्या--

जिस ब्राह्मणका गौण कालमेंभी यज्ञोपवीत न हुआ हो उसका नाम १ ॥ व्रात्य १ ॥

--दस्वाध्यायो निराकृतिः॥५३॥

वेदाभ्यासरहितका नाम १॥ निराकृति १ ॥ ५३ ॥

धर्मध्वजी लिङ्गवृत्ति--

बहुरूपिया ब्राह्मणके नाम २ ॥ धर्मध्वजिन् १ लिंगवृत्ति २ ॥

--रवकीर्णी क्षतव्रतः ॥

जिसका ब्रह्मचर्य नष्ट होगया हो उसके नाम २॥अवकीर्णिन्१क्षतव्रत२॥

सुप्ते यस्मिन्नस्तमेति सुप्ते यस्मिन्नुदेति च ॥ ५४ ॥ अंशुमानभिनिर्मुक्ताभ्युदितौ च यथाक्रमम्॥

सायं सन्ध्यामें सोनेवालेका नाम१॥ अभिनिर्मुक्त १ ॥ प्रातःकालकी संध्यामें सोनेवालेका नाम १॥अभ्युदित१॥५४॥

परिवेत्ताऽनुजोऽनूढे ज्येष्ठे दारपरिग्रहात् ॥ ५५ ॥

जिसका बडा भाई न व्याहा गया हो प्रथम छोटा व्याहा जाय तो उस छोटेका नाम १ ॥ परिवेत्तृ १ ॥ ५५॥

परिवित्तिस्तु तज्ज्यायान्--

उसके बडेभाईका नाम १ ॥ परिवित्ति १ ॥

--विवाहोपयमौ समौ ॥ तथा परिणयोद्वाहोपयामाः पाणिपीडनम् ॥ ५६ ॥

विवाहके नाम ६ ॥ विवाह १ उपयम २ परिणय ३ उद्वाह ४ उपयाम५ पाणिपीडन ६ ॥ ५६ ॥

व्यवायो ग्राम्यधर्मो मैथुनं निधुवनं रतम् ॥

मैथुनके नाम ५ ॥ व्यवाय१ग्राम्यधर्म २ मैथुन ३ निधवन ४ रत ५ ॥

त्रिवर्गो धर्मकामार्थै-

वेदविहितयज्ञादि विधि, स्त्रीसेवन, न्यायसे धनोपार्जन, इनका नाम १ ॥ त्रिवर्ग १ ॥

-श्चतुर्वर्गः समोक्षकैः ॥ ५७ ॥

और मोक्ष करके युक्त धर्म अर्थ काम हो तो उसका नाम १॥ चतुर्वर्ग १॥५७॥

सबलैस्तैश्चतुर्भद्रं-

और वे धर्मादि सबल हो तो उनका नाम १ ॥ चतुर्भद्र १ ॥

-जन्याः स्निग्धा वरस्य ये॥५८॥

बराती अर्थात् वरके पक्षवालोंका नाम ॥ १ ॥ जन्य १ ॥ ५८ ॥

इति ब्रह्मवर्गः ॥ ७ ॥

अथ क्षत्रियवर्गः ८.

मूर्धाभिषिक्तो राजन्यो बाहुजः क्षत्रियो विराट् ॥

क्षत्रियके नाम ५॥ मूर्द्धाभिषिक्त १ राजन्य २ बाहुज ३ क्षत्रिय ४ विराज् ५॥

राजा राट् पार्थिवक्ष्माभृन्नृपभूपमहीक्षितः ॥ १ ॥

राजाके नाम ७॥ राजन् १ राज् २ पार्थिव ३ क्ष्माभृत् ४ नृप ५ भूप ६ महीक्षित् ७ ॥ १ ॥

राजा तु प्रणताशेषसामन्तः स्यादधीश्वरः ॥

जो बहुत राजाओंका मालिक हो उसका नाम १ ॥ अधीश्वर १ ॥

चक्रवर्ती सार्वभौमो-

समुद्रपर्यन्त पृथ्वीका जिसका राज्य हो उसके नाम २ ॥ चक्रवर्तिन् १ सार्वभौम २ ॥

-नृपोऽन्यो मण्डलेश्वरः ॥ २ ॥

चारहजार ४००० कोशके भूमडलके राजाका नाम १॥ मण्डलेश्वर १॥ २॥

येनेष्टं राजसूयेन मण्डलस्येश्वरश्च यः ॥ शास्ति यश्चाज्ञया राज्ञः स सम्रा-

वही मण्डलेश्वर राजसूययज्ञ किये हो और सब राजाओंका शिक्षक हो तौ उसका नाम १ ॥ सम्राज् १ ॥

-ड्थ राजकम् ॥ ३ ॥ राजन्यकं च नृपतिक्षत्रियाणां गणे क्रमात् ॥

राजाओंके गणका नाम १ ॥ राजक १॥३॥ और क्षत्रियोंके गणका नाम १ ॥ राजन्यक १ ॥

मन्त्री धीसचिवोऽमात्यो-

मन्त्रीके नाम ३ ॥ मन्त्रिन् १ धीसचिव २ अमात्य ३ ॥

-ऽन्ये कर्मसचिवास्ततः ॥ ४ ॥

मन्त्रीसे छोटे अन्य मुसाहिबोंका नाम १ ॥ कर्मसचिव १ ॥ ४ ॥

महामात्राः प्रधानानि–

मुख्यमंत्रीके नाम २ ॥ महामात्र १ प्रधान २ ॥

–पुरोधास्तु पुरोहितः ॥

पुरोहितके नाम २ ॥ पुरोधस् १ पुरोहित २ ॥

द्रष्टरि व्यवहाराणां प्राड्विवाकाक्ष-दर्शकौ ॥ ५ ॥

पंच अर्थात् न्यायाधीशके नाम २॥ प्राड्विवाक १ अक्षदर्शक २ ॥ ५ ॥

प्रतीहारो द्वारपालद्वाःस्थद्वाः-स्थितदर्शकाः ॥

द्वारपालके नाम ५ ॥ प्रतीहार १ द्वारपाल२द्वाःस्थ३द्वाःस्थित४दर्शक५॥

रक्षिवर्गस्त्वनीकस्थो–

रखवालेके नाम २ ॥ रक्षिवर्ग १ अनीकस्थ २ ॥

–ऽथाध्यक्षाधिकृतौ समौ ॥ ६ ॥

अधिकारीके नाम २ ॥ अध्यक्ष १ अधिकृत २ ॥ ६ ॥

स्थायुकोऽधिकृतो ग्रामे–

एक ग्रामके ठेकेदारका नाम १ ॥ स्थायुक १ ॥

गोपो ग्रामेषु भूरिषु ॥

बहुत ग्रामोंके ठेकेदारका नाम १॥ गोप १ ॥

भौरिकः कनकाध्यक्षो–

सोनेके अधिकारीके नाम २ ॥ भौरिक १ कनकाध्यक्ष २ ॥

–रूप्याध्यक्षस्तु नैष्किकः ॥ ७ ॥

खजानचीके नाम २ ॥ रूप्याध्यक्ष १ नैष्किक २ ॥ ७ ॥

अन्तःपुरे त्वधिकृतः स्यादन्त-र्वंशिको जनः ॥

जो जनानेकी वस्तुओंका अधिकारी हो उसका नाम १ ॥ अन्तर्वंशिक १॥

सौविदल्लाः कञ्चुकिनः स्थापत्याः सौविदाश्च ते ॥ ८ ॥

राजा वा राजस्त्रियोंके निकट जो बेत लिये हुए खडे रहते हैं उनके नाम ४॥ सौविदल्ल १ कञ्चुकिन् २स्थापत्य ३ सौविद ४ ॥ ८ ॥

षण्ढो वर्षवरस्तुल्यौ–

खोजोंके नाम२॥ षण्ढ१वर्षवर२॥

–सेवकार्थ्यनुजीविनः ॥

सेवक वा नौकरके नाम ३॥ सेवक १ अर्थिन् २ अनुजीविन् ३ ॥

विषयानन्तरो राजा शत्रु–

राजाके देशके पासके राजाका नाम १ ॥ शत्रु १ ॥

–र्मित्रमतः परम् ॥ ९ ॥

उससे अन्य राजाका नाम १ ॥ मित्र १ ॥ ९ ॥

उदासीनः परतरः—

इन शत्रु मित्रोंसे पर अन्य राजाओंका नाम १ ॥ उदासीन १ ॥

—पार्ष्णिग्राहस्तु पृष्ठतः ॥

अपने राज्यके पीछे राजा हो उसका नाम १ ॥ पार्ष्णिग्राह १ ॥

रिपौ वैरिसपत्नारिद्विषद्द्वेषणदुर्हृदः॥१०॥ द्विड्विपक्षाहितामित्रदस्युशात्रवशत्रवः ॥ अभिघातिपरारातिप्रत्यर्थिपरिपंथिनः ॥ ११ ॥

दुश्मनके नाम १९ ॥ रिपु १ वैरिन् २ सपत्न ३ अरि ४ द्विषत् ५ द्वेषण ६ दुर्हृद् ७ ॥ १० ॥ द्विष् ८ विपक्ष ९ अहित १० अमित्र ११ दस्यु १२ शात्रव १३ शत्रु १४ अभिघातिन् १५ पर १६ अराति १७ प्रत्यर्थिन् १८ परिपंथिन् १९ ॥ ११ ॥

वयस्यः स्निग्धः सवया—

हमजोलीके नाम ३ ॥ वयस्य १ स्निग्ध २ सवयस् ३ ॥

—अथ मित्रं सखा सुहृत् ॥

मित्रके नाम ३॥मित्र १ सखि २ सुहृद् ३

सख्यं साप्तपदीनं स्या—

मित्रताके नाम २ ॥ सख्य १ साप्तपदीन २ ॥

—दनुरोधोऽनुवर्तनम् ॥ १२॥

मला मनाने (मुलाहिजे)के नाम २॥ अनुरोध १ अनुवर्त्तन २ ॥ १२ ॥

यथार्हवर्णः प्रणिधिरपसर्पश्चरः स्पशः ॥ चारश्च गूढपुरुष—

जासूस वा हलिकारेके नाम ७ ॥ यथार्हवर्ण १ प्रणिधि २ अपसर्प ३ चर ४ स्पश ५ चार ६ गूढपुरुष ७ ॥

—श्चाप्तप्रत्ययितौ समौ ॥१३॥

विश्वासीके नाम २ ॥ आप्त १ प्रत्ययित २ ॥ १३ ॥

सांवत्सरो ज्योतिषिको दैवज्ञगणकावपि ॥ स्युर्मौहूर्तिकमौहूर्तज्ञानिकार्तान्तिका अपि ॥१४॥

ज्योतिषी पण्डितके नाम ८॥ सांवत्सर १ ज्योतिषिक २ दैवज्ञ ३ गणक ४ मौहूर्तिक ५ मौहूर्त ६ ज्ञानिन् ७ कार्तान्तिक ८ ॥ १४ ॥

तान्त्रिको ज्ञातसिद्धान्तः—

शास्त्रीके नाम २ ॥ तान्त्रिक १ ज्ञातसिद्धान्त २ ॥

—सत्री गृहपतिः समौ—

मोदीके नाम २॥ सत्रिन् १ गृहपति २॥

लिपिकरोऽक्षरचणोऽक्षरचुञ्चुश्च लेखके ॥ १५ ॥

लेखकके नाम ४॥ लिपिकर १ अक्षरचण २ अक्षरचुञ्चु ३ लेखक ४॥१५॥

लिखिताक्षरविन्यासे लिपिर्लिबिरुभे स्त्रियौ ॥

लिखे हुए लेखके नाम ४॥ लिखित १ अक्षरविन्यास २ लिपि ३ लिबि ४ ॥

स्यात्संदेशहरो दूतो-

दूतके नाम २॥ संदेशहर १ दूत २॥

-दूत्यं तद्भावकर्मणी ॥ १६ ॥

दूतपनका नाम १॥ दूत्य १॥ १६॥

अध्वनीनोऽध्वगोऽध्वन्यः पान्थः पथिक इत्यपि ॥

रस्तेगीरके नाम ५ ॥ अध्वनीन १ अध्वग २ अध्वन्य ३ पान्थ ४ पथिक ५॥

स्वाम्यमात्यसुहृत्कोशराष्ट्रदुर्गबलानि च ॥ १७ ॥ राज्याङ्गानि प्रकृतयः पौराणां श्रेणयोऽपि च ॥

स्वामी (राजा) अमात्य (मन्त्री) सुहृद् (मित्र) कोश (खजाना) राष्ट्र (देशकी भूमि) दुर्ग (दुर्गमस्थान) बल (फौज) ॥ १७ ॥ पुरवासी और शिल्पी इन सबके नाम २॥ राज्याङ्ग १ प्रकृति २ ॥

संधिर्ना विग्रहो यानमासनं द्वैधमाश्रयः ॥ १८ ॥ षड्गुणाः-

सुवर्णादि देके शत्रुके मिलानेका नाम १॥ सन्धि १॥ शत्रुके साथ विगडनेका नाम १॥ विग्रह १॥ शत्रुपर चढाई करनेका नाम १॥ यान १॥ अपने स्थानपर तैयार हो रहनेका नाम १॥ आसन १॥ शत्रुके अधिकारियोंमें फूंट करानेका नाम १॥ द्वैध १ ॥ दूसरेका आसरा लेनेका नाम १ ॥ आश्रय १ ॥ १८ ॥ ये छः गुण कहलाते हैं.

-शक्तयस्तिस्रः प्रभावोत्साहमन्त्रजाः ॥

राजाकी शक्तियोंके नाम ३॥ प्रभावज १ उत्साहज २ मन्त्रज ३॥

क्षयः स्थानं च वृद्धिश्च त्रिवर्गो नीतिवेदिनाम् ॥ १९ ॥

नीतिशास्त्रोक्त क्षय स्थान वृद्धिका नाम १ ॥ त्रिवर्ग १ ॥ १९ ॥

स प्रतापः प्रभावश्च यत्तेजः कोशदण्डजम् ॥

खजाना और दंडके प्रभावके नाम २ ॥ प्रताप १ प्रभाव २ ॥

सामदाने भेददण्डावित्युपायचतुष्टयम् ॥ २० ॥

राजाके चारों उपायोंके नाम ४ ॥ सामन् १ दान २ भेद ३ दण्ड ४ ॥ २० ॥

साहसं तु दमो दण्डः-

दण्ड देनेके नाम ३ ॥ साहस १ दम २ दण्ड ३ ॥

-साम सान्त्व-

सलूक करनेके नाम २॥ सामन् १ सान्त्व २ ॥

—मथो समौ ॥ भेदोपजापा-

फरक डालनेके नाम २ ॥ भेद १ उपजाप २ ॥

—वुपधा धर्माद्यैर्यत्परीक्षणम् २१

धर्म अर्थ काम और भयसे मंत्री इत्यादिकोंकी परीक्षा करनेका नाम १ ॥ उपधा १ ॥ २१ ॥

पञ्च त्रि—

भाषा—अषडक्षीण आदि निःशलाक पर्य्यन्त पाच शब्द तीनो लिङ्गोंमें होतेहैं॥

—ष्वषडक्षीणोयस्तृतीयाद्यगो-चरः ॥

दो जनोंकीही सलाहका नाम १ ॥ अषडक्षीण १ ॥

विविक्तविजनच्छन्ननिःशलाका स्तथा रहः ॥ २२ ॥ रहश्चोपांशु चालिङ्गे—

एकान्तके नाम ७ ॥ विविक्त १ विजन २ छन्न ३ निश्शलाक ४ रहस् ५ ॥ २२ ॥ रह ६ उपांशु ७ ॥

—रहस्यं तद्भवे त्रिषु ॥

एकान्तकी वात वा कामका नाम १ ॥ रहस्य १ ॥

समौ विस्रम्भविश्वासौ—

विश्वासके नाम २ ॥ विस्रम्भ १ विश्वास २ ॥

—भ्रेषो भ्रंशो यथोचितात् ॥ २३

अन्यायका नाम १ ॥भ्रेष१॥२३॥

अभ्रेषन्यायकल्पास्तु देशरूपं समञ्जसम् ॥

न्यायके नाम ५ ॥ अभ्रेष १ न्याय २ कल्प ३ देशरूप ४ समञ्जस ५ ॥

युक्तमौपयिकं लभ्यं भजमाना-भिनीतवत् ॥ २४ ॥ न्याय्यं च त्रिषु षट्—

न्यायसे जो वस्तु ली जावे उसके नाम ६ ॥युक्त १ औपयिक २ लभ्य ३ भज-मान ४ ॥अभिनीत ५ ॥ २४ ॥ न्याय्य ६ ॥ये छः शब्द त्रिलिंग हैं ॥

—संप्रधारणा तु समर्थनम् ॥

यही उचित है ऐसे निश्चय करनेके नाम २ ॥ सम्प्रधारणा १ समर्थन २ ॥

अववादस्तु निर्देशो निदेशः शासनं च सः ॥ २५ ॥ शिष्टि-श्चाज्ञा च—

आज्ञाके नाम ६ ॥ अववाद १ निर्देश २ निदेश ३ शासन ४ ॥ २५ ॥ शिष्टि ५ आज्ञा ६ ॥

—संस्था तु मर्यादा धारणा स्थितिः ॥

मर्य्यादाके नाम ४ ॥ संस्था १ मर्यादा २ धारणा ३ स्थिति ४ ॥

आगोऽपराधो मन्तुश्च-

अपराधके नाम ३ ॥ आगस् १ अ-पराध २ मन्तु ३ ॥

-समे तूद्दानबन्धने ॥ २६ ॥

बन्धनके नाम २ ॥ उद्दान १ ॥ बन्धन २ ॥ २६ ॥

द्विपाद्यो द्विगुणो दण्डो-

दूने दण्डका नाम १ द्विपाद्य १ ॥

-भागधेयः करो बलिः ॥

करके नाम ३ ॥ भागधेय १ कर २ बलि ३ ॥

घट्टादिदेयं शुल्कोऽस्त्री-

घाटीवगैरहमे देने योग्य महसूलका नाम १ ॥ शुल्क १ ॥

-प्राभृतं तु प्रदेशनम् ॥ २७ ॥

मित्रादिको भेट वा नजर देनेके नाम २ ॥ प्राभृत १ प्रदेशन २ ॥ २७ ॥

उपायनमुपग्राह्यमुपहारस्तथोपदा ॥

राजाको भेंट वा नजर देनेके नाम ४ ॥ उपायन १ उपग्राह्य २ उपहार ३ उपदा ४ ॥

यौतकादि तु यद्देयं सुदायो हरणं च तत् ॥ २८ ॥

दहेज वा भाईबन्धुओंके देनेकी वस्तुके नाम २ सुदाय १ हरण २ ॥ २८ ॥

तत्कालस्तु तदात्वं स्या-

वर्तमानसमयके नाम २ ॥ तत्काल १ तदात्व २

-दुत्तरः काल आयतिः ॥

आनेवाले समयका नाम १ आयति १ ॥

सांदृष्टिकं फलं सद्य-

तुरन्तके फलका नाम १ ॥ सांदृष्टिक १ ॥

-उदर्कः फलमुत्तरम् ॥ २९ ॥

आगेके होनेवालेका नाम १ ॥ उदर्क १ ॥ २९ ॥

अदृष्टं वह्नितोयादि-

आग लगने और अतिवृष्टिहोने आदि उत्पातका नाम १ ॥ अदृष्ट १ ॥

-दृष्टं स्वपरचक्रजम् ॥

अपने या पराये राज्यसे चौरादिके भयका नाम १ ॥ दृष्ट १ ॥

महीभुजामहिभयं स्वपक्षप्रभवं भयम् ॥ ३० ॥

अपने सहायकसे भयका नाम १ ॥ अहिभय १ ॥ ३० ॥

प्रक्रिया त्वधिकारः स्या-

कानून चलानेके नाम २ ॥ प्रक्रिया १ अधिकार २ ॥

-च्चामरं तु प्रकीर्णकम् ॥

चॅवरके नाम २ ॥ चामर १ प्रकीर्णक २ ॥

नृपासनं यत्तद्भद्रासनं-

मणि आदिसे बनीहुई राजगद्दीके नाम २ ॥ नृपासन १ भद्रासन २ ॥

—सिंहासनं तु तत् ॥ ३१ ॥
हैमं—

कदाचित् वही राजाके बैठनेका स्थान सोनेसे बनाहो तो उसका नाम १ ॥ सिंहासन १ ॥ ३१ ॥

—छत्रं त्वातपत्रं—

छतुरीके नाम २॥ छत्र १ आतपत्र २॥

—राज्ञस्तु नृपलक्ष्म तत् ॥

राजाके छत्रका नाम १॥नृपलक्ष्मन् १॥

भद्रकुम्भः पूर्णकुम्भो—

भरेघडेके नाम २ ॥ भद्रकुम्भ १ पूर्णकुम्भ २

भृङ्गारः कनकालुका ॥ ३२ ॥

झारी या गडुवेके नाम २॥भृङ्गार १ कनकालुका २ ॥ ३२ ॥

निवेशः शिविरं षण्ढे—

डेराके नाम २॥ निवेश १ शिविर २॥

सज्जनं तूपरक्षणम् ॥

पहरेके नाम २॥ सज्जन १ उपरक्षण २॥

हस्त्यश्वरथपादातं सेनाङ्गं स्याच्चतुष्टयम् ॥ ३३ ॥

हाथी घोडा रथ सिपाही इन सबका नाम १ ॥ सेनाङ्ग १ ॥ ३३ ॥

दन्ती दन्तावलो हस्ती द्विरदोऽनेकपो द्विपः ॥ मतङ्गजो गजो नागः कुञ्जरो वारणः करी ॥ ३४॥ इभः स्तम्बेरमः पद्मी—

हाथीके नाम १५॥ दन्तिन् १ दन्तावल २ हस्तिन् ३ द्विरद ४ अनेकप ५ द्विप ६ मतंगज ७ गज ८ नाग ९ कुञ्जर १० वारण ११ करिन् १२॥३४॥ इभ १३ स्तम्बेरम १४ ॥ पद्मिन् १५ ॥

—यूथनाथस्तु यूथपः ॥

हाथियोंके सिरदार हाथीके नाम २॥ यूथनाथ १ यूथप २ ॥

मदोत्कटो मदकलः—

मदान्ध हाथीके नाम २॥ मदोत्कट १ मदकल २ ॥

—कलभः करिशावकः ॥ ३५॥

हाथीके बच्चोंके नाम २॥ कलभ १ करिशावक २ ॥ ३५ ॥

प्रभिन्नो गर्जितो मत्तः—

जिसके मद बहता हो उसके नाम ३॥ प्रभिन्न १ गर्जित २ मत्त ३ ॥

—समावुद्वान्तनिर्मदौ ॥

वे मदवालेके नाम २ ॥ उद्वान्त १ निर्मद २ ॥

हास्तिकं गजता वृन्दे—

हाथियोंके समूहके नाम २॥ हास्तिक १ गजता २ ॥

—करिणी धेनुका वशा ॥ ३६॥

हथिनीके नाम ३॥ करिणी १ धेनुका २ वशा ३ ॥ ३६ ॥

गण्डः कटो–

हाथीके गालके नाम २ ॥ गण्ड १ कट २ ॥

–मदो दानं–

हाथीके मदके नाम २ ॥ मद १ दान २ ॥

–वमथुः करशीकरः ॥

हाथीकी सूँडसे पानी निकलनेके नाम २ ॥ वमथु १ करशीकर २ ॥

कुम्भौ तु पिण्डौ शिरस–

हाथीके मस्तकके मासका नाम १॥ कुम्भ १ ॥

–स्तयोर्मध्ये विदुः पुमान्॥३७॥

दोनों कुम्भोके मध्यमे जो खाली रहता है उसका नाम १ ॥ विदु १ ॥३७॥

अवग्रहो ललाटं स्या–

हाथीके लिलारका नाम १॥अवग्रह १

–दिषिका त्वक्षिकूटकम् ॥

उसके नेत्रोंकी गोलाईके नाम २॥ इपिका १ अक्षिकूटक २ ॥

अपांगदेशो निर्याणं–

उसके निहारनेका नाम १॥निर्याण १॥

–कर्णमूलं तु चूलिका ॥३८॥

हाथीके जहां से कान जमते हैं उस जगहका नाम १ ॥ चूलिका १॥३८॥

अधः कुम्भस्य वाहित्थं–

हाथीके लिलारके नीचेका नाम १॥ वाहित्थ १ ॥

प्रतिमानमधोऽस्य यत् ॥

वाहित्थके नीचेका नाम १॥ प्रतिमान १ ॥

आसनं स्कन्धदेशः स्या–

हाथीके कन्धेका नाम १॥आसन १॥

–त्पद्मकं विन्दुजालकम्॥३९॥

हाथीके बिन्दुओंका नाम १॥ पद्मक १ ॥ ३९ ॥

पार्श्वभागः पक्षभागो–

हाथीकी बगलके नाम २॥ पार्श्वभाग १ पक्षभाग २ ॥

–दन्तभागस्तु योऽग्रतः ॥

हाथीके आगेके भागका नाम १॥ दन्तभाग १ ॥

द्वौ पूर्वपश्चाज्जंघादिदेशौ गात्रावरे क्रमात् ॥ ४० ॥

हाथीके आगेके जघादि भागका नाम १ ॥ गात्र १ ॥ हाथीके पीछेके भागका नाम १ ॥ अवर १ ॥ ४० ॥

तोत्रं वैणुक–

चाबुककी डंडीके नाम २ ॥ तोत्र १ वैणुक २ ॥

–मालानं बन्धस्तम्भे–

हाथीके खूटेका नाम १॥आलान १॥

—ऽथ शृंखले ॥ अन्दुको निगडोऽस्त्री स्या—

हाथीकी जंजीरके नाम ३॥ शृंखल १ अन्दुक २ निगड ३ ॥

—दंकुशोऽस्त्री सृणिः स्त्रियाम् ४१

अंकुशके नाम २ ॥ अंकुश १ सृणि २ ॥ ४१ ॥

दूष्या कक्ष्या वरत्रा च—

हाथीकी कमर बांधनेकी रस्सीके नाम ३॥ दूष्या १ कक्ष्या २ वरत्रा३॥

—कल्पना सज्जना समे ॥

मालिकके चढनेके वास्ते हाथीको तैयारकरनेके नाम २ ॥ कल्पना १ सज्जना २ ॥

प्रवेण्यास्तरणं वर्णः परिस्तोमः कुथो द्वयोः ॥ ४२ ॥

गद्दी वा झूलके नाम ५ ॥ प्रवेणी १ आस्तरण २ वर्ण ३ परिस्तोम ४ कुथ ५ ॥ ४२ ॥

वीतं त्वसारं हस्त्यश्वं—

हाथी घोडेका नाम १ ॥ वीत१॥

—वारी तु गजबन्धनी ॥

जिस भूमिमें हाथी बाधेजायँ उसका नाम १ ॥ वारी १ ॥

घोटके वीतितुरगतुरङ्गाश्वतुरङ्गमाः ॥ ४३ ॥ वाजिवाहार्वगन्धर्वहयसैन्धवसप्तयः ॥

घोडेके नाम १३ ॥ घोटक १ वीति २ तुरग ३ तुरङ्ग ४ अश्व ५ तुरङ्गम ६ ॥ ४३ ॥ वाजिन् ७ वाह ८ अर्वन् ९ गन्धर्व १० हय ११ सैन्धव १२ सप्ति १३ ॥

आजानेयाः कुलीनाः स्यु—

कुलीन घोडेका नाम १॥आजानेय१॥

—र्विनीताः साधुवाहिनः॥४४॥

सीखेहुये घोडेका नाम १ ॥ विनीत १ ॥ ४४ ॥

वनायुजाः पारसीकाः काम्बोजा बाह्लिका हयाः ॥

वनायु देशमें पैदाहुऐ घोडेका नाम १ ॥ वनायुज १ ॥

पारसदेशोत्पन्न घोडेका नाम १ ॥ पारसीक १ ॥

काबुली घोडेका नाम १॥ बाह्लिक१॥

ययुरश्वोऽश्वमेधीयो—

अश्वमेधके श्यामकर्णवाले घोडेका नाम १ ॥ ययु १ ॥

—जवनस्तु जवाधिकः ॥ ४५॥

जल्दी चलनेवाले घोडेका नाम १ ॥ जवन १ ॥ ४५ ॥

पृष्ठ्यः स्थौरी—

लदनेवाले घोडेके नाम २ ॥पृष्ठ्य१ स्थौरिन् २ ॥

—सितः कर्को—

उजले घोडेका नाम १ ॥ कर्क १॥

—रथ्यो वोढा रथस्य यः ॥

रथके घोडेका नाम १ ॥ रथ्य १॥

बालः किशोरो—

घोडेके बच्चेका नाम १॥ किशोर १॥

—वाम्यश्वा वडवा—

घोडीके नाम ३ ॥ वामी १ अश्वा २ वडवा ३ ॥

—वाडवं गणे ॥ ४६ ॥

घोडीके समूहका नाम १ वाडव १॥४६

त्रिष्वाश्वीनं यदश्वेन दिनेनैकेन गम्यते ॥

घोडेके एक दिन चलने योग्य मार्गका नाम १ ॥ आश्वीन १ ॥

कश्यं तु मध्यमश्वानां—

घोडेके मध्यभागका नाम १॥कश्य १॥

—हेषा हेषा च निःस्वनः॥४७॥

घोडेके शब्दका नाम २ ॥ हेषा १ ह्रेषा २ ॥ ४७ ॥

निगालस्तु गलोद्देशो—

घोडेके गलेका नाम १॥ निगाल १॥

—वृन्दे त्वश्वीयमाश्ववत् ॥

घोडोंके समूहका नाम २ ॥ अश्वीय १ आश्व २ ॥

आस्कन्दितं धौरितकं रेचितं वल्गितं प्लुतम् ॥ ४८ ॥ गतयोऽमूः पञ्च धारा—

घोडेके पांच प्रकारकी चालोंके नाम ५ ॥ आस्कन्दित १ धौरितक २ रेचित ३ वल्गित ४ प्लुत ५ ॥ ४८॥

—घोणा तु प्रोथमस्त्रियाम् ॥

घोडेकी नाकका नाम १ ॥ प्रोथ १॥

कविका तु खलीनोऽस्त्री—

घोडेकी लगामके नाम २ ॥ कविका १ खलीन २ ॥

—शफं क्लीबे खुरः पुमान्॥४९॥

घोडेके खुरके नाम ३ ॥ शफ १ खुर २ (क्षुर) ३ ॥ ४९ ॥

पुच्छोऽस्त्री लूमलांगूले—

पूंछके नाम ३॥ पुच्छ १ लूम २ लांगूल ३॥

—वालहस्तश्च वालधिः ॥

वालसहित पूँछके नाम २ ॥ वालहस्त १ वालधि २ ॥

त्रिषूपावृत्तलुठितौ परावृत्ते मुहुर्भुवि ॥ ५० ॥

पृथ्वीमें लोटनेके नाम २ ॥ उपावृत्त १ लुठित २ ॥ ५० ॥

याने चक्रिणि युद्धार्थे शताङ्गः स्यन्दनो रथः ॥

युद्धके रथके नाम ३ ॥ शतांग १ स्यन्दन २ रथ ३ ॥

असौ पुष्परथश्चक्रयानं न समराय यत् ॥ ५१ ―

सामान्य रथका नाम १ ॥ पुष्परथ १ ॥ ५१ ॥

कर्णीरथः प्रवहणं डयनं च समं त्रयम् ॥

स्त्रियोंकी गाडीके नाम ३॥ कर्णीरथ १ प्रवहण २ डयन ३ ॥

क्लीबेऽनः शकटोऽस्त्री स्या―

छकडेके नाम२ अनस् १ शकट २ ॥

―द्गन्त्री कम्बलिवाह्यकम् ॥ ५२ ॥

गाडीके नाम २ ॥ गन्त्री १ (गान्त्री) २ ॥ ५२ ॥

शिविका: याप्ययानं स्या―

पालकीके नाम २ ॥ शिविका १ याप्ययान २ ॥

―द्दोला प्रेखादिका स्त्रियाम् ॥

दोली वा हिंढोलेके नाम २ ॥ दोली १ प्रेखा २ ॥

उभौ तु द्वैपवैयाघ्रौ द्वीपिचर्मावृते रथे ॥ ५३ ॥

जिसमे वघेरके चमडेका परदा हो उसके नाम२ ॥ द्वैप १ वैयाघ्र २ ॥ ५३ ॥

पाण्डुकम्बलसंवीतः स्यन्दनः पाण्डुकम्बली ॥

पीले रंगवाले परदेके रथका नाम १ ॥ पाण्डुकम्बली १ ॥

रथे काम्बलवास्त्राद्याः कम्बलादिभिरावृते ॥ ५४ ॥

कम्बलके परदेवाले रथका नाम १ ॥ काम्बल १ ॥ ५४ ॥

त्रिषु द्वैपाद्यो―

भाषा―द्वैप आदि शब्द तीनों लिंगो मे होते है ॥

―रथ्या रथकव्या रथव्रजे ॥

रथके समूहके नाम २ ॥ रथ्या १ रथकव्या २ ॥

धूःस्त्री क्लीबे यानमुखं―

धूरीके नाम २॥ धुर १ यानमुख २॥

स्याद्रथाङ्गमपस्करः ॥ ५५ ॥

तांगेके नाम २॥ रथांग १ अपस्कर २ ॥ ५५ ॥

चक्रं रथाङ्गं―

पहियेके नाम २ ॥ चक्र १ रथाङ्ग २॥

―तस्यान्ते नेमिः स्त्रीस्यात्प्रधिः पुमान् ॥

रथकी नेमिके नाम२॥ नेमि १ प्रधि २॥

पिण्डिका नाभि―

पुट्टीके नाम २॥ पिण्डिका १ नाभि २॥

―रक्षाग्रकीलके तु द्वयोराणिः ॥ ५६ ॥

कुलावेका नाम १ ॥ अणि १ ॥ ५६॥

रथगुप्तिर्वरूथो ना―

लोहे जडेहुये रथके आवरणके नाम २॥ रथगुप्ति १ वरूथ २ ॥

कूबरस्तु युगंधरः ॥

काठके जुएके बांधनेके स्थानके नाम २ ॥ कूबर १ युगधर २ ॥

अनुकर्षो दार्वधःस्थं-

सुगनके नाम १ ॥ अनुकर्ष १ ॥

-प्रासङ्गो ना युगाद्युगः॥५७॥

जुएके नाम २॥प्रासंग १ युग २॥५७॥

सर्वं स्याद्वाहनं यानं युग्यं पत्रं च धोरणम् ॥

सवारीके नाम ५॥ वाहन १ यान २ युग्य ३ पत्र ४ धोरण ५

परम्परावाहनं यत्तद्वैनीतकम-स्त्रियाम् ॥ ५८ ॥

कहार आदि वाहनोंका नाम १ ॥ वैनीतक १ ॥ ५८ ॥

आधोरणा हस्तिपका हस्त्या-रोहा निषादिनः ॥

हाथीवान्‌के नाम ४॥ आधोरण १ हस्तिपक २ हस्त्यारोह ३ निषादिन् ४॥

नियंता प्राजिता यन्ता सूतः क्षत्ता च सारथिः ॥ ५९ ॥ सव्येष्ठद-क्षिणस्थौ च संज्ञारथकुटुम्बिनः ॥

रथादिके हाँकनेवालेके नाम ८॥ नियन्तृ १ प्राजितृ ४ यन्तृ ३ सूत ४ क्षत्तृ ५ सारथि ६ ॥५९॥ सव्येष्ठ ७ दक्षिणस्थ ८ ॥

रथिनः स्यन्दनारोहा-

रथके ऊपर चढके लडनेवालोंके नाम २॥ रथिन १ स्यन्दनारोह २ ॥

-अश्वारोहास्तु सादिनः॥६०॥

घुडसवारके नाम २ ॥ अश्वारोह १ सादिन् २ ॥ ६० ॥

भटा योधाश्च योद्धारः-

लडनेवालेके नाम ३ ॥ भट १ योध २ योद्धृ ३ ॥

-सेनारक्षास्तु सैनिकाः ॥

पहरा देनेवालेके नाम २ ॥ सेनारक्ष १ सैनिक २ ॥

सेनायां समवेता ये सैन्यास्ते सैनिकाश्च ते ॥ ६१ ॥

सम्पूर्ण सेनाके नाम २ ॥ सैन्य १ सैनिक २ ॥ ६१ ॥

बलिनो ये सहस्रेण साहस्रास्ते सहस्रिणः ॥

हजार सिपाहियोंके मालिकके नाम २ ॥ साहस्र १ सहस्रिन् २ ॥

परिधिस्थः परिचरः-

जो फौज रखानेके अर्थ चारोंतरफ घूमताहै उसके नाम २ ॥ परिधिस्थ १ परिचर २ ॥

—सेनानीर्वाहिनीपतिः ॥ ६२॥

सेनाके मालिकके नाम २ ॥ सेनानी १ वाहिनीपति २ ॥ ६२ ॥

कञ्चुको वारबाणोऽस्त्री—

योद्धाओंको युद्धके समय पहरनेके वस्त्रके नाम २॥ कञ्चुक१ वारबाण२॥

यत्तु मध्ये सकञ्चुकाः ॥

वध्नंति तत्सारसनमधिकाङ्गो—

इसे पहन कर जो योद्धा पट्टी बाधते हैं उसके नाम २ ॥ सारसन १ अधिकाग २ ॥

—ऽथ शीर्षकम् ॥ ६३ ॥ शीर्षण्यं च शिरस्त्रे—

टोपके नाम ३ ॥ शीर्षक १ ॥६३ ॥ शीर्षण्य २ शिरस्त्र ३ ॥

—ऽथ तनुत्रं वर्म दंशनम् ॥ उरश्छदः कङ्कटको जगरः कवचोऽस्त्रियाम् ॥ ६४ ॥

कवचके नाम७ ॥ तनुत्र १ वर्मन् २ दंशन ३ उरश्छद ४ कंकटक ५ जगर ६ कवच ७ ॥ ६४ ॥

आमुक्तः प्रतिमुक्तश्च पिनद्धश्चापिनद्धवत् ॥

पहिरेहुए कवचके नाम ४॥ आमुक्त १ प्रतिमुक्त २ पिनद्ध ३ अपिनद्ध४॥

संनद्धो वर्मितः सज्जो दंशितो व्यूढकङ्कटः ॥ ६५ ॥

मत्रादि कवच धारण किये हुएके नाम ५ ॥ संनद्ध १ वर्मित २ सज्ज ३ दशित ४ व्यूढकंकट ५ ॥ ६५ ॥

त्रिष्वामुक्तादयो—

भाषा ॥ आमुक्त आदि शब्द तीनो लिंगोमें होतेहैं ॥

—वर्मभृतां कावचिकं गणे ॥

कवच धारण करनेवालोंके समूहका नाम १ ॥ कावचिक १ ॥

पदातिपत्तिपदगपादातिकपदाजयः ॥ ६६ ॥ पद्गश्च पदिकश्चा—

पैदलके नाम ७ ॥ पदाति १ पत्ति २ पदग ३ पादातिक ४ पदाजि ५ ॥ ६६ ॥ पद्ग ३ पदिक ७ ॥

—ऽथ पादातं पत्तिसंहतिः ॥

पैदलसमूहके नाम २ ॥ पादात १ पत्तिसहति २ ॥

शस्त्राजीवे काण्डपृष्ठायुधीयायुधिकाः समाः ॥ ६७ ॥

जो हथियार बांधकर जीविका करते हैं उनके नाम ४॥शस्त्राजीव १ काण्डपृष्ठ २ आयुधीय३ आयुधिक४॥६७॥

कृतहस्तः सुप्रयोगविशिखः कृतपुंखवत् ॥

तीरन्दाजके नाम ३ ॥ कृतहस्त१ सुप्रयोगविशिख २ कृतपुंख ३ ॥

अपराद्धपृषत्कोऽसौ लक्ष्याद्य-इच्युतसायकः ॥ ६८ ॥

जिसका तीर निशानेसे चूक जाय उसका नाम १॥अपराद्धपृषत्क १॥ ६८॥

धन्वी धनुष्मान्धानुष्को निषङ्ग्यस्त्री धनुर्धरः ॥

धनु वा बाण बाधनेवालेके नाम ६ ॥ धन्विन् १ धनुष्मत् २ धानुष्क निषंगिन् ४ अस्त्रिन् ५ धनुर्धर ६ ॥

स्यात्काण्डवांस्तु काण्डीरः-

केवल बाण बांधनेवालेके नाम २॥ काण्डवत् १ काण्डीर २ ॥

-शाक्तीकःशक्तिहेतिकः॥६९॥

शक्ति आदिके शस्त्रधारीके नाम२॥ शाक्तीक १ शक्तिहेतिक २ ॥ ६९ ॥

याष्टीकपारश्वधिकौ यष्टिपार्श्वधहेतिकौ ॥

लठिया रखनेवालेका नाम १ ॥ याष्टीक १ ॥ फरसा बांधनेवालेका नाम १ ॥ पारश्वधिक १ ॥

नैस्त्रिंशिकोऽसिहेतिः स्या-

तरवार बांधेहुएके नाम २॥ नैस्त्रिंशिक १ असिहेति २ ॥

-त्समौ प्रासिककौन्तिकौ७०॥

वल्लमके बांधनेवालेका नाम १ ॥ प्रासिक १ ॥ भालेवालेका नाम १ ॥ कौन्तिक १ ॥ ७० ॥

चर्मी फलकपाणिः स्या-

ढाल बांधनेवालेके नाम२॥ चर्म्मिन् १ फलकपाणि २ ॥

-त्पताकी वैजयन्तिकः ॥

निशान बांधनेवालेके नाम २ ॥ पताकिन् १ वैजयन्तिक २ ॥

अनुप्लवः सहायश्चाऽनुचरोऽभिचरः समाः ॥ ७१ ॥

सहायकके नाम ४ ॥ अनुप्लव १ सहाय २ अनुचर ३ अभिचर४॥७१॥

पुरोगाग्रेसरप्रष्ठाग्रतःसरपुरःसराः ॥ पुरोगमः पुरोगामी-

अग्रगामीके नाम ७ ॥ पुरोग १ अग्रेसर २ प्रष्ठ ३ अग्रतस्सर ४ पुरस्सर ५ पुरोगम ६ पुरोगामिन् ७॥

-मन्दगामी तु मन्थरः॥७२॥

धीरे चलनेवालेके नाम २ ॥ मन्दगामिन् १ मन्थर २ ॥ ७२ ॥

जंघालोऽतिजवस्तुल्यौ-

जादे चलनेवालेके नाम २ ॥ जंघाल १ अतिजव २ ॥

जंघाकारिकजांघिकौ ॥

जो जंघाके बलसे जीता है उसके नाम २॥ जघाकारिक १ जांघिक २॥

तरस्वी त्वरितो वेगी प्रजवी जवनो जवः ॥ ७३ ॥

वेगसे चलनेवालेके नाम ६॥ तरस्विन् १ त्वरित २ वेगिन् ३ प्रजविन् ४ जवन ५ जव ६ ॥ ७३ ॥

जय्यो यः शक्यते जेतुं–

जिसे जीतसके उसका नाम १ ॥ जय्य १ ॥

–जेयो जेतव्यमात्रके ॥

जीतने लायकका नाम १॥ जेय १

जैत्रस्तु जेता–

जो जीतसके उसके नाम २॥ जैत्र १ जेतृ २ ॥

–यो गच्छत्यलं विद्विषतः प्रति ॥ ७४ ॥ सोऽभ्यमित्र्योऽभ्यमित्रीयोऽप्यभ्यमित्रीण इत्यपि ॥

सामर्थ्यसे शत्रुओंके संमुख जानेवाले के नाम ३ ॥७४॥ अभ्यमित्र्य १ अभ्यमित्रीय २ अभ्यमित्रीण ३ ॥

ऊर्जस्वलः स्यादूर्जस्वी य ऊर्जातिशयान्वितः ॥ ७५ ॥

पहलवानके नाम ३ ॥ ऊर्जस्वल १ ऊर्जस्विन् २ ऊर्जातिशय ३ ॥ ७५ ॥

स्यादुरस्वानुरसिलो–

बडी छातीवालेके नाम २॥ उरस्वत् १ उरसिल २ ॥

–रथिनो रथिको रथी ॥

रथके स्वामीके नाम ३॥ रथिन १ रथिक २ रथिन् ३ ॥

कामङ्गाम्यनुकामीनो–

जो अपने मनसे चलता हो उसका नाम १ ॥ अनुकामीन १ ॥

–ह्यत्यन्तीनस्तथा भृशम् ॥ ७६ ॥

वारम्वार चलनेवालेका नाम १ ॥ अत्यन्तीन १ ॥ ७६ ॥

शूरो वीरश्च विक्रान्तो–

शूरके नाम ३ ॥ शूर १ वीर २ विक्रान्त ३ ॥

–जेता जिष्णुश्च जित्वरः ॥

जीतने वालेके नाम ३॥ जेतृ १ जिष्णु जित्वर ३ ॥

सांयुगीनो रणे साधु–

युद्धकुशलका नाम १॥ सांयुगीन १॥

–शस्त्राजीवादयस्त्रिषु ॥७७॥

भाषा–शस्त्राजीव आदि शब्द तीनों लिंगों में होते है ॥७७॥

ध्वजिनी वाहिनी सेना पृतनाऽनीकिनी चमूः ॥ वरूथिनी बलं सैन्यं चक्रं चानीकमस्त्रियाम् ॥७८॥

सेनाके नाम ११॥ ध्वजिनी १ वाहिनी २ सेना ३ पृतना ४ अनीकिनी ५ चमू ६ वरूथिनी ७ बल ८ सैन्य ९ चक्र १० अनीक ११ ॥ ७८ ॥

व्यूहस्तु बलविन्यासो–

सेनाकी रचनाके नाम २॥ व्यूह १ बलविन्यास २ ॥

-भेदा दण्डादयो युधि ॥

सेनाकी रचनाके अनेकभेद १॥ दण्ड इत्यादि १॥ ये चक्र, मयूर, कमल आदिक व्यूह है.

प्रत्यासारो व्यूहपार्ष्णिः-

व्यूहके पीछेके नाम २॥प्रत्यासार १ व्यूहपार्ष्णि २ ॥

सैन्यपृष्ठे प्रतिग्रहः ॥ ७९ ॥

फौजके पीछेके नाम २ ॥ सैन्यपृष्ठ १ प्रतिग्रह २ ॥ ७९ ॥

एकेभैकरथा त्र्यश्वा पत्तिः पञ्च पदातिका ॥

जिसमें हाथी १ रथ १ घोडे ३ पैदल ५ हों उस सेनाका नाम १॥ पत्ति १॥

पत्त्यङ्गैस्त्रिगुणैः सर्वैः क्रमादाख्या यथोत्तरम् ॥ ८० ॥ सेनामुखं गुल्मगणौ वाहिनी पृतना चमूः ॥ अनीकिनी-

क्रमसे तिगुने पत्ति (पैदलों)के नाम ७ ॥ ८० ॥ (तीन पत्ति (पैदलों)का नाम) ॥ सेनामुख १ (तीन सेनामुखका नाम) गुल्म १॥ (तीन गुल्मका नाम) गण १ ॥ (तीन गणका नाम) वाहिनी १ ॥ (तीन वाहिनीका नाम) पृतना १ ॥ (तीन पतनाका नाम)चमू १॥ (तीन चमूका नाम) अनीकिनी १॥

-दशानीकिन्यक्षौहि-

दश अनीकिनीका नाम १ ॥ अक्षौहिणी १ ॥

अक्षौहिणी आदि सेनाका प्रमाण ।

सेना	पैदल (पत्ति)	सेना मुख	गुल्म	गण	वाहिनी	पृतना	चमू	अनीकिनी	अक्षौहिणी
हाथी, रथ	१	३	९	२७	८१	२४३	७२९	२१८७	२१८७०
घोडे	३	९	२७	८१	२४३	७२९	२१८७	६५६१	६५६१०
पैदल	६	१५	४५	१३५	४०५	१२५५	३६४५	१०९३५	१०९३५०

-थ संपदि ॥ ८१ ॥ संपत्तिः श्रीश्च लक्ष्मीश्च-

सम्पत्तिके नाम ४॥ सपद १॥ ८१॥ संपत्ति २ श्री ३ लक्ष्मी ४ ॥

-विपत्त्यां विपदापदौ ॥

विपत्तिके नाम ३ ॥ विपत्ति १ विपद् २ आपद् ३ ॥

आयुधं तु प्रहरणं शस्त्रमस्त्र-

हथियारके नाम ४ ॥ आयुध १ प्रह-रण २ शस्त्र ३ अस्त्र ४ ॥

—मथास्त्रियौ ॥ ८२ ॥ धनुश्चापौ धन्वशरासनकोदण्डकार्मुकम् ॥ इष्वासोऽ—

धनुषके नाम ७ ॥ ८२ ॥ धनुस् १ चाप २ धन्वन् ३ शरासन ४ कोदण्ड ५ कार्मुक ६ इष्वास ७ ॥

—प्यथ कर्णस्य कालपृष्ठं शरासनम् ॥ ८३ ॥

राजा कर्णके धनुषके नाम १ ॥ कालपृष्ठ २ ॥ ८३ ॥

कपिध्वजस्य गाण्डीवगाण्डिवौ पुंनपुंसकौ ॥

अर्जुनके धनुषका नाम २ ॥ गाण्डीव १ गाण्डिव २ ॥

कोटिरस्याटनी—

धनुषके दोनों कोनोंके नाम २ ॥ कोटि १ अटनी २ ॥

—गोधातले ज्याघातवारणे ८४ ॥

चमडेके दस्तानोंके नाम २ ॥ गोधा १ तल २ ॥ ८४ ॥

लस्तकस्तु धनुर्मध्यं—

धनुषके मध्यभागका नाम १ ॥ लस्तक १ ॥

—मौर्वी ज्या शिञ्जिनी गुणः ॥

धनुषकी प्रत्यञ्चाके नाम ४ ॥ मौर्वी १ ज्या २ शिञ्जिनी ३ गुण ४ ॥

स्यात्प्रत्यालीढमालीढमित्यादि स्थानपञ्चकम् ॥ ८५ ॥

धनुषधारियोंके आसनविशेषके नाम २ ॥ प्रत्यालीढ १ आलीढ २ ॥ इत्यादि पांच स्थान ॥ ८५ ॥

लक्षं लक्ष्यं शरव्यं च—

निशानेके नाम ३ ॥ लक्ष १ लक्ष्य २ शरव्य ३ ॥

—शराभ्यास उपासनम् ॥

बाणछोडनेके अभ्यासके नाम २ ॥ शराभ्यास १ उपासन २ ॥

पृषत्कबाणविशिखा अजिह्मगखगाशुगाः ॥ ८६ ॥ कलम्बमार्गणशराः पत्री रोप इषुर्द्वयोः ॥

बाणके नाम १२ ॥ पृषत्क १ बाण २ विशिख ३ अजिह्मग ४ खग ५ आशुग ६ ॥ ८६ ॥ कलम्ब ७ मार्गण ७ शर ९ पत्रिन् १० रोप ११ इषु १२ ॥

प्रक्ष्वेडनास्तु नाराचाः—

लोहेके तीरके नाम २ ॥ प्रक्ष्वेडन १ नाराच २ ॥

—पक्षो वाज—

बाणके पक्षके नाम २ ॥ पक्ष १ वाज २ ॥

—स्त्रिषूत्तरे ॥ ८७ ॥

अर्थ—लिप्तकपर्यंत सब शब्द तीनों लिंगमें होते हैं ॥ ८७ ॥

निरस्तः प्रहिते बाणे—

छोडेहुये बाणका नाम १॥ निरस्त १॥

—विषाक्ते दिग्धलिप्तकौ ॥

विषयुक्त बाणके नाम ३॥ विषाक्त १ दिग्ध २ लिप्तक ३ ॥

तूणोपासङ्गतूणीरनिषंगा इषुधिर्द्वयोः ॥ ८८ ॥ तूण्यां—

तरकसके नाम ६॥ तूण १ उपासंग २ तूणीर ३ निषंग ४ इषुधि ५ ॥ ॥ ८८ ॥ तूणी ६ ॥

—खड्गे तु निस्त्रिंशचन्द्रहासासिरिष्टयः ॥ कौक्षेयको मण्डलाग्रः करवालः कृपाणवत् ॥ ८९ ॥

तलवारके नाम९॥ खड्ग १ निस्त्रिंश २ चन्द्रहास ३ असि ४ रिष्टि ५ कौक्षेयक ६ मण्डलाग्र ७ करवाल ८ कृपाण ९ ॥ ८९ ॥

त्सरुः खड्गादिमुष्टौ स्या—

तलवारआदिकी मूठका नाम १॥ त्सरु १॥

—न्मेखला तन्निबन्धनम् ॥

तलवारके म्यानका नाम १॥ मेखला १॥

फलकोऽस्त्री फलं चर्म—

ढालके नाम ३ ॥ फलक १ फल २ चर्मन् ३ ॥

—संग्राहो मुष्टिरस्य यः ॥ ९० ॥

ढालकी मूठका नाम १॥ संग्राह १॥ ९०॥

द्रुघणो मुद्गरघनौ—

मुद्गरकेनाम३॥ द्रुघण १ मुद्गर १ २ घन ३॥

—स्यादीली करवालिका ॥

गुप्तीके नाम२॥ ईली १ करवालिका २॥

भिन्दिपालः सृगस्तुल्यौ—

गोफनके नाम२॥ भिन्दिपाल १ सृग २॥

—परिघः परिघातिनः ॥ ९१॥

परिघके नाम २॥ परिघ १ परिघातिन् २ ॥ ९१ ॥

द्वयोः कुठारः स्वधितिः परशुश्च परश्वधः ॥

कुल्हाडीके नाम ४ ॥ कुठार १ स्वधिति २ परशु ३ परश्वध ४ ॥

स्याच्छस्त्री चासिपुत्री च छुरिका चासिधेनुका ॥ ९२ ॥

छुरीके नाम ४ ॥ शस्त्री १ असिपुत्री २ छुरिका ३ असिधेनुका ४॥ ९२॥

वा पुंसि शल्यं शंकुर्ना—

बर्छीके नाम२॥ शल्य १ शंकु२ ॥

सर्वला तोमरोऽस्त्रियाम्—

गडासके नाम२॥ सर्वला १ तोमर २॥

प्रासस्तु कुन्तः—

भालेके नाम२॥ प्रास १ कुन्त२॥

—कोणस्तु स्त्रियः पाल्यश्रिकोटयः ॥ ९३ ॥

खड्गादिकी नोकके नाम ४॥कोण १ पालि २ अश्रि ३ कोटि ४ ॥ ९३ ॥

सर्वाभिसारः सर्वौघः सर्वसन्नहनार्थकः ॥

सेनाकी तैयारीके नाम ३ ॥ सर्वाभिसार १ सर्वौघ २ सर्वसंनहन ३ ॥

लोहाभिसारोऽस्त्रभृतां राज्ञां नीराजनाविधिः ॥ ९४ ॥

महानवमीके पहिले लड़ाईके निमित्त राजाओंके शस्त्र पूजनेका नाम १ ॥ लोहाभिसार १ ॥ ९४ ॥

यत्सेनयाभिगमनमरौ तदभिषेणनम् ॥

शत्रुके ऊपर सेना चढनेका नाम १ ॥ अभिषेणन १ ॥

यात्रा व्रज्याऽभिनिर्याणं प्रस्थानं गमनं गमः ॥ ९५ ॥

चलनेके नाम ६ ॥ यात्रा १ व्रज्या २ अभिनिर्याण ३ प्रस्थान ४ गमन ५ गम ६ ॥ ९५ ॥

स्यादासारः प्रसरणं–

सेनाके फैलनेके नाम २ ॥ आसार १ प्रसरण २ ॥

–प्रचक्रं चलितार्थकम् ॥

चलीहुई सेनाके नाम २ ॥ प्रचक्र १ चलित २ ॥

अहितान्प्रत्यभीतस्य रणे यानमभिक्रमः ॥ ९६ ॥

निडर होकर शत्रुपर चढाईका नाम १ ॥ अभिक्रम १ ॥ ९६ ॥

वैतालिका बोधकराः–

प्रातःकालके राजाके जगानेवालोंके नाम २॥ वैतालिक १ बोधकर २॥

–श्चाक्रिका घाण्टिकाऽर्थकाः ॥

घड़ियालीके नाम २ ॥ चाक्रिक १ घाण्टिक २ ॥

स्युर्मागधास्तु मगधाः–

राजाका वंश वर्णन करनेवालोंके नाम २ ॥ मागध १ ॥ मगध २ ॥

–र्वन्दिनः स्तुतिपाठकाः॥९७॥

भाटके नाम २ ॥ बन्दिन् १ स्तुतिपाठक २ ॥ ९७ ॥

संशप्तकास्तु समयात्सङ्ग्रामादनिवर्तिनः ॥

शपथ खाकर युद्धमें पीठ न देनेवालेका नाम १ ॥ संशप्तक १ ॥

रेणुर्द्वयोः स्त्रियां धूलिः पांसुर्ना न द्वयो रजः ॥ ९८ ॥

धूलिके नाम ४ ॥ रेणु १ धूलि २ पांसु ३ रजस् ४ ॥ ९८ ॥

चूर्णे क्षोदः–

चूनके नाम २॥ चूर्ण १ क्षोद २॥

—समुत्पिञ्जपिञ्जलौ भृशमाकुले॥

अकुलानेके नाम २ ॥ समुत्पिञ्ज १ पिञ्जल २ ॥

पताका वैजयन्ती स्यात्केतनं ध्वजमस्त्रियाम् ॥ ९९ ॥

झंडेके नाम ४ ॥ पताका १ वैजयन्ती २ केतन ३ ध्वज ४ ॥ ९९ ॥

सा वीराशंसनं युद्धभूमिर्याऽतिभयप्रदा ॥

भ यं युद्धके स्थानका नाम १ ॥ वीराशंसन १ ॥

अहं पूर्वमहं पूर्वमित्यहंपूर्विका स्त्रियाम् ॥ १०० ॥

जिसमें वीर कहैं कि, हम पहले लडैंगे हम पहले लडैंगे उस लडाईका नाम १ ॥ अहपूर्विका १ ॥ १०० ॥

आहोपुरुषिका दर्पाद्या स्यात्संभावनात्मनि ॥

जिसमें कहैं कि हम पुरुष हैं हमही लडैंगे उसका नाम १॥ आहोपुरुपिका १॥

अहमहमिका तु सा स्यात्परस्परं यो भवत्यहंकारः ॥ १०१ ॥

आपसके इस कहनेको कि, हम शक्त हैं हम लड सक्तेहैं उसका नाम १ ॥ अहमहमिका १ ॥ १०१ ॥

द्रविणं तरःसहोबलशौर्याणि स्थाम शुष्मं च ॥ शक्तिः पराक्रमः प्राणो—

पराक्रमके नाम १० ॥ द्रविण १ तरस् २ सहस् ३ बल ४ शौर्य ५ स्थामन् ६ शुष्मन् ७ शक्ति ८ पराक्रम ९ प्राण १० ॥

—विक्रमस्त्वतिशक्तिता १०२॥

अतिपराक्रमके नाम २ ॥ विक्रम १ अतिशक्तिता २ ॥ १०२ ॥

वीरपानं तु यत्पानं वृत्ते भाविनि वा रणे ॥

लडनेके निमित्त पहले या पीछे नसा खाने पीनेका नाम १ ॥ वीरपान १ ॥

युद्धमायोधनं जन्यं प्रधनं प्रविदारणम् ॥ १०३ ॥ मृधमास्कन्दनं सङ्ख्यं समीकं साम्परायिकम् ॥ अस्त्रियां समरानीकरणाः कलहविग्रहौ ॥ १०४ ॥ संप्रहाराभिसंपातकलिसंस्फोटसंयुगाः ॥ अभ्यामर्दसमाघातसंग्रामाभ्यागमाहवाः ॥ १०५ ॥ समुदायः स्त्रियः संयत्सामित्याजिसमिद्युधः ॥

युद्धके नाम३१॥ युद्ध १ आयोधन२ जन्य ३ प्रधन ४प्रविदारण ५॥१०३॥ मृध६ आस्कन्दन ७ संख्य ८समीक ९

सांपरायिक १० समर ११ अनीक १२ रण १३ कलह १४ विग्रह १५॥१०४॥ संप्रहार १६ अभिसम्पात १७ कलि १८ संस्फोट १९ संयुग २० अभ्यामर्द २१ समाघात २२ संग्राम २३ अभ्यागम २४ आहव २५॥१०५॥ समुदाय २६ संयत् २७ समिति २८ आजि २९ समित् ३० युध् ३१॥

नियुद्धं बाहुयुद्धे स्या-

भुजाके युद्धके नाम २॥ नियुद्ध १ बाहुयुद्ध २॥

त्तुमुलं रणसंकुले॥ १०६॥

घोरसंग्रामका नाम १॥ तुमुल १॥ ॥ १०६॥

क्ष्वेडा तु सिंहनादः स्या-

वीरोंके गर्जनेके नाम २॥ क्ष्वेडा १ सिंहनाद २॥

त्करिणां घटना घटा॥

हाथियोंके समूहके नाम २॥ घटना १ घटा २॥

क्रन्दनं योधसंरावो-

युद्धके शब्दका नाम १॥ क्रन्दन १॥

-बृंहितं करिगर्जितम्॥१०७॥

हाथीके शब्दका नाम १॥ बृंहित १॥ ॥ १०७॥

विस्फारो धनुषः स्वानः-

धनुषके शब्दका नाम १॥ विस्फार १॥

-पटहाडम्बरौ समौ॥

नगाडेके शब्दके नाम २॥ पटह १ आडंबर २॥

प्रसभं तु बलात्कारो हठो-

हठके नाम ३॥ प्रसभ १ बलात्कार २ हठ ३॥

-ऽथ स्खलितं छलम्॥१०८॥

धोखादेनेके नाम २॥ स्खलित १ छल २॥ १०८॥

अजन्यं क्लीबमुत्पात उपसर्गः समं त्रयम्॥

उत्पातके नाम ३॥ अजन्य १ उत्पात २ उपसर्ग ३॥

मूर्च्छा तु कश्मलं मोहो-

मूर्च्छाके नाम ३॥ मूर्च्छा १ कश्मल २ मोह ३॥

-प्यवमर्दस्तु पीडनम्॥१०९॥

देशादिको उपद्रव देनेके नाम २॥ अवमर्द १ पीडन २॥ १०९॥

अभ्यवस्कन्दनं त्वभ्यासादनं-

धोखेसे दबालेनेके नाम २॥ अभ्यवस्कन्दन १ अभ्यासादन २॥

-विजयो जयः॥

जीतके नाम २॥ विजय १ जय २॥

वैरशुद्धिः प्रतीकारो वैरनिर्यातनं च सा॥ ११०॥

वैर दूरकरनेके नाम ३॥ वैरशुद्धि १ प्रतीकार २ वैरनिर्यातन ३॥११०॥

प्रद्रावोद्द्रावसन्द्रावसन्दावा विद्रवो द्रवः ॥ अपक्रमोऽपयानं च—

पलायन (भागने) के नाम ८ ॥ प्रद्राव १ उद्द्राव २ संद्राव ३ संदाव ४ विद्रव ५ द्रव ६ अपक्रम ७ अपयान ८॥

—रणेभङ्गः पराजयः ॥१११॥

हारके नाम २ ॥ रणेभङ्ग १ पराजय २ ॥ १११ ॥

पराजितपराभूतौ—

हारेहुएके नाम २॥ पराजित १ पराभूत २ ॥

—त्रिषु नष्टतिरोहितौ ॥

छिपेहुएके नाम २॥ नष्ट १ तिरोहित २ ॥

प्रमापणं निबर्हणं निकारणं विशारणम् ॥ ११२ ॥ प्रवासनं परासनं निषूदनं निहिंसनम् ॥ निर्वासनं संज्ञपनं निर्ग्रन्थनमपासनम् ॥ ११३ ॥ निस्तर्हणं निहननं क्षणनं परिवर्जनम् ॥ निर्वापणं विशसनं मारणं प्रतिघातनम् ॥ ११४ ॥ उद्वासनप्रमथनक्रथनोज्जासनानि च ॥ आलम्भपिञ्जविशरघातोन्माथवधा अपि ११५

मारनेके नाम ३० ॥ प्रमापण १ निबर्हण २ निकारण ३ विशारण ४ ॥ ॥११२॥ प्रवासन ५ परासन ६ निषूदन ७ निर्हिंसन ८ निर्वासन ९ संज्ञपन १० निर्ग्रन्थन ११ अपासन १२॥ ॥ ११३॥ निस्तर्हण १३ निहनन १४ क्षणन १५ परिवर्जन १६ निर्वापण १७ विशसन १८ मारण १९ प्रतिघातन २० ॥ ११४ ॥ उद्वासन २१ प्रमथन २२ क्रथन २३ उज्जासन २४ आलम्भ २५ पिञ्ज २६ विशर २७ ॥ घात २८ उन्माथ २९ वध ३० ॥ ॥ ११५ ॥

स्यात्पञ्चता कालधर्मो दिष्टान्तः प्रलयोऽत्ययः ॥ अन्तो नाशो द्वयोर्मृत्युर्मरणं निधनोऽस्त्रियाम् ॥ ११६ ॥

मृत्युके नाम १०॥ पञ्चता १ कालधर्म २ दिष्टान्त ३ प्रलय ४ अत्यय ५ अन्त ६ नाश ७ मृत्यु ८ मरण ९ निधन १० ॥ ११६ ॥

परासुप्राप्तपञ्चत्वपरेतप्रेतसंस्थिताः॥ मृतप्रमीतौ त्रिष्वेते—

मृत्युको प्राप्तहुयेके नाम ७॥ परासु १ प्राप्तपञ्चत्व २ परेत ३ प्रेत ४ संस्थित ५ मृत ६ प्रमीत ७ ॥

-चिता चित्या चितिः स्त्रियाम् ॥ ११७ ॥

चिताके नाम ३ ॥ चिता १ चित्या २ चिति ३ ॥ ११७ ॥

कबन्धोऽस्त्री क्रियायुक्तमपमूर्धकलेवरम् ॥

शिररहित चेष्टा करनेवाले शरीरका नाम १ ॥ कबन्ध १ ॥

श्मशानं स्यात्पितृवनं-

श्मशानके नाम २ ॥ श्मशान १ पितृवन २ ॥

-कुणपः शवमस्त्रियाम् ॥ ११८ ॥

मुर्देके नाम २ ॥ कुणप १ शव २ ॥ ११८ ॥

प्रग्रहोपग्रहो वन्द्यां-

बंदीके नाम ३ ॥ प्रग्रह १ उपग्रह वन्दी ३ ॥

-कारा स्याद्बन्धनालयं ॥

जेहलखानेका नाम १ ॥ कारा १ ॥

पुंसि भूम्न्यसवः प्राणाश्चैवं-

प्राणके नाम २ ॥ असु १ प्राण २ ॥

-जीवोऽसुधारणम् ॥ ११९ ॥

जीवके नाम २ ॥ जीव १ असुधारण २ ॥ ११९ ॥

आयुर्जीवितकालो-

आयुका नाम १ ॥ आयुस् १ ॥

-ना जीवातुर्जीवनौषधम् ॥

मृतसंजीवनी बूटीके नाम २ ॥ जीवातु १ जीवनौषध २ ॥

इति क्षत्रियवर्गः ॥ ८ ॥

अथ वैश्यवर्गः ९.

ऊरव्या ऊरुजा अर्या वैश्या भूमिस्पृशो विशः ॥

वैश्यके नाम ६ ॥ ऊरव्य १ ऊरुज २ अर्य ३ वैश्य ४ भूमिस्पृक् ५ विश् ६ ॥

आजीवो जीविका, वार्ता वृत्तिर्वर्तनजीवने ॥ १ ॥

जीविकाके नाम ६ ॥ आजीव १ जीविका २ वार्त्ता ३ वृत्ति ४ वर्त्तन ५ जीवन ६ ॥ १ ॥

स्त्रियां कृषिः पाशुपाल्यं वाणिज्यं चेति वृत्तयः ॥

जीविकाके भेद ३ ॥ (खेती करनेका नाम) कृषि १ ॥ (पशुपालनका नाम) पाशुपाल्य २ ॥ (व्यापारका नाम) वाणिज्य ३ ॥ ये तीनों वैश्यवृत्ति हैं ॥

सेवा श्ववृत्ति-

परसेवाके नाम २ ॥ सेवा १ श्ववृत्ति २ ॥

-रनृतं कृषि-

खेतीकेनाम २ ॥ अमृत १ कृषि२ ॥

–रुञ्छशिलं त्वृतम् ॥ २ ॥

उञ्छवृत्तिके नाम ३ ॥ उञ्छ १ शिल २ ऋत ३ ॥ २ ॥

द्वे याचितायाचितयोर्यथासंख्यं मृतामृते ॥

मांगनेसे प्राप्तिहुई वस्तुका नाम१॥ मृत १ ॥ विना मागे प्राप्तहुई वस्तुका नाम १ ॥ अमृत १ ॥

सत्यानृतं वणिग्भावः स्या–

व्यापारके नाम २ ॥ सत्यानृत १ वणिग्भाव २ ॥

–दृणं पर्युदञ्चनम् ॥३॥ उद्धारो–

कर्जके नाम ३॥ऋण १ पर्युदञ्चन २ ॥ ३ ॥ उद्धार ३ ॥

–ऽर्थप्रयोगस्तु कुसीदं वृद्धिजीविका ॥

व्याजके नाम ३ ॥ अर्थप्रयोग १ कुसीद २ वृद्धिजीविका ३ ॥

याच्ञाप्तं याचितकं–

मांगनेकी वस्तुका नाम१॥याचितक१॥

–निमयादापमित्यकम् ॥ ४ ॥

बायदेपर लीहुई वस्तुका नाम १॥ आपमित्यक १ ॥ ४ ॥

उत्तमर्णाधमर्णौ द्वौ प्रयोक्तृग्राहकौ क्रमात् ॥

ऋण देनेवालेका नाम १॥ उत्तमर्ण १॥ऋणकेलेनेवालेकानाम१॥अधमर्ण१।

कुसीदिको वार्धुषिको वृद्ध्याजीवश्च वार्धुषिः ॥ ५ ॥

व्याजसे जीनेवालेके नाम४॥कुसीदिक १ वार्धुषिक २ वृद्ध्याजीव ३ वार्धुषि ४ ॥ ५ ॥

क्षेत्राजीवः कर्षकश्च कृषिकश्च कृषीवलः ॥

किसानके नाम ४ ॥ क्षेत्रा जीव१ कर्षक २ कृषिक ३ कृषीवल ४ ॥

क्षेत्रं व्रैहेयशालेयं व्रीहिशाल्युद्भवोचितम् ॥ ६ ॥

व्रीहि होनेके योग्य खेतका नाम १ ॥ व्रैहेय १ ॥

धानके खेतका नाम१॥शालेय१॥६॥

यव्यं यवक्यं षष्टिक्यं यवादिभवनं हि यत् ॥

जौके खेतका नाम१॥ यव्य १॥छोटे जौके खेतका नाम १ ॥ यवक्य १ ॥ साठीके खेतका नाम १॥षष्टिक्य १ ॥

तिल्यं तैलीनवन्माषोमाणुभंगाद्विरूपता ॥ ७ ॥

तिलके खेतके नाम २ ॥ तिल्य १ तैलीन २ ॥ उरद होनेवालेके नाम २॥ माष्य१ मापीण२॥ अलसी होनेवालेके

नाम २ ॥ उम्य १ औमीन २ ॥ अणुके होनेवालेके नाम २ ॥ अणव्य १ आणवीन २ ॥ भग (ताग) होनेवालेके नाम २ ॥ भग्य २ भगीन २ ॥ ७ ॥

मौद्गीनकौद्रवीणादिशेषधान्योद्भवक्षमम् ॥

मूगहोनेवालेका नाम १ ॥ मौद्गीन १ ॥ कोदो होनेवाले खेतका नाम १॥ कौद्रवीण १ ॥ चणेहोनेवाले खेतका नाम १ ॥ चाणकीन १ ॥ गेहूं होनेवालेका नाम १॥ गौधूमीन १ इत्यादि॥

बीजाकृत नुप्तकृष्टे-

बीज बोनेका नाम १ ॥ बीजाकृत १॥

-सीत्यं कृष्टं च हल्यवत् ॥ ८ ॥

जोतेहुए खेतके नाम ३ ॥ सीत्य १ कृष्ट २ हल्य ३ ॥ ८ ॥

त्रिगुणाकृतं तृतीयाकृतं त्रिहल्यं त्रिसीत्यमपि तस्मिन् ॥

तीनवार जुतेहुये खेतके नाम ४ ॥ त्रिगुणाकृत १ तृतीयाकृत २ त्रिहल्य ३ त्रिसीत्य ४ ॥

द्विगुणाकृते तु सर्वं पूर्वं शम्बाकृतमपीह ॥ ९ ॥

दोवार जुतेहुयेके नाम ४॥ द्विगुणाकृत १ द्वितीयाकृत २ द्विहल्य ३ द्विसीत्य ४ ॥ ९ ॥

द्रोणाढकादिवापादौ द्रौणिकाढकिकादयः ॥

जिसमें द्रोण (१०२४) तोला धान-आदि बोया जाय उस खेतका नाम १॥ द्रौणिक १ ॥ आढक (२५६) तोला भर वालेका नाम १॥ आढकिक १॥ आदि

खारीवापस्तु खारीक-

जिसमें खारी (४ द्रोण अर्थात् ४०९६) तोला भर अन्न बोया जाय उसका नाम ॥ १ ॥ खारीक १ ॥

-उत्तमर्णादयस्त्रिषु ॥ १० ॥

उत्तमर्णादि शब्द तीनो लिंगोंमे होते हे ॥ १० ॥

पुंनपुंसकयोर्वप्रः केदारः क्षेत्र-

खेतके नाम ३॥ वप्र १ केदार २ क्षेत्र ३॥

-मस्य तु ॥ केदारकं स्यात्केदार्यं क्षैत्रं कैदारिकं गणे ॥ ११ ॥

खेतके समूहके नाम ४॥ कैदारक १ कैदार्य २ क्षैत्र ३ कैदारिक ४॥ ११ ॥

लोष्टानि लेष्टवः पुंसि-

ढेलेके नाम २ ॥ लोष्ट १ लेष्टु २॥

-कोटिशो लोष्टभेदनः ॥

मूंगरीके नाम २ ॥ कोटिश १ लोष्टभेदन २ ॥

प्राजनं तोदनं तोत्रं-

पैने (लाठी, चाबुक आदि) के नाम ३ ॥ प्राजन १ तोदन २ तोत्र ३ ॥

-खनित्रमवदारणे ॥ १२ ॥

कुदालके नाम २ ॥ खनित्र १ अवदारण २ ॥ १२ ॥

दात्रं लवित्र-

खुरपा फावडा आदिके नाम २॥ दात्र १ लवित्र २ ॥

-माबन्धो योत्रं योक्त्र-

नाथके नाम ३ ॥ आबन्ध १ योत्र २ योक्त्र ३ ॥

-मथो फलम् ॥ निरीशं कुटकं फालः कृषको-

फाल अर्थात् हलके नीचे लगेहुए लोहेके नाम ५ ॥ फल १ निरीश १ कुटक ३ फाल ४ कृषक ५ ॥

-लाङ्गलं हलम् ॥ १३ ॥ गोदारणं च सीरो-

हलके नाम ४ ॥ लाङ्गल १ हल २ ॥ १३ ॥ गोदारण ३ सीर ४ ॥

-ऽथ शम्या स्त्री युगकीलकः॥

सैले (सिमल) के नाम २ ॥ शम्या १ युगकीलक २ ॥

-ईषा लाङ्गलदण्डः स्या-

हलस (हाल) के नाम २ ॥ ईषा १ लाङ्गलदण्ड २ ॥

-त्सीता लाङ्गलपद्धतिः॥ १४॥

हलकी रेखा (खूड) के नाम २॥ सीता १ लाङ्गलपद्धति २ ॥ १४ ॥

पुंसि मेधिः खले दारु न्यस्तं यत्पशुबन्धने ॥

जो धान्यमर्दनकरनेके स्थान अर्थात् पैरमें गाडेहुये पशु बांधनेके खूंटे (मेढ) के नाम २ ॥ मेधि १ खलेदारु २ ॥

आशुर्व्रीहिः पाटलः स्या-

सट्टी (धान) के नाम ३ ॥ आशु १ व्रीहि २ पाटल ३ ॥

-च्छितशूकयवौ समौ ॥ १५ ॥

जौके नाम २॥शितशूक १यव२॥१५॥

तोक्मस्तु तत्र हरिते-

हरे जौका नाम १ ॥ तोक्म १ ॥

-कलायस्तु सतीनकः ॥

हरेणुखण्डिकौ चास्मिन्-

मटरके नाम ४ ॥ कलाय १ सतीनक २ हरेणु ३ खण्डिक ४ ॥

-कोरदूषस्तु कोद्रवः ॥ १६ ॥

कोदोंके नाम २ ॥ कोरदूष १, कोद्रव २ ॥ १६ ॥

मङ्गल्यको मसूरो-

मसूरके नाम २ ॥ मगल्यक १ मसूर २ ॥

-ऽथ मकुष्ठकमयुष्ठकौ ॥ वनमुद्गे-

मोठके नाम ३ ॥ मकुष्ठक १ मयुष्ठक २ वनमुद्ग ३ ॥

सर्षपे तु द्वौ तन्तुभकदम्बकौ ॥ १७ ॥

सरसोंके नाम ३॥ सर्षप १ तन्तुभ २ कदम्बक ३ ॥ १७ ॥

सिद्धार्थस्त्वेष धवलो-

सफेदसरसोका नाम १॥ सिद्धार्थ १॥

-गोधूमः सुमनः समौ ॥

गेहूंके नाम २॥ गोधूम १ सुमन २॥

स्याद्यावकस्तु कुल्माष-

कुलथीके नाम २॥ यावक १ कुल्माष २॥

-श्चणको हरिमन्थकः ॥ १८ ॥

अरहरे (चने) के नाम २॥ चणक १ हरिमन्थक २ ॥ १८ ॥

द्वौ तिले तिलपेजश्च तिलपिञ्जश्च निष्फले ॥

'फलहीन' 'वांझतिल' 'रान तिल' के नाम २॥ तिलपेज १ तिलपिंज २ ॥

क्षवः क्षुताभिजननो राजिका कृष्णिकाऽऽसुरी ॥ १९ ॥

राईके नाम ५ ॥ क्षव १ क्षुताभिजनन २ राजिका ३ कृष्णिका ४ आसुरी ५ ॥ १९ ॥

स्त्रियौ कङ्गुप्रियङ्गू द्वे-

कंगनीके नाम २॥ कगु १ प्रियंगु २॥

-अतसी स्यादुमा क्षुमा ॥

अलसीके नाम ३॥ अतसी १ उमा २ क्षुमा ३ ॥

मातुलानी तु भङ्गायाम्-

भगके नाम २ ॥ मातुलानी १ भगा २ ॥

व्रीहिभेदस्त्वणुः पुमान् ॥ २० ॥

चीनाधान्यका नाम १॥ अणु १॥ २०

किंशारुः सस्यशूकं स्या-

जौ इत्यादिके तीखे अग्रभाग (सीकुर) के नाम २ ॥ किंशारु १ सस्यशूक २ ॥

-त्कणिशं सस्यमञ्जरी ॥

धान्यकी बालके नाम २॥ कणिश १ सस्यमजरी २ ॥

धान्यं व्रीहिः स्तम्बकरिः-

धान्यमात्रके नाम ३ ॥ धान्य १ व्रीहि २ स्तम्बकरि ३ ॥

-स्तम्बो गुच्छस्तृणादिनः ॥ २१ ॥

यव आदिकी जडके नाम २॥ स्तम्ब १ गुच्छ २ ॥ २१ ॥

नाडी नालं च काण्डोऽस्य-

नलुआके नाम २॥ नाडी १ नाल २॥

-पलालोऽस्त्री स निष्फलः ॥

प्यालका नाम १॥ पलाल १ ॥

कडङ्गरो बुसं क्लीबे-

मोटे भुसके नाम २ ॥ कडङ्गर १ बुस २ ॥

-धान्यत्वाचि तुषः पुमान् ॥ २२ ॥

भूसीका नाम १॥ तुष १ ॥ २२ ॥

शूकोऽस्त्री श्लक्ष्णतीक्ष्णाग्रे-

यव आदिके चिकने और तीखे अग्रभागके नाम २ ॥ शूक १ श्लक्ष्ण-तीक्ष्णाग्र २ ॥

-शमी शिम्बा-

मटर आदिकी फलीके नाम २ ॥ शमी १ शिम्बा २ ॥

-त्रिषूत्तरे ॥

आगे कहे हुए सब शब्द तीनों लिङ्गोंमे होंगे ॥

-ऋद्धमावसितं धान्यं-

तृण दूर करके पैरेमे इकट्ठे करने योग्य धान्यके नाम २॥ऋद्ध१आवसित २॥

-पूतं तु बहुलीकृतम् ॥ २३ ॥

साफ करके इकट्ठे किए हुये धान्यके नाम २ ॥ पूत १ बहुलीकृत २॥२३॥

माषादयः शमीधान्ये ॥

फलीके भीतर होनेवाले धान्य माष आदि हैं ॥

-शूकधान्ये यवादयः ॥

यव आदि शूक धान्य अर्थात् बालसे पैदा होनेवाले है ॥

शालयः कलमाद्याश्च षष्टिका-द्याश्च-

यव आदि और शाठी आदि शालि-धान्य कहलाते हैं ॥

-पुंस्यमी ॥ २४ ॥

माष आदि शब्द पुँल्लिङ्गमें होते हैं ॥ २४ ॥

तृणधान्यानि नीवाराः-

पशाई आदि मुनियोके धान्यका नाम १ ॥ नीवार १ ॥

-स्त्री गवेधुर्गवेधुका ॥

जिसको कोंकणदेशमें कसाद्द कसा कहतेहैं उस मुनिअन्नके नाम २ ॥ गवेधु १ ॥ गवेधुका २ ॥

अयोग्रं मुसलोऽस्त्री स्या-

मूसलके नाम २ ॥ अयोग्र १ मुसल २ ॥

-दुदूखलमुलूखलम् ॥ २५ ॥

ओखलीके नाम २ ॥ उदूखल १ उलूखल २५ ॥

प्रस्फोटनं शूर्पमस्त्री-

छाजके नाम २॥प्रस्फोटन१शूर्प२॥

-चालनी तितउः पुमान् ॥

चलनीके नाम २ ॥ चालनी १ तितउ २ ॥

स्यूतप्रसेवौ-

वस्त्र सण आदिसे बने हुए थैलेके नाम २ ॥ स्यूत १ प्रसेव२ ॥

-कण्डोलपिटौ-

टोकरीके नाम२॥ कण्डोल १ पिट२ ॥

कटकिलिञ्जकौ ॥ २६ ॥

चटाईके नाम २॥ कट १ किलिंजक २ ॥ २६ ॥

समानौ–

यह समान लिंग है ॥

–रसवत्यां तु पाकस्थानमहानसे ॥

रसोईके स्थानके नाम ३॥ रसवती १ पाकस्थान २ महानस ३ ॥

पौरोगवस्तदध्यक्षः–

रसोईके अधिकारीके नाम २॥पौरोगव १ तदध्यक्ष (महानसाध्यक्ष) २॥

–सूपकारास्तु बल्लवाः ॥ २७ ॥ आरालिका आन्धसिकाः सूदा औदनिका गुणाः ॥

रसोइयेके नाम ७ ॥ सूपकार १ बल्लव २ ॥२७॥ आरालिक३ आन्धसिक ४ सूद ५ औदनिक ६ गुण ७॥

आपूपिकः कान्दविको भक्ष्यकार इमे त्रिषु ॥ २८ ॥

पुआ आदि बनानेवालेके नाम३ ॥ आपूपिक १ कान्दविक २भक्ष्यकार३॥ ये शब्द तीनों लिंगोंमें होतेहैं ॥२८॥

अश्मन्तमुद्धानमधिश्रयणीचुल्लिरन्तिका ॥

चूल्हेके नाम५॥ अश्मन्त १उद्धान २ अधिश्रयणी ३चुल्लि४ अन्तिका५॥

अंगारधानिकाऽङ्गारशकट्यपि हसन्त्यपि ॥ २९ ॥ हसन्य–

वरोसी (सिगडीके) नाम ४ ॥ अगारधानिका१अंगारशकटी२ हसन्ती ३ ॥ २९ ॥ हसनी ४ ॥

–प्यथ न स्त्री स्यादंगारो–

अंगारेका नाम १॥ अगार १ ॥

–ऽलातमुल्मुकम् ॥

जलतेहुए काष्टके नाम२ ॥ अलात १ उल्मुक २ ॥

क्लीबेऽम्बरीषं भ्राष्ट्रो–

भाडके नाम २ ॥ अम्बरीष१भ्राष्ट्र२॥

–ना कन्दुर्वा स्वेदनी स्त्रियाम् ॥ ३० ॥

कढाईके नाम २ ॥ कन्दु १ स्वेदनी २ ॥ ३० ॥

अलिञ्जरः स्यान्माणिकः–

माट (बडा घडाके) नाम २ ॥ अलिञ्जर १ मणिक २ ॥

–कर्कर्यालुर्गलन्तिका ॥

कठौतीके नाम ३ ॥ कर्करी १ आलु २ गलन्तिका ३ ॥

पिठरः स्थाल्युखाकुण्डं–

बटलोईके नाम ४ ॥ पिठर १ स्थाली २ उखा ३ कुण्ड ४ ॥

–कलशस्तु त्रिषु द्वयोः ॥ ३१॥

घटः कुटनिपा–

घोडेके नाम ४ ॥ कलश १ ॥ ॥ ३१ ॥ घट २ कुट ३ निप ४ ॥

–वस्त्री शरावो वर्धमानकः ॥

सरवेके नाम २ ॥ शराव १ वर्द्ध-भानक २ ॥

ऋजीषं पिष्टपचनं–

तवेके नाम २ ॥ ऋजीष १ पिष्ट-पचन २ ॥

–कंसोऽस्त्री पानभाजनम् ॥३२॥

कटोरीके नाम २ ॥कंस १ पान-भाजन २॥ ३२ ॥

कुतूः कृत्तेः स्नेहपात्रं–

कुप्पेका नाम १ ॥ कुतू १ ॥

–सैवाल्पा कुतुपः पुमान् ॥

कुप्पीका नाम १ ॥ कुतुप १ ॥

सर्वमावपनं भाण्डं पात्रामत्रं च भाजनम् ॥ ३३ ॥

बरतनके नाम ५ ॥ आपवन १ भाण्ड२ पात्र३अमत्र ४ भाजन५॥३३॥

दार्विः कम्बिः खजाका च–

कर्छलीके नाम ३॥ दार्वि १ कम्बि २ खजाका ३॥

स्यात्तर्दूर्दारुहस्तकः ॥

डोईके नाम २॥ तर्दू १ दारुहस्तक२॥

अस्त्री शाकं हरितकं शिग्रु–

शाकके नाम ३ ॥ शाक १ हरि-तक २ शिग्रु ३ ॥

–रस्य तु नाडिका ॥ ३४ ॥

कलम्बश्च कडम्बश्च–

शाककी डंडीके नाम ३॥ नाडिका १ ॥ ३४ ॥ कलम्ब २ कडम्ब ३ ॥

–वेसवार उपस्करः ॥

मसालेके नाम २॥ वेसवार १ उपस्कर २ ॥

तिन्तिडीकं च चुक्रं च वृक्षा-म्लम्–

चूख (अमचूरआदि) के नाम ३॥ तिन्तिडीक १ चुक्र २ वृक्षाम्ल ३ ॥

–मथ वेल्लजम् ॥ ३५ ॥

मरीचं कोलकं कृष्णमूषणं धर्मपत्तनम् ॥

मिर्चके नाम ६ ॥वेल्लज १॥३५॥ मरीच २ कोलक ३ कृष्ण ४ ऊषण ५ धर्मपत्तन ६ ॥

जीरको जरणोऽजाजी कणा–

जीरेके नाम ४ ॥ जीरक १ जरण २ अजाजी ३ कणा ४ ॥

–कृष्णे तु जीरके ॥ ३६ ॥

सुषवी कारवी पृथ्वी पृथुः कालोपकुञ्चिका ॥

काले जीरेके नाम ६॥३६॥सुषवी१

कारवी २ पृथ्वी ३ पृथु ४ काला ५ उपकुञ्चिका ६ ॥

आर्द्रकं शृङ्गवेरं स्या-

अदरखके नाम२॥आर्द्रक १ शृङ्गवेर२॥

-दथ च्छत्रा वितुन्नकम्॥३७॥

कुस्तुम्बुरु च धान्याक-

धनियेंके नाम ४॥ छत्रा १ वितुन्नक २ ॥३७॥ कुस्तुम्बुरु ३ धान्याक ४ ॥

-मथ शुण्ठी महौषधम् ॥

स्त्रीनपुंसकयोर्विश्वं नागरं विश्वभेषजम् ॥ ३८ ॥

सोंठके नाम ५॥शुण्ठी १ महौषध २ विश्व ३ नागर ४ विश्वभेषज ५॥३८॥

आरनालकसौवीरकुल्माषाभिषुतानि च ॥ अवन्तिसोमधान्याम्ल-कुञ्जलानि च काञ्जिके ॥३९॥

काञ्जीके नाम ७ आरनालक १ सौवीर २ कुल्माषाभिषुत ३ अवन्तिसोम ४ धान्याम्ल ५ कुञ्जल ६ काञ्जिक ७॥३९॥

सहस्रवेधि जतुकं वाल्हीकं हिङ्गु रामठम् ॥

हींगके नाम ५॥सहस्रवेधिन् १ जतुक २ वाल्हीक ३ हिंगु ४ रामठ ५ ॥

तत्पत्री कारवी पृथ्वी वाष्पिका कबरी पृथुः ॥ ४० ॥

हींगके वृक्षके पत्तेके नाम ५ ॥ कारवी १ पृथ्वी २ वाष्पिका ३ कबरी ४ पृथु ५ ॥ ४० ॥

निशाख्या काञ्चनी पीता हरिद्रा वरवर्णिनी ॥

हलदीके नाम ५॥ निशा १ कांचनी २ पीता ३ हरिद्रा ४ वरवर्णिनी ५ ॥

सामुद्रं यत्तु लवणमक्षीवं वशिरं च तत् ॥ ४१ ॥

समुद्रझागके नाम २ अक्षीव १ वशिर २ ॥ ४१ ॥

सैन्धवोऽस्त्री शीतशिवं माणिमन्थश्च सिन्धुजे ॥

सैंधेके नाम ४ ॥ सैन्धव १ शीतशिव २ माणिमन्थ ३ सिन्धुज ४ ॥

रौमकं वसुकं-

सामरके नाम २॥रौमक १ वसुक २॥

-पाक्यं विडं च कृतके द्वयम् ४२

खारीकनाम२॥पाक्य १ विड २ ॥४२

सौवर्चलेऽक्षरुचके-

संचलखारके नाम ३॥ सौवर्चल १ अक्ष २ रुचक ३ ॥

-तिलकं तत्र मेचके ॥

काले सचलखारके नाम२॥तिलक १ मेचक २॥

मत्स्यण्डी फाणितं खण्डविकारे-

रावके नाम २ ॥ मत्स्यडी १ फाणित २ ॥

–शर्करा सिता ॥ ४३ ॥

मिश्रीके नाम २ ॥ शर्करा १ सिता २॥ ४३ ॥

कूर्चिका क्षीरविकृतिः स्या–

मावेके नाम २ ॥ कूर्चिका १ क्षीर-विकृति २ ॥

–द्रसाला तु मार्जिता ॥

श्रीखण्डके नाम . २ रसाला १ मार्जिता २ ॥

स्यात्तेमनं तु निष्ठानं–

कढीके नाम २॥तेमन १ निष्टान २॥

–त्रिलिङ्गावासितावधेः ॥ ४४ ॥

भाषा–वासितपर्य्यन्त शब्द तीनों लिंगोंमें होतेहैं ॥ ४४ ॥

शूलाकृतं भटित्रं च शूल्य–

लोहशलाकासे पकायेहुए मासकेनाम ३ ॥ शूलाकृत १ भटित्र २ शूल्य ३॥

–मुख्यं तु पैठरम् ॥

बटलोईमें पकाये हुए अन्नादिके नाम २ ॥ उख्य १ पैठर २ ॥

प्रणीतमुपसंपन्नं–

पकीहुई रसोईके नाम २॥ प्रणीत १ उपसम्पन्न २ ॥

–प्रयस्तं स्यात्सुसंस्कृतम् ॥ ४५ ॥

घृततैलादिसे बनीहुई रसोईके नाम२ प्रयस्त १, सुसंस्कृत २ ॥ ४५ ॥

स्यात्पिच्छिलं तु विजिलं–

पनीले भोजनके नाम२॥ पिच्छिल१ विजिल २ ॥

–संमृष्टं शोधितं समे ॥

बीने हुए अन्नके नाम २॥ सम्मृष्ट१ शोधित २ ॥

चिक्कणं मसृणं स्निग्धं–

चिकनेके नाम ३ ॥ चिक्कण १ मसृण २ स्निग्ध ३ ॥

–तुल्ये भावितवासिते ॥४६॥

छौंकीहुई वस्तुके नाम २॥भावित१ वासित २ ॥ ४६ ॥

आपक्वं पौलिरभ्यूषो–

घृत आदिमें भूनीहुई वस्तुके नाम३॥ आपक्व १ पौलि २ अभ्यूष ३ ॥

–लाजाः पुंभूम्नि चाक्षताः ॥

खीलोंका नाम १ ॥ लाज १ ॥

पृथुकः स्याच्चिपिटको–

परमलके नाम २ ॥ पृथुक१ चिपि-टक २ ॥

–धाना भृष्टयवे स्त्रियः ॥४७॥

भुनेहुए जौके नाम २ ॥ धाना १ भृष्टयव २ ॥ ४७ ॥

पूपोऽपूपः पिष्टकः स्या–

पुएकेनाम३॥पूप१अपूप२पिष्टक३॥

त्करम्भो दधिसक्तवः ॥

दधियुक्त सत्तुओंके नाम २ ॥ करम्भ १ दधिसक्तु २ ॥

भिस्सा स्त्री भक्तमन्धोऽन्नमोदनोऽस्त्री सदीदिविः ॥ ४८ ॥

मातके नाम ६ ॥ भिस्सा १ भक्त २ अन्धस् ३ अन्न ४ ओदन ५ दीदिवि ६ ॥ ४८ ॥

भिस्सटा दग्धिका-

जलके अन्नके नाम २ ॥ भिस्सटा १ दग्धिका २ ॥

-सर्वरसाग्रे मण्डमस्त्रियाम् ॥

माडका नाम १ ॥ मण्ड १ ॥

मासराचामनिस्रावा मण्डे भक्तसमुद्भवे ॥ ४९ ॥

केवल भातके माडके नाम३॥मासर १ आचाम २ निस्राव ३ ॥ ४९ ॥

यवागूरुष्णिका श्राणा विलेपी तरला च सा ॥

पतले मातके नाम ५ ॥ यवागू १ उष्णिका २ श्राणा ३ विलेपी ४ तरला ५ ॥

गव्यं त्रिषु गवां सर्वं-

गायसे उत्पन्न वस्तुका नाम १॥गव्य १॥

-गोविट् गोमयमस्त्रियाम् ५० ॥

गौके गोबरके नाम २ ॥ गोविट् १ गोमय २ ॥ ५०

तत्तु शुष्कं करीषोऽस्त्री-

सूखे हुए गोबरका नाम १॥ करीष १॥

-दुग्धं क्षीरं पयः समम् ॥

दूधके नाम ३॥दुग्ध १ क्षीर २ पयस् ३॥

पयस्यमाज्यदध्यादि-

घृत दही आदिका नाम १॥ पयस्य १॥

-द्रप्सं दधि घनेतरत् ॥ ५१ ॥

पतले दहीका नाम १॥ द्रप्स १॥ ५१॥

घृतमाज्यं हविः सर्पि-

घीके नाम ४ ॥ घृत १ आज्य २ हविष् ३ सर्पिष् ४ ॥

-र्नवनीतं नवोद्धृतम् ॥

मक्खनके नाम २ ॥ नवनीत १ नवोद्धृत ॥

तत्तु हैयङ्गवीनं यद्ध्योगोदोहोद्भवं घृतम् ॥ ५२ ॥

नौनीघीका नाम १॥ हैयङ्गवीन १॥ ५२॥

दण्डाहतं कालशेयमरिष्टमपि गोरसः ॥

मट्ठेके नाम ४ ॥ दण्डाहत १ कालशेय २ अरिष्ट ३ गोरस ४ ॥

तक्रं ह्युदश्विन्मथितं पादाम्ब्वर्धाम्बु निर्जलम् ॥ ५३ ॥

मट्ठेके भेद ३ ॥ तक्र १ उदश्वित् २ मथित ३ ॥ ५३ ॥

मण्डं दधिभवं मस्तु-

दहीके पानीका नाम १॥ मस्तु १॥

-पीयूषोऽभिनवं पयः ॥

खीसका नाम १ ॥ पीयूष १ ॥

अशनाया बुभुक्षा क्षु-

भूखके नाम ३॥ अशनाया १ बुभुक्षा २ क्षुध् ३ ॥

-द्ग्रासस्तु कवलः पुमान् ॥५४॥

ग्रासके नाम २ ॥ ग्रास १ कवल २ ॥ ५४ ॥

सपीतिः स्त्री तुल्यपानं-

साथपीनेके नाम २ ॥ सपीति १ तुल्यपान २ ॥

-सग्धिः स्त्री सहभोजनम् ॥

एकसाथ भोजन करनेके नाम २ ॥ सग्धि १ सहभोजन २ ॥

उदन्या तु पिपासा तृट् तर्षो-

प्यासके नाम ४ ॥ उदन्या १ पिपासा २ तृष् ३ तर्ष ४ ॥

-जग्धिस्तु भोजनम् ॥ ५५ ॥ जेमनं लेह आहारो निघसो न्याद इत्यपि ॥

भोजनके नाम ७॥ जग्धि १ भोजन २ ॥ ५५ ॥ जेमन ३ लेह ४ आहार ५ निघस ६ न्याद ७ ॥

सौहित्यं तर्पणं तृप्तिः-

तृप्तिके नाम३॥सौहित्य१तर्पण२तृप्ति३॥

-फेला भुक्तसमुज्झितम् ॥ ५६ ॥

भोजन करके त्यागी हुई वस्तुका नाम १॥ फेला १ ॥ ५६ ॥

कामं प्रकामं पर्याप्तं निकामेष्टं यथेप्सितम् ॥

इच्छाके नाम ६ ॥ काम१प्रकाम२ पर्याप्त३ निकाम ४ इष्ट ५ यथेप्सित६ ॥

गोपे गोपालगोसंख्यगोधुगाभीरवल्लवाः ॥ ५७ ॥

अहीरके नाम ६ ॥ गोप १ गोपाल २ गोसंख्य ३ गोदुह् ४ आभीर ५ वल्लव ६ ॥ ५७ ॥

गोमहिष्यादिकं पादबन्धनं-

घरमें बांधने लायक गाय भैंस आदिका नाम १ ॥ पादबन्धन १ ॥

-द्वौ गवीश्वरे ॥ गोमान्गोमी-

गायके मालिकके नाम ३ ॥ गवीश्वर १ गोमत् २ गोमिन् ३ ॥

-गोकुलं तु गोधनं स्याद्गवां व्रजे ॥ ५८ ॥

गायोंके समूहके नाम २ ॥ गोकुल १ गोधन २ ॥ ५८ ॥

त्रिष्वाशितं गवीनं तद्गावो यत्राशिताः पुरा ॥

जहां गैयां आदिको पहिले खिलाया

गया हो उस स्थानका नाम१ ॥ आशितंगवीन १ ॥

उक्षा भद्रो वलीवर्द ऋषभो वृषभो वृषः ॥५९ ॥ अनड्वान्सौरभेयो गौ–

बैलके नाम ९॥ उक्षन् १ भद्र २ वलीवर्द३ऋषभ४वृषभ५वृष६ ॥५९ ॥ अनडुह् ७ सौरभेय ८ गो ९ ॥

रुक्षणां संहतिरौक्षकम् ॥

बैलोंके समूहका नाम१॥औक्षक१॥

स्पष्टके नाम ४ ॥ स्पष्ट १ स्फुट २ प्रव्यक्त ३ उल्वण ४ ॥ ८१ ॥

साधारणं तु सामान्य—

सामान्यके नाम २ ॥ साधारण १ सामान्य २ ॥

—मेकाकी त्वेक एककः ॥

अकेलेके नाम ३॥ एकाकिन् १ एक २ एकक ३ ॥

भिन्नार्थका अन्यतर एकस्त्वोऽन्येतरावपि ॥ ८२ ॥

अन्यके नाम ६॥भिन्न १ अन्यतर २ एक ३ त्व ४ अन्य ५ इतर६॥८२॥

उच्चावचं नैकभेद-:

अनेकप्रकारके नाम २॥ उच्चावच १ नैकभेद २ ॥

-मुच्चण्डमविलम्बितम् ॥

शीघ्रके नाम २ ॥ उच्चण्ड १ अविलंबित २ ॥

अरुंतुदस्तु मर्मस्पृ-

मर्मभेदकके नाम २ ॥ अरुन्तुद १ मर्मस्पृश् २ ॥

गवाधं तु निरर्गलम् ॥ ८३ ॥

जिसके कोई बाधा न हो उसके नाम २॥ अवाध १ निरर्गल २ ॥ ८३ ॥

प्रसव्यं प्रतिकूलं स्यादपसव्यमपष्ठु च ॥

विपरीतके नाम ४ ॥प्रसव्य १ प्रतिकूल २ अपसव्य ३ अपष्ठु ४ ॥

वामं शरीरं सव्यं स्या-

बांये अंगका नाम १ ॥सव्य १ ॥

-दपसव्यं तु दक्षिणम् ॥ ८४ ॥

दहिने अंगका नाम १ ॥ अपसव्य १ ॥ ८४ ॥

संकटं ना तु संबाधः-

सकट (भीड मार्गआदि)के नाम २ संकट १ सबाध २ ॥

-कलिलं गहनं समे ॥

जो बडेही दुःखसे प्राप्तहोनेके योग्य हो उसके नाम२ ॥ कलिल १गहन२॥

संकीर्णे संकुलाकीर्णे-

नाना जातिके लोगोंके एकत्र बैठनेके नाम३॥सकीर्ण १संकुल २ आकीर्ण३॥

-मुण्डितं परिवापितम् ॥ ८५ ॥

मुण्डेहुएके नाम २ ॥ मुण्डित १ परिवापित २ ॥ ८५॥

ग्रन्थितं सन्दितं दृब्धं-

गण्ठेहुएके नाम ३ ॥ ग्रन्थित १ संदित २ दृब्ध ३ ॥

-विसृतं विस्तृतं ततम् ॥

फैलेहुयेके नाम ३ ॥ विसृत १ विस्तृत २ तत ३ ॥

अन्तर्गतं विस्मृतं स्या-

भूलेहुएके नाम २ ॥ अंतर्गत १ विस्मृत २ ॥

-त्प्राप्तप्रणिहिते समे ॥ ८६॥

रक्खेहुयेके नाम २॥ प्राप्त १प्रणिहित २ ॥ ८६ ॥

वेल्लितप्रेङ्खिताधूतचालिताकम्पिताधुते ॥

थोडा कांपते हुएके नाम ६ ॥वेल्लित १

प्रेंखित २ आधूत ३ चलित ४ आकंपित ५ धुत ६ ॥

-नुत्तनुन्नास्तनिष्ठ्यूताविद्धाक्षिप्तेरिताः समाः ॥ ८७ ॥

प्रेरितके नाम ७ ॥ नुत्त १ नुन्न २ अस्त ३ निष्ठ्यूत ४ आविद्ध ५ क्षिप्त ६ ईरित ७ ॥ ८७ ॥

परिक्षिप्तं तु निवृत्तं-

घेरेहुएके नाम २ ॥ परिक्षिप्त १ निवृत्त २ ॥

-मूषितं मुषितार्थकम् ॥

चुरायेहुयेके नाम २ ॥ मूषित १ मुषित २ ॥

प्रवृद्धप्रसृते-

फैलनेके नाम २॥ प्रवृद्ध १ प्रसृत २॥

-न्यस्तनिसृष्टे-

फेंकेहुएके नाम २ ॥ न्यस्त १ निसृष्ट २ ॥

-गुणिताहते ॥ ८८ ॥

गुणेहुएके नाम २॥ गुणित १ आहत २ ॥ ८८ ॥

निदिग्धोपचिते-

वढेहुएके नाम २ ॥ निदिग्ध १ उपचित २ ॥

-गूढगुप्ते-

छिपेहुएके नाम २॥ गूढ १ गुप्त २॥

-गुण्ठितरूषिते ॥

धूलिसे सनेहुएके नाम २ ॥ गुण्ठित १ रूषित २ ॥

द्रुतावदीर्णे-

द्रवीभूतके नाम २ ॥ द्रुत १ अवदीर्ण २ ॥

-उद्गूर्णोद्यते-

मारनेको उठायेहुए शस्त्रादिके नाम २॥ उद्गूर्ण १ उद्यत २ ॥

-काचितशिक्यिते ॥ ८९ ॥

छींकेपै धरी हुई वस्तुके नाम २ ॥ काचित १ ॥ शिक्यित २ ॥ ८९ ॥

घ्राणघ्राते-

सूंघेहुएके नाम २॥ घ्राण १ घ्रात २

-दिग्धलिप्ते-

लीपेहुएके नाम २॥ दिग्ध १ लिप्त २॥

-समुदक्तोद्धृते-

कूपादिसे निकालेहुए जलादिके नाम २ ॥ समुदक्त १ उद्धृत २ ॥

-समे ॥

उपरोक्तशब्द समानलिंग होते हैं ॥

वेष्टितं स्याद्वलयितं संवीतं रुद्धमावृतम् ॥ ९० ॥

नदी आदिसे घेरेहुएके नाम ५ ॥ वेष्टित १ वलयित २ संवीत ३ रुद्ध ४ आवृत ५ ॥ ९० ॥

रुग्णं भुग्ने-

टूटेहुयेके नाम २ ॥ रुग्ण१ भुग्न२॥

-ऽथ निशितक्ष्णुतशातानि तेजिते ॥

तेज किये हुयेके नाम ४॥ निशित १ क्ष्णुत २ शात ३ तेजित ४ ॥

स्याद्विनाशोन्मुखं पक्वं-

पकेहुए मरने वा काटनेके योग्य वस्तु के नाम २ ॥ विनाशोन्मुख १ पक्व २॥

-ह्रीणह्रीतौ तु लज्जिते ॥९१॥

लज्जायुक्तके नाम ३॥ ह्रीण१ ह्रीत२ लज्जित ३ ॥ ९१ ॥

वृत्ते तु वृतव्यावृत्तौ-

वरण कियेहुएके नाम ३॥ वृत्त १ वृत २ व्यावृत्त ३ ॥

-संयोजित उपाहितः ॥

मिलाये हुएके नाम २॥ सयोजित १ उपाहित २ ॥

प्राप्यं गम्यं समासाद्यं-

प्राप्तकरनेके योग्यके नाम ३॥ प्राप्य १ गम्य २ समासाद्य ३ ॥

-स्यन्नं रीणं स्नुतं स्रुतम् ॥९२॥

वहते हुएके नाम ४ ॥ स्यन्न १ रीण २ स्नुत ३ स्रुत ४ ॥ ९२ ॥

संगूढं स्यात्संकलितो-

जोडेहुए अंकादिके नाम २॥ संगूढ १ सङ्कलित २ ॥

-ऽवगीतः ख्यातगर्हणः ॥

निन्दितके नाम २ ॥ अवगीत १ ख्यातगर्हण २ ॥

विविधः स्याद्बहुविधो नानारूपः पृथग्विधः ॥ ९३ ॥

विविधप्रकारके नाम ४॥ विविध १ बहुविध २ नानारूप ३ पृथग्विध ४॥९३॥

अवरीणो धिक्कृतश्चा-

धिक्कारे हुएके नाम २ ॥ अवरीण १ धिक्कृत २ ॥

-प्यवध्वस्तोऽवचूर्णितः ॥

चूर्ण किये गयेके नाम २॥ अवध्वस्त १ अवचूर्णित २ ॥

अनायासकृतं फाण्टं-

अनयाससे किये कायका नाम १॥ फाण्ट १ ॥

-स्वनितं ध्वनितं समे ॥ ९४ ॥

जिसने शब्द किया हो उसके नाम २॥ स्वनित १ ध्वनित २ ॥ ९४ ॥

बद्धे संदानितं मूतमुद्दितं संदितं सितम् ॥

बँधेहुएके नाम ६॥ बद्ध १ संदानित २ मूत ३॥ मुद्दित ४ संदित ५ सित ६॥

निष्पक्वे क्वथितं

अच्छी तरह पकायेहुए काढे आदिके नाम २ ॥ निष्पक्व १ क्वथित २ ॥

पाके क्षीराज्यहविषां　　शृतम् ॥ ९५ ॥

पकेहुये घृत दुग्धादिका नाम १ ॥ शृत १ ॥ ९५ ॥

निर्वाणोमुनिवह्न्यादौ-

मुनि अग्नि आदिके मुक्तहोनेकानाम १ ॥ निर्वाण १ ॥

-निर्वातस्तु गतेऽनिले ॥

जब वायु न चलता होउस समयका नाम १ ॥ निर्वात १ ॥

पक्वं परिणते-

पकेहुयेके नाम २ ॥ पक्व १ परिणत २ ॥

-गूनं हन्नं-

हगेहुयेके नाम २॥ गून १ हन्न२ ॥

-मीढं तु मूत्रिते ॥ ९६ ॥

मूतेहुयेकेनाम२।मीढ१मूत्रित॥ ९६

पुष्टं तु पुषितं-

पोषणकियेके नाम २ ॥ पुष्ट १ पुषित २ ॥

-सोढे क्षान्त—

सहेहुयेके नाम २ ॥ सोढ१क्षान्त२

मुद्रान्तमुद्गतं ॥

डाके हुये अन्नादिकेनाम २॥उद्वान्त १ उद्गत २ ॥

दान्तस्तु दमितं—

दमनकिये वृषभ आदिके नाम २ ॥ दान्त १ दमित ॥२ ॥

शान्तः शमितं—

शमनको प्राप्त हुयेके नाम२॥शान्त १ शमित २ १

-प्रार्थितेऽर्दितः ॥ ९७ ॥

मागेहुयेके नाम २ ॥ प्रार्थित १ अर्दित २ ॥ ९७ ॥

ज्ञप्तस्तु ज्ञपिते-

जानेहुयेके नाम २॥ज्ञप्त१ज्ञपित२॥

-छन्नश्छादिते-

छायेके नाम २ ॥ छन्न१छादित२॥

पूजितेऽञ्चितः ॥

पूजाकियेगयेके नाम २ ॥ पूजित १ अञ्चित २ ॥

पूर्णस्तु पूरिते-

पूरेके नाम २॥ पूर्ण १ पूरित २॥

-क्लिष्टः क्लिशितं-

क्लेशितकेनाम२॥क्लिष्ट१ क्लिशित२॥

-वसिते सितः ॥ ९८ ॥

समाप्तके नाम २ अवसित १ सित २ ॥ ९८ ॥

प्रुष्टप्लुष्टोषिता दग्धे-

जलेहुयेके नाम ४ ॥प्रुष्ट १प्लुष्ट २ उषित ३ दग्ध ४

तष्टत्वष्टौ तनूकृते ॥

सूक्ष्मकिये गयेके नाम ३ ॥ तष्ट १ त्वष्ट २ तनूकृत ३ ॥

वेधितच्छिद्रितौ विद्धे-

छेदेहुयेके नाम ३॥वेधित १ छिद्रित २विद्ध ३ ॥

-विन्नवित्तौ विचारिते ॥९९ ॥

विचारेहुएके नाम ३ ॥विन्न १वित्त २ विचारित ३ ॥ ९९ ॥

निष्प्रभे विगतारोकौ-

तेजरहितके नाम ३ ॥ निष्प्रभ १ विगत २ अरोक ३ ॥

-विलीने विद्रुतद्रुतौ ॥

पिघल जानेके नाम ३ ॥ विलीन १ विद्रुत २ द्रुत ३ ॥

सिद्धे निर्वृत्तनिष्पन्नौ-

सिद्धके नाम ३ ॥ सिद्ध १ निर्वृत्त २ निष्पन्न ३ ॥

-दारिते भिन्नभेदितौ ॥ १०० ॥

चीरेहुयेके नाम ३॥दारिद १ भिन्न २ भेदित ३ ॥ १०० ॥

ऊतं स्यूतमुतं चेति त्रितयं तन्तुसंतते ॥

तंतुके विस्तारके नाम ३ ॥ ऊत १ स्यूत २ उत ३ ॥

स्यादर्हिते नमस्यितं नमसितमपचायितार्चितापऽचितम् ॥ १०१ ॥

पूजितके नाम ६ ॥ अर्हित १ मनस्यित २नमसित ३अपचायित ४अर्चित ५ अपचित ६ ॥ १०१

वरिवसिते वरिवस्यितमुपासितं चोपचरितं च ॥

सेवाकियेगयेके नाम ४ ॥वरिवसित १ वरिवस्यित २ उपासित ३उपचरित ४॥

संतापितसंतप्तौ धूपितधूपायितौ च दूनश्च ॥ १०२ ॥

तपायेहुएके नाम ५ ॥ संतापित १ सन्तप्त २धूपित ३धूपायित ४दून ५ १०२

हृष्टे मत्तस्तृप्तः प्रह्लन्नः प्रमुदितः प्रीतः ॥

हर्षितके नाम ६ ॥हृष्ट १ मत्त २ तृप्त ३ प्रह्लन्न ४ प्रमुदित ५ प्रीत ६॥

छिन्नं छातं लूनं कृत्तं दातं दितं छितं वृक्णम् ॥ १०३ ॥

काटेहुयेके नाम ८॥छिन्न १ छात २ लून ३ कृत्त ४ दात ५ दित ६ छित ७ वृक्ण ८ ॥१०३ ॥

स्रस्तं ध्वस्तं भ्रष्टं स्कन्नं पन्नं च्युतं गलितम् ॥

चुयेहुयेके नाम ७ ॥स्रस्त १ ध्वस्त २भ्रष्ट ३स्कन्न ४पन्न ५च्युत ६गलित ७ ॥

लब्धं प्राप्तं विन्नं भावितमासादितं च भूतं च ॥ १०४ ॥

पायेहुएके नाम ६ ॥ लब्ध १ प्राप्त २ विन्न ३ भावित ४ आसादित ५ भूत ६ ॥ १०४ ॥

अन्वेषितं गवेषितमन्विष्टं मार्गितं मृगितम् ॥

ढूंढेहुएके नाम ५॥ अन्वेषित १ गवेषित २ अन्विष्ट ३ मार्गित ४ मृगित ५॥

आर्द्रं सार्द्रं क्लिन्नं तिमितं स्तिमितं समुन्नमुत्तं च ॥ १०५ ॥

भींजेहुएके नाम ७॥ आर्द्र १ सार्द्र २ क्लिन्न ३ तिमित ४ स्तिमित ५ समुन्न ६ उत्त ७ ॥ १०५ ॥

त्रातं त्राणं रक्षितमवित्त गोपायितं च गुप्तं च॥

रक्षाकिये गयेके नाम ६॥ त्राण १ त्रात २ रक्षित ३ अवित ४ गोपायित ५ गुप्त ॥ ६ ॥

अवगणितमवमतावज्ञातेऽवमानितं परिभूते ॥ १०६ ॥

अपमानकिये गयेके नाम ५॥ अवगणित १ अवमत २ अवज्ञात ३ अवमानित ४ परिभूत ५ ॥ १०६ ॥

त्यक्तं हीनं विधुतं समुज्झितं धूतमुत्सृष्टे ॥

त्यागेहुयेके नाम ६ ॥ त्यक्त १ हीन २ विधुत ३ समुज्झित ४ धूत ५ उत्सृष्ट ६॥

उक्तं भाषितमुदितं जल्पितमाख्यातमभिहितं लपितम् १०७

कहेहुयेके नाम ७॥ उक्त १ भाषित २ उदित ३ जल्पित ४ आख्यात ५ अभिहित ६ लपित ७ ॥ १०७ ॥

बुद्धं बुधितं मनितं विदितं प्रतिपन्नमवसितावगते ॥

जानेगयेके नाम ७॥ बुद्ध १ बुधित २ मनित ३ विदित ४ प्रतिपन्न ५ अवसित ६ अवगत ७ ॥

ऊरीकृतमुररीकृतमंगीकृतमाश्रुतं प्रतिज्ञातम् ॥ १०८ ॥

संगीर्णविदितसंश्रुतसमाहितोपश्रुतोपगतम् ॥

अंगीकारकिये गयेके नाम ११॥ ऊरीकृत १ उररीकृत २ अंगीकृत ३ आश्रुत ४ प्रतिज्ञात ५ ॥ १०८ ॥ संगीर्ण ६ विदित ७ संश्रुत ८ समाहित ९ उपश्रुत १० उपगत ११ ॥

ईलितशस्तपणायितपनायितप्रणुतपणितपनितानि ॥ १०९

अवगीर्णवर्णिताभिष्टुतेडितानि स्तुतार्थानि ॥

स्तुति किये गयेके नाम १२॥ ईलित १ शस्त २ पणायित ३ पनायित ४ प्रणुत ५ पणित ६ पनित ७॥ १०९॥ अवगीर्ण ८ वर्णित ९ अभिष्टुत १० ईडित ११ स्तुत १२ ॥

भक्षितचर्वितलीढप्रत्यवसित-
गिलितखादितप्सातम् ११० ॥
अभ्यवहृतान्नजग्धग्रस्तग्लस्ता-
शितं भुक्ते ॥

खायेगयेके नाम १४॥ भक्षित १ चर्वित २ लीढ ३ प्रत्यवसित ४ गिलित ५ खादित ६ प्सात ७ ॥ ११० ॥ अभ्यवहृत ८ अन्न ९ जग्ध १० ग्रस्त ११ ग्लस्त १२ अशित १३ भुक्त १४

क्षेपिष्ठक्षोदिष्ठप्रेष्ठवरिष्ठस्थवि-
ष्ठबंहिष्ठाः॥१११॥ क्षिप्रक्षुद्रा-
भीप्सितपृथुपीवरबहुलप्रकर्षा-
र्थाः ॥

भाषा-(अतिशय करके त्वरितका नाम) क्षेपिष्ठ १ ॥ (अतिशय क्षुद्रका नाम) क्षोदिष्ठ १॥ (अतिशय अभीप्सितका नाम) प्रेष्ठ १॥ अतिशय पृथुका नाम) वरिष्ठ १ ॥ (अतिशय स्थूलका नाम) स्थविष्ठ १ ॥ अतिशय बहुलका नाम) बंहिष्ठ १ ॥ १११ ॥

साधिष्ठद्राघिष्ठस्फेष्ठगरिष्ठह्रसि-
ष्ठवृन्दिष्ठाः ॥ ११२ ॥
बाढव्यायतबहुगुरुवामन
वृन्दारिकातिशये ॥

भाषा-(अतिशय बाढका नाम) साधिष्ठ १॥ (अतिशय दीर्घका नाम) द्राघिष्ठ १॥ अतिशय स्फिरका नाम) स्फेष्ठ १॥ (अतिशयका गुरुका नाम) गरिष्ठ १॥(अतिशयह्रस्वका नाम) ह्रसिष्ठ १॥ (अतिशय वृन्दारकका नाम) वृन्दिष्ठ ॥ ११२ ॥

इति विशेष्यनिघ्नवर्गः ॥ १ ॥

अथ संकीर्णवर्गः २

प्रकृतिप्रत्ययार्थाद्यैः संकीर्णे
लिङ्गमुन्नयेत् ॥

भाषा-प्रकृतिप्रत्यय आदिके अर्थोंके द्वारा संकीर्णवर्गमें लिंग जानने ॥

कर्म. क्रिया-

क्रियाके नाम २॥ कर्मन् १ क्रिया २॥

-तत्सातत्ये गम्ये स्युरपर-
स्पराः ॥ १ ॥

अपरस्परोंके निरन्तर चलनेका नाम १॥ अपरस्पर १ ॥ १ ॥

साकल्यासंगवचने पारायणप-
रायणे ॥

साकल्यके वचनका नाम १॥ पारायण १॥ आसंगके वचनका नाम १॥ परायण १ ॥

यदृच्छा स्वैरिता-

स्वतन्त्रताके नाम २ ॥ यदृच्छा १ स्वैरिता ॥ २ ॥

-हेतुशून्या त्वास्या विल-
क्षणम् ॥ २ ॥

विना कारणकी स्थितिका नाम १॥ विलक्षण १ ॥ २ ॥

शमथस्तु शमः शान्ति-

शांतिके नाम ३ ॥ शमथ १ शम २ शान्ति ३ ॥

-र्दान्तिस्तु दमथो दमः ॥

इंद्रियोंके रोकनेके नाम ३ ॥ दांति १ दमथ २ दम ३ ॥

अवदानं कर्मवृत्तं-

अच्छेकर्मके नाम २ ॥ अवदान १ कर्मवृत्त २ ॥

-काम्यदानं प्रवारणम् ॥ ३ ॥

कामनाकरके दान देनेके नाम २ ॥ काम्यदान १ प्रवारण २ ॥ ३ ॥

वशक्रिया संवननं-

वशीकरणके नाम २॥ वशक्रिया १ सवनन २ ॥

-मूलकर्म तु कार्मणम् ॥

औषधीकी जड आदिसे उच्चाटनके नाम २ ॥ मूलकर्म १ कार्मण २ ॥

विधूननं विधुवनं-

कांपनेके नाम २ ॥ विधूनन १ विधुवन २ ॥

-तर्पणं प्रीणनावनम् ॥ ४ ॥

तृप्तिके नाम ३ ॥ तर्पण १ प्रीणन २ अवन ३ ॥ ४ ॥

पर्याप्तिः स्यात्परित्राणं हस्तधारणमित्यपि ॥

कोई किसीको मारता हो उसके रोक लेनेके अर्थ हाथ पकड लेनेके नाम ३ ॥ पर्याप्ति १ परित्राण २ हस्तधारण ३॥

सेवनं सीवनं स्यूति-

सीनेके नाम ३ ॥सेवन १सीवन २ स्यूति ३ ॥

-र्विदरः स्फुटनं भिदा ॥ ५ ॥

फूटनेके नाम ३॥विदर १स्फुटन २ भिदा ३ ॥ ५ ॥

आक्रोशनमभीषङ्गः-

गरियानेके नाम २ ॥ आक्रोशन १ अभीषङ्ग २

-संवेदो वेदना न ना ॥

अनुभवज्ञानके नाम २ ॥ संवेद १ वेदना २ ॥

संमूर्च्छनमभिव्याप्ति-

सब ओरसे व्याप्तिके नाम २॥सम्मूर्च्छन १ अभिव्याप्ति २ ॥

-र्याच्ञा भिक्षार्थनार्दना ॥ ६ ॥

भीखके नाम ४॥याच्ञा १ भिक्षा २ अर्थना ३ अर्दना ४ ॥ ६ ॥

वर्धनं छेदने-

काटनेके नाम २॥वर्धन १ छेदन २ ॥

-ऽथ द्वे आनन्दनसभाजने ॥

आप्रच्छन्न–

कुशल प्रश्न पूछनेसे उत्पन्न हुए आनन्दके नाम ३ ॥ आनन्दन १ सभाजन २ आप्रच्छन्न ३ ॥

–मथाम्नायः संप्रदायः–

गुरुके उत्तम परम्परा उपदेश करनेके नाम २॥आम्नाय १ सम्प्रदाय२ ॥

–क्षये क्षिया ॥ ७ ॥

क्षय होनेके नाम २ ॥ क्षयः १ क्षिया २ ॥ ७ ॥

ग्रहे ग्राहो–

लेनेके नाम २॥ ग्रह १ ग्राह २ ॥

–वशः कान्तौ–

इच्छाके नाम २॥ वश १ कांति२ ॥

–रक्षणस्त्राणे -

रक्षाके नाम २॥रक्षण १ त्राण २॥

–रणः क्वणे ॥

शब्दकरनेके नाम २॥ रण १ क्वण२॥

व्यधो वेधे–

छेदनेके नाम २ ॥ व्यध १ वेध २ ॥

–पचा पाके–

अन्नादि पकानेके नाम २॥ पचा१ पाक २ ॥

–हवो हूतौ–

बुलानेके नाम २:॥ हव १ हूति २ ॥

वरो वृतौ ॥ ८ ॥

वरदानके नाम २॥ वर१वृति २॥८

ओषः प्लोषे–

जलानेके नाम २॥ ओष १प्लोष२॥

–नयो नाये–

नीतिके नाम २ ॥ नय १नाय२॥

–ज्यानिर्जीर्णौ–

जीर्णताके नाम २ ॥ ज्यानि १ जीर्णि २ ॥

भ्रमो भ्रमौ ॥

भ्रमके नाम २ ॥ भ्रम१ भ्रमि२ ॥

स्फातिर्वृद्धौ–

बढतीके नाम २॥ स्फाति१ वृद्धि२ ॥

–प्रथा ख्यातौ–

प्रसिद्धताके नाम २ ॥ प्रथा १ ख्याति २ ॥

स्पृष्टिः पृक्तौ–

छूनेके नाम २ ॥ स्पृष्टि १ पृक्ति २ ॥

स्नवः स्रवे ॥ ९ ॥

झरनाके नाम २ ॥ स्नव १ स्रव २॥९

एधा समृद्धौ–

वृद्धिके नाम २ ॥ एधा १ समृद्धि२ ॥

–स्फुरणे स्फुरणा–

फडकनेके नाम २॥स्फुरण१स्फुरणा२॥

–प्रमितौ प्रमा ॥

यथार्थज्ञानके नाम २ ॥ प्रमिति १ प्रमा २ ॥

प्रसूतिः प्रसवे-

जन्महोनेके नाम २ ॥ प्रसूति १ प्रसव २ ॥

-श्च्योते प्राघारः-

घृतादिके चुअनेके नाम २॥श्च्योत १ प्राघार २ ॥

-क्लमथः क्लमे ॥ १० ॥

ग्लानिके नाम २॥ क्लमथ १ क्लम २ ॥ १० ॥

उत्कर्षोऽतिशये-

प्रकर्षके नाम २॥ उत्कर्ष १ अति- शय २ ॥

-संधिः श्लेषे-

मिलापके नाम २॥सधि १श्लेष२॥

-विषय आश्रये ॥

आश्रयके नाम २ ॥ विषय १ आश्रय २ ॥

क्षिपायां क्षेपणं-

फेंकने (प्रेरणे)के नाम २ ॥ क्षिपा १ क्षेपण २ ॥

-गीर्णिर्गिरौ

लीलने (निगलने) के नाम२ ॥ गीर्णि१ गिरि २॥

-गुरणमुद्यमे ॥ ११ ॥

उद्यमके नाम २ ॥गुरण १ उद्यम२ ॥ ११ ॥

उन्नाय उन्नये-

ऊपरको लेजानेके नाम २॥ उन्नाय १ उन्नय २ ॥

-श्रायः श्रयणे-

सेवाके नाम २ ॥श्राय १ श्रयण २॥

जयने जयः॥

जीतके नाम २॥ जयन१ जय२॥

निगादो निगदः-

कहनेके नाम२निगाद१ निगद२ ॥

-मादो मदः-

हर्षके नाम २ ॥ माद १ मद २ ॥

-उद्वेग उद्भ्रमे ॥१२॥

घबरानेके नाम २॥ उद्वेग १उद्भ्रम २ ॥ १२ ॥

विमर्दनं परिमले-

कुंकुमआदि मर्दनके नाम२॥विमर्दन १ परिमल २ ॥

-ऽभ्युपपत्तिरनुग्रहः ॥

हितकरने अनहितहटानेकी प्रवृत्तिके नाम२॥अभ्युपपत्ति १ अनुग्रह २॥

निग्रहस्तद्विरुद्धः स्या-

अनुग्रहसे विपरीतका नाम १ ॥ निग्रह १ ॥

-दभियोगस्त्वभिग्रहः ॥ १३॥

लडाईमें ललकारनेके नाम २ ॥अभि योग १ अभिग्रह १३ ॥

मुष्टिबन्धस्तु संग्राहो-
मूठीसेदृढपकडनेकेनाम २॥मुष्टिबन्ध १ संग्राह २ ॥

-डिम्बे डमरविप्लवौ ॥
मनुष्योंके लूटनेके नाम ३ ॥ डिम्ब १ डमर २ विप्लव ३ ॥

बन्धनं प्रसितिश्चारः-
बांधनेके नाम ३॥ बन्धन १ प्रसिति २ चार ३ ॥

-स्पर्शः स्प्रष्टोपतप्तरि ॥ १४ ॥
सन्तापको प्राप्तहुये पुरुषकेनाम ३॥ स्पर्श १ स्प्रष्टृ २ उपत ३ ॥ १४ ॥

निकारो विप्रकारः स्या-
अपकारके नाम २ ॥निकार १ विप्रकार २ ॥

-दाकारास्त्विङ्ग इङ्गितम् ॥
अभिप्रायके अनुसार चेष्टाकेनाम ३॥ आकार १ इङ्ग २ इंगित ३॥

परिणामो विकारो द्वे समे विकृतिविक्रिये ॥ १५ ॥
प्रकृति वदलजानेके नाम ४॥ परिणाम १ विकार २ विकृति ३ विक्रिय ४ ॥ १५ ॥

अपहारस्त्वपचयः-
अपहरणके नाम २ ॥ अपहार १ अपचय २ ॥

समाहारः समुच्चयः॥
बटोरनेकेनाम २॥समाहार १ समुच्चय २॥

प्रत्याहार उपादानं-
इन्द्रियोके खींचनेके नाम २ ॥ प्रत्याहार १ उपादान २ ॥

-विहारस्तु परिक्रमः ॥ १६ ॥
खेलनेमे पैदल चलनेके नाम २ ॥ विहार १ परिक्रम २ ॥ १६ ॥

अभिहारोऽभिग्रहणं-
चोरीकरनेके नाम २ ॥ अभिहार १ अभिग्रहण २ ॥

निर्हारोऽभ्यवकर्षणम् ॥
युक्तिपूर्वक शस्त्रादि निकालनेकेनाम २ ॥निर्हार १ अभ्यवकर्षण २ ॥

अनुहारोऽनुकारः स्या-
विडम्बना अर्थात् नकलकरनेकेनाम २॥ अनुहार १ अनुकार २ ॥

-दर्थस्यावगमे व्ययः ॥ १७ ॥
खर्चकरनेका नाम १॥व्यय १॥ १७॥

प्रवाहस्तु प्रवृत्तिः स्या-
जलआदिकी निरन्तरगतिके नाम २॥ प्रवाह १ प्रवृत्ति २ ॥

-त्प्रवहो गमनं बहिः ॥
बाहर जानेका नाम १ ॥प्रवह १॥

वियामो वियमो यामो यमः संयामसंयमौ ॥ १८ ॥

संयमके नाम ६ ॥ वियाम१ वियम२ यामरे यम४ संयाम५ संयम ६॥१८॥

हिंसाकर्माभिचारः स्या-

मारडालनेके नाम २॥ हिंसाकर्म१ अभिचार २ ॥

-ज्जागर्या जागरा द्वयोः ॥

जागनेके नाम२॥ जागर्या१ जागरा२॥

विघ्नोऽन्तरायः प्रत्यूहः-

विघ्नके नाम३॥ विघ्न१ अन्तराय २ प्रत्यूह ३ ॥

-स्यादुपघ्नोऽन्तिकाश्रये॥१९॥

समीपके आश्रयके नाम२॥ उपघ्न१ अन्तिकाश्रय २ ॥ १९ ॥

निर्वेश उपभोगः स्या-

उपभोगके नाम २॥ निर्वेश१ उपभोग २ ॥

-त्परिसर्पः परिक्रिया ॥

परिवारके घेरनेके नाम २॥ परिसर्प १ परिक्रिया २ ॥

विधुरं तु प्रविश्लेषो-

अत्यन्तवियोगके नाम २॥ विधुर १ प्रविश्लेष २ ॥

-ऽभिप्रायश्छन्द आशयः॥२०॥

अभिप्राय अर्थात् मनकी बातके नाम ३॥ अभिप्राय१ छन्द२ आशय ३॥२०॥

संक्षेपणं समसनं-

संक्षेपके नाम २ ॥ संक्षेपण समसन २ ॥

-पर्यवस्था विरोधनम् ॥

विरोधके नाम २ ॥ पर्यवस्था १ विरोधन २ ॥

परिसर्या परीसारः-

सब ओर गमनकरनेके नाम२॥ परिसर्या १ परीसार २ ॥

स्यादास्या त्वासना स्थितिः ॥ २१ ॥

आसनस्थितिके नाम ३ ॥ आस्या १ आसना २ स्थिति ३ ॥ २१ ॥

विस्तारो विग्रहो व्यासः-

विस्तारके नाम ३॥ विस्तार१ विग्रह २ व्यास ३ ॥

स च शब्दस्य विस्तरः ॥

शब्दके विस्तारका नाम१॥ विस्तर१

संवाहनं मर्दनं-

पाँवआदिके दाबनेके नाम२॥ संवाहन १ मर्दन २ ॥

-स्याद्विनाशः स्याददर्शनम्॥२२॥

न देख पडनेके नाम२॥ विनाश१ अदर्शन २ ॥ २२ ॥

संस्तवः स्यात्परिचयः-

जानपहिचानके नाम२॥ संस्तव १ परिचय २ ॥

-प्रसरस्तु विसर्पणम् ॥

फैलनेके नाम २ ॥ प्रसर १ विसर्पण २ ॥

नीवाकस्तु प्रयामः स्या-

धन धान्यादिके बटोरनेके नाम २॥ नीवाक १ प्रयाम २ ॥

-त्संनिधिः संनिकर्षणम्॥२३॥

पड़ोस (निकट)के नाम२॥संनिधि१ संनिकर्षण २ ॥ २३ ॥

लवोऽभिलावो लवने-

काटनेके नाम ३ ॥ लव १ अभिलाव २ लवन ३ ॥

-निष्पावः पवने पवः ॥

अन्नादि पछोरने (बरसाने) आदिके नाम ३॥ निष्पाव १ पवन २ पव ३॥

प्रस्तावः स्यादवसर-

प्रसंगके नाम२॥प्रस्ताव१ अवसर२॥

-स्त्रसरः सूत्रवेष्टनम् ॥ २४ ॥

जुलाहे लोग जिस तरह सूत्रको लपेटतेहे उस क्रियाके नाम २ ॥ त्रसर १ सूत्रवेष्टन २ ॥ २४ ॥

प्रजनः स्यादुपसरः-

गार्भिणी होनेके नाम २॥ प्रजन१ उपसर २ ॥

-प्रश्रयप्रणयौ समौ ॥

प्रेमके नाम २॥ प्रश्रय१प्रणय २॥

धीशक्तिर्निष्क्रमो-

धी (बुद्धि) शक्तिके नाम २॥ धीशक्ति १ निष्क्रम २ ॥

-ऽस्त्री तु संक्रमो दुर्गसंचरः ॥ २५ ॥

कठिन रस्तेके नाम २ ॥ संक्रम १ दुर्गसंचर २ ॥ २५ ॥

प्रत्युत्क्रमः प्रयोगार्थः-

युद्धके अर्थ तैयारी करनेके नाम२॥ प्रत्युत्क्रम १ प्रयोगार्थ २ ॥

-प्रक्रमः स्यादुपक्रमः ॥

स्यादभ्यादानमुद्धात आरम्भः-

आरम्भमात्रके नाम ५ ॥ प्रक्रम १ उपक्रम २ अभ्यादान ३ उद्धात ४ आरम्भ ५ ॥

-संभ्रमस्त्वरा ॥ २६ ॥

वेगके नाम २ ॥ सम्भ्रम १ त्वरा २ ॥ २६ ॥

प्रतिबन्धः प्रतिष्टम्भो-

कार्य रुक जानेके नाम २ ॥ प्रतिबंध १ प्रतिष्टम्भ २ ॥

-ऽवनायस्तु निपातनम् ॥

गिरनेके नाम२॥ अवनाय१ निपातन २॥

उपलम्भस्त्वनुभवः-

साक्षात्करनेके नाम २॥ उपलम्भ १ अनुभव

-समालम्भो विलेपनम्॥२७॥

चन्दनादिके लेपनके नाम २ ॥समालम्भ १ विलेपन २॥ २७ ॥

विप्रलम्भो विप्रयोगो-

वियोगके नाम २ ॥ विप्रलम्भ १ विप्रयोग ॥ २

-विलम्भस्त्वतिसर्जनम् ॥

दानकेनाम२॥विलम्भ१अतिसर्जन॥

विश्रावस्तु प्रतिख्याति-

अतिप्रसिद्धिके नाम २ ॥ विश्राव १ प्रतिख्याति ॥ २

-रवेक्षा प्रतिजागरः ॥ २८ ॥

वस्तुओंके देखनेके नाम २ ॥अवेक्षा १ प्रतिजागर २॥ २८ ॥

निपाठनिपठौ पाठे-

पढनेके नाम ३ ॥ निपाठ१ निपठ२ पाठ ३ ॥

-तेमस्तेमौ समुन्दने ॥

गीलाहोनेके नाम ३॥ तेम १ स्तेम २ समुन्दन ३ ॥

आदीनवास्रवौ क्लेशे-

क्लेशके नाम३ ॥आदीनव १आस्रव २ क्लेश ३ ॥

-मेलके सङ्गसंगमौ ॥ २९ ॥

मेलके नाम ३ मेलक १ सग २ गम ३ ॥ २९ ॥

संवीक्षणं विचयनं मार्गणं मृगणा मृगः ॥

अच्छे प्रकार ढूंढनेके नाम ५॥ सवीक्षण १ विचयन २ मार्गण ३ मृगणा ४ मृग ५ ॥

परिरम्भः परिष्वंगःसंश्लेषउपगूहनम् ॥ ३० ॥

प्रेमपूर्वक लिपटजानेके नाम ४ ॥ परिरम्भ १ परिष्वंग २ सश्लेश ३ उपगूहन ४ ॥ ३० ॥

निर्वर्णनं तु निध्यानं दर्शनालोकनेक्षणम् ॥

देखनेके नाम५॥ निर्वर्णन १ निध्यान २ दर्शन. ३-आलोकन ४ ईक्षण ५ ॥

प्रत्याख्यानं निरसनं प्रत्यादेशो निराकृतिः ॥ ३१ ॥

निराकरणके नाम ४॥प्रत्याख्यान१ निरसन २ प्रत्यादेश३निराकृति४॥३१

उपशायो विशायश्च पर्यायशयनार्थकौ ॥

अनुक्रमसे पहरेपर जागने सोनेवालेके नाम २ ॥ उपशाय १ विशाय२

अर्तनं च ऋतीया च हृणीया च घृणार्थकाः ॥ ३२ ॥

करुणा वा घिनानेके नाम४॥अर्तन १ ऋतीया २ हृणीया ३ घृणा४॥३२

स्याद्व्यत्यासो विपर्यासो
व्यत्ययश्च विपर्यये ॥
विपरीतके नाम ४ ॥ व्यत्यास १
विपर्यास २ व्यत्यय ३ विपर्य्यय ४ ॥

पर्ययोऽतिक्रमस्तस्मिन्नति-
पात उपात्ययः ॥ ३३ ॥
किञ्चित् विपरीतके नाम४॥पर्यय१
अतिक्रम२अतिपात३उपात्यय४॥३३॥

प्रेषणं यत्समाहूय तत्र स्या-
त्प्रतिशासनम् ॥
टहल आदिको बुलाकर भेजनेका
नाम १॥ प्रतिशासन १॥

स संस्तावः क्रतुषु या स्तुति-
भूमिर्द्विजन्मनाम् ॥ ३४ ॥
यज्ञमें ब्राह्मणोंकी स्तवन भूमिका
नाम १ ॥ संस्ताव १ ॥ ३४ ॥

निधाय तक्ष्यते यत्र काष्ठे
काष्ठं स उद्घनः ॥
वहटन वठिहा (जिसकेउपरकाष्ठ
धरा जाता है) का नाम १॥उद्घन१॥

स्तम्बघ्नस्तु स्तम्बघनः स्तम्बो
येन निहन्यते ॥ ३५ ॥
खुरपाआदिके नाम २॥ स्तम्बघ्न १
स्तम्बघन २ ॥ ३५ ॥

आविधो विध्यते येन ॥
वरमेका नाम १॥ आविध १ ॥

-तत्र विष्वक्समे निघः ॥
बराबर जमेहुये वृक्षादिकोका नाम
१ ॥ निघ १ ॥

उत्कारश्च निकारश्च द्वौ धान्यो-
त्क्षेपणार्थकौ ॥ ३६ ॥
अनाज आदि निकालनेके नाम२॥
उत्कार १ निकार २ ॥ ३६ ॥

निगारोद्गारविक्षावोद्ग्राहास्तु
गरणादिषु ॥
(खानेका नाम) निगार १ ॥
(उलटी करनेका नाम) उद्गार १ ॥
(छींकनेका नाम) विक्षाव १ ॥
(डकारनेका नाम) उद्ग्राह १ ॥

आरत्यवरतिविरतय उपरामे-
उपरामके नाम ४ ॥ आरति १ अवर
ति २ विरति ३ उपराम ४ ॥

ऽस्त्रियां तु निष्ठेवः ॥ ३७ ॥
निष्ठ्यूतिर्निष्ठेवनं निष्ठीवनमित्य-
भिन्नानि ॥
थूकनेके नाम ४॥ निष्ठेव१ ॥३७॥
निष्ठ्यूति २ निष्ठेवन ३ निष्ठीवन ४॥

जवने जूतिः-
वेगके नाम २॥ जवन १ जूति २॥

-सातिस्त्ववसाने स्या-
अन्तके नाम२॥साति१अवसान२॥

-द्‍थ ज्वरे जूर्तिः ॥ ३८ ॥

ज्वरके नाम २ ॥ज्वर १ जूर्ति२॥ ॥ ३८ ॥

उद्जस्तु पशुप्रेरण-

पशुओंके हाकनेका नाम१॥उद्ज १ ॥

-मकरणिरित्यादयः शापे ॥

शापका नाम१ ॥ अकरणि१॥ इत्यादि

गोत्रान्तेभ्यस्तस्य वृन्दमित्यौपगवकादिकम् ॥ ३९ ॥

जिसके समीप गाये हों उसके समूहका नाम १ ॥ औपगवक १ ॥ ३९ ॥

आपूपिकं शाष्कुलिकमेवमाद्यमचेतसाम् ॥

(पूओंके समूहका नाम) आपूपिक १ ॥ (पूरियोंके समूहका नाम) शाष्कुलिक १ आदि ॥

माणवानां तु माणव्यं-

लडकोंके समूहका नाम १॥माणव्य१॥

-सहायानां सहायता ॥ ४० ॥

मित्रोंके समूहका नाम १ ॥ सहायता १ ॥ ४० ॥

हल्या हलानां-

हलोंके समूहका नाम १ ॥ हल्या १ ॥

-ब्राह्मण्यवाडव्ये तु द्विजन्मनाम् ॥

ब्राह्मणोंके समूहके नाम२ ॥ ब्राह्मण्य १ वाडव्य २ ॥

द्वे पर्शुकानां पृष्ठानां पार्श्वं पृष्ठ्यमनुक्रमात् ॥ ४१ ॥

पांसलियोंके समूहका नाम १ ॥ पार्श्व १॥पीठकेसमूहकानाम१॥पृष्ठ्य १॥४१

खलानां खलिनी खल्या-

खलोंके समूहके नाम२ ॥खलिनी१ खल्या २ ॥

-थ मानुष्यकं नृणाम् ॥

मनुष्योंके समूहका नाम १॥ मानुष्यक १ ॥

-ग्रामता जनता धूम्या पाश्या गल्या पृथक्पृथक् ॥ ४२ ॥

(ग्रामोंके समूहका नाम)ग्रामता१॥ (जनोंके समूहका नाम) जनता १॥ (धूमके समूहका नाम)धूम्या १॥(फांसियोके समूहका नाम) पाश्या१॥(बडे काशोके समूहका नाम)गल्या१॥४२

अपि साहस्रकारीषवार्मणाथर्वणादिकम् ॥

भाषा-(सहस्रके समूहका नाम) साहस्र १ ॥ (कण्डीके समूहका नाम) कारीष १॥ (कवचोंके समूहका नाम) वार्मण १॥ (चमडोके समूहका नाम) चार्मण१ ॥(अथर्वणोंके समूहका नाम) आथर्वण १

॥ इति संकीर्णवर्गः ॥ २ ॥

अथ नानार्थवर्गः ३.

नानार्थाः केऽपि कान्तादिवर्गेष्वेवात्र कीर्तिताः ॥ भूरिप्रयोगा ये येषु पर्यायेष्वपि तेषु ते ॥ १ ॥

भाषा—कोई ककारान्तादि नानार्थके शब्द पूर्वोक्तवर्गोंमें कहचुके हैं, परन्तु उनका पूर्वोक्तवर्गोंमें जो प्रयोग किया है सो जिस अर्थमें जो शब्द अधिक आता है उस एकही अर्थमें कहा है, अब उनही पूर्वोक्त वर्गोमे कहेहुए शब्दोके यहां अनेक अर्थ वर्णन करते हैं ॥ १ ॥

आकाशे त्रिदिवे नाको-

नाक—आकाश तथा स्वर्ग ॥

-लोकस्तु भुवने जने ॥

लोक—स्वर्गादि लोक तथा जन ॥

पद्ये यशसि च श्लोकः-

श्लोक—अनुष्टुभादि पद्य तथा कीर्त्ति

-शरे खड्गे च सायकः ॥ २ ॥

सायक—तीर तथा तलवार॥ २ ॥

जम्बुकौ क्रोष्टुवरुणौ-

जम्बुक—शृगाल तथा वरुण ॥

-पृथुकौ चिपिटार्भकौ ॥

पृथुक—चिउडा तथा बालक ॥

आलोकौ दर्शनद्योतौ-

आलोक—दर्शन तथा प्रकाश ॥

भेरीपटहमानकौ ॥ ३ ॥

आनक—भेरी तथा नगाडा ॥ ३ ॥

उत्सङ्गचिह्नयोरङ्कः-

अंक—गोदी तथा चिह्न ॥

-कलंकाऽङ्कापवादयोः ॥

कलंक—चिह्न तथा लाञ्छन ॥

तक्षको नागवर्धक्यो-

तक्षक—सर्प तथा बढई ॥

-ऽर्कः स्फटिकसूर्ययोः ॥ ४ ॥

अर्क—स्फटिक मणि तथा सूर्य ॥ ४ ॥

मारुते वेधसि ब्रध्ने पुंसि कः कं शिरोम्बुनोः ॥

क-(पुँल्लिङ्ग) वायु, ब्रह्मा, सूर्य ॥

क—(नपुंसक) शिर तथा जल ॥

स्यात्पुलाकस्तुच्छधान्ये संक्षेपे भक्तसिक्थके ॥ ५ ॥

पुलाक—धानकी भूसी, संक्षेप तथा भातका सीत ॥ ५ ॥

उलूके करिणः पुच्छमूलोपान्ते च पेचकः ॥

पेचक—उलूपक्षी तथा हाथीके पुरीषद्वारका आच्छादक मांस ॥

कमण्डलौ च करकः-

करक—बनौरी(ओला)जो कभी, कभी पानी के सग बरसतीहै तथा अनारफल ॥

-सुगते च विनायकः ॥ ६ ॥

विनायक—बुद्ध,गणेश,तथा गरुड॥ ६ ॥

किष्कुर्हस्ते वितस्तौ च-
किष्कु-हाथ तथा वितस्ति ॥
-शूककीटे च वृश्चिकः ॥
वृश्चिक-विच्छू तथा आठवीं राशि॥
प्रतिकूले प्रतीकस्त्रिष्वेकदेशे तु पुंस्ययम् ॥ ७ ॥
प्रतीक-प्रतिकूल ॥ ७
स्याद्भूतिकं तु भूनिम्बे कत्तृणे भूस्तृणेऽपि च ॥
भूतिक-चिरायता-औषधी और गंध तृणविशेष ॥
ज्योत्स्निकायां च घोषे च कोशात-
कोशातकी-एक प्रकारका फल, परवर, तरकारी तथा चिचिंडा वृक्ष ॥
-क्यथ कट्फले ॥ ८ ॥
सिते च खदिरे सोमवल्कः स्या-
सोमवल्क-सपेद खैर तथा कायफल औषधी ॥ ८ ॥
-दथ सिह्लके ॥
तिलकल्के च पिण्याको-
पिण्याक-सिह्लक तथा तिलकीखरी॥
-बाह्लीकं रामठेऽपि च ॥ ९ ॥
बाह्लीक-रामठहींग तथाबाह्लीकदेशमे होनेवाला अश्व ॥ ९ ॥

महेन्द्रगुग्गुलूलूकव्यालग्राहिषु कौशिकः ॥
कौशिक-इन्द्र, गुग्गुलु, उल्लूपक्षी, तथा सांपका पकडनेवाला ॥
रुक्तापशङ्कास्वातंकः-
आतंक-रोग, ताप तथा शंका ॥
-स्वल्पेऽपि क्षुल्लकस्त्रिषु ॥ १० ॥
क्षुल्लक-छोटा तथा नीच, कनिष्ठ और दरिद्र ॥ १० ॥
जैवातृकः शशांकेऽपि-
जैवातृक-चन्द्रमा तथा दीर्घायुपुरुष
-खुरेऽप्यश्वस्य वर्तकः ॥
वर्तक घोडेके खुर तथा पक्षी ॥
व्याघ्रेऽपि पुण्डरीको ना-
पुण्डरीक-व्याघ्र दिग्गज तथा श्वेत कमल ॥
-यवान्यामपि दीपकः ॥ ११ ॥
दीपक-दीया तथा मोरकी चोटी॥ ११॥
शालावृकाः कपिक्रोष्टुश्वानः-
शालावृक-कुत्ता, वन्दर तथा सियार
स्वर्णेऽपि गैरिकम् ॥
गैरिक-गेरुधातु तथा सोना ॥
पीडार्थेऽपि व्यलीकं स्या-
व्यलीक-पीडा तथा झूठ ॥
-दलीकं त्वप्रियेऽनृते ॥ १२ ॥
अलीक-अप्रिय तथा झूठा ॥ १२॥

शीलान्वयावनूके-

अनूक-स्वभाव तथा वंश ॥

-द्वे शल्के शकलवल्कले ॥

शल्क-टुकडा तथा छुकला ॥

साष्टे शते सुवर्णानां हेम्न्युरोभूषणे पले ॥१३॥ दीनारेऽपि च निष्कोऽस्त्री-

निष्क-सोना एक प्रकारका गलेका भूषण तथा असर्फी ॥ १३ ॥

-कल्कोऽस्त्री शमलैनसोः ॥ दम्भे-

कल्क-मलिन तथा पाप और पाखण्ड ॥

-प्यथ पिनाकोऽस्त्रीशूलशंकरधन्वनोः ॥ १४ ॥

पिनाक—शूल तथा महादेवका धनुष ॥ १४ ॥

धेनुका तु करेण्वां च-

धेनुका-हथिनी तथा नईब्याईहुईगौ

-मेघजाले च कालिका ॥

कालिका-मेघका समूह तथा देवी॥

कारिका यातनावृत्योः-

कारिका-नरकपीडा तथा करना॥

कर्णिका कर्णभूषणे ॥ १५ ॥

करिहस्तेऽङ्गुलौ पद्मबीजकोश्यां-

कर्णिका- कानका भूषण, ॥ १५॥ हाथीकी सूंडकाअग्रभाग तथा कमलके बीज रहनेका कमलका भाग ॥

-त्रिषूत्तरे ॥

आगे जो शब्द कहे जायँगे वे तीनों लिंगोंमे होते हैं ॥

वृन्दारकौ रूपमुख्या-

वृन्दाकर-देवता, सुन्दर तथा मुख्य ॥

-वेके मुख्यान्यकेवलाः॥१६॥

एक-मुख्य,अन्य तथाकेवल॥१६ ॥

स्याद्दाम्भिकः कौकुटिको यश्चादूरेरितेक्षणः ॥

कौकुटिक-मायाकरनेवाला तथा थोरेसे ही देखनेवाला ॥

लालाटिकः प्रभोर्भालदर्शी कार्याक्षमश्च यः ॥ १७ ॥

लालाटिक-जो कार्य करनेमेंअसमर्थ हो औरस्वामीका मुखदेखे ॥ १७ ॥

इति कान्ताः॥

मयूखस्त्विट्करज्वाला-

मयूख-कान्ति, किरण तथा ज्वाला॥

स्वालिबाणौ शिलीमुखौ ॥

शिलीमुख- भ्रमर तथा बाण ॥

शंखो निधौ ललाटास्थ्नि कम्बौ न स्त्री-

शंख-एकनिधि, ललाटकी हड्डी और शंख ॥

–न्द्रियेऽपि खम् ॥ १८ ॥
ख–शून्य तथा इन्द्रिय ॥ १८ ॥
घृणिज्वाले अपि शिखे–
शिखा–किरण, ज्वाला तथा चोटी॥
॥ इति खान्ताः ॥
शैलवृक्षौ नगावगौ ॥
नग–अग पर्वत और वृक्ष ॥
आशुगौ वायुविशिखौ–
आशुग–वायु तथा वाण ॥
–शरार्कविहगाः खगाः ॥१९॥
खग–वाण, सूर्यादि ग्रह तथा पक्षी १९॥
–पतङ्गौ पक्षिसूर्यौ च–
पतग–सूर्य तथा पक्षी
–पूगः क्रमुकवृन्दयोः ॥
पूग–सुपारी तथा समूह ॥
पशवोऽपि मृगा–
मृग–हरिण, ढूढना, पशु ॥
–वेगः प्रवाहजवयोरपि ॥२०॥
वेग–प्रवाह तथा जोरसे चलना॥२०॥
परागः कौसुमे रेणौ स्नानीयादौ रजस्यपि ॥
पराग–पुष्पधूलि स्नानकरनेके योग्य मसाला तथा धूलि ॥
गजेपि नागमातङ्गा–
नाग–मातङ्ग–हाथी तथा चण्डाल वा डोम

–वपाङ्गस्तिलकेऽपि च ॥२१॥
अपाग–नेत्रोंके कोने, अगहीन तथा तिलक ॥ २१ ॥
सर्गः स्वभावनिर्मोक्षनिश्चयाध्यायसृष्टिषु ॥
सर्ग–स्वभाव, त्याग, निश्चय तथा ग्रथका अध्याय, सृष्टि ॥
योगः संनहनोपायध्यानसंगतियुक्तिषु ॥ २२ ॥
योग–कवच सामदानादि, ध्यान तथा मेल और युक्ति ॥ २२ ॥
भोगः सुखे स्त्र्यादिभृतावहेश्च फणकाययोः ॥
भोग–सुखदेनेवाला तथा सुख, वेश्या आदिको पालन करना वा मोल लेना सर्पका फन और शरीर ॥
चातले हरिणे पुंसि सारङ्गः शवले त्रिषु ॥ २३ ॥
सारग–चितकवरा रङ्गवाला, चितकवरा रङ्ग, मृगपशु, पक्षी, पपीहा पक्षी तथा मृगी ॥ २३ ॥
कपौ च प्लवगः–
प्लवग–वन्दर, मेढक तथा सारथि ॥
–शापे त्वभिषङ्गः पराभवे ॥
अभिषङ्ग–शाप तथा अनादर ॥
यानाद्यङ्गे युगः पुंसि युगं युग्मे कृतादिषु ॥ २४ ॥

युग (पुँल्लिङ्ग)—जुँआ, युग—नपुसक जोडा (दो), सत्ययुगादि तथा चार हाथ॥ २४ ॥

स्वर्गेषुपशुवाग्वज्रदिङ्नेत्रघृणिभूजले ॥ लक्ष्यदृष्ट्या स्त्रियां पुंसि गौ—

गौ—(पुँल्लिङ्ग—स्त्रीलिङ्ग) स्वर्ग, बाण, पशु, (गाय—बैल,) वाणी, वज्र, दिशा, नेत्र, किरण, भूमि, तथा जल

—लिङ्गं चिह्नशेफसोः ॥ २५ ॥

लिङ्ग—चिह्न तथा शिश्न इन्द्रिय॥२५॥

शृङ्गं प्राधान्यसान्वोश्च—

शृङ्ग—प्रभुता अर्थात् प्रधानता तथा कँगूरा ॥

—वराङ्गं मूर्धगुह्ययोः ॥

वराङ्ग—माथा तथा स्त्रीका मूत्रद्वार॥

भगं श्रीकाममाहात्म्यवीर्ययत्नार्ककीर्तिषु ॥ २६ ॥

भग—लक्ष्मी, इच्छा, ऐश्वर्य, वीर्य, उपाय, सूर्य, बडाई ॥ २६ ॥

॥ इति गान्ताः ॥

परिघः परिघातेऽस्त्रेऽ—

परिघ—चारों ओरसे मारना तथा अस्त्र ॥

—प्योघो वृन्देऽम्भसां रये ॥

ओघ—समूह तथा जलका वेग ॥

—मूल्ये पूजाविधावर्घो—

अर्घ—मूल्य तथा पूजामें जल देना॥

—ऽहो दुःखव्यसनेष्वघम् ॥२७॥

अघ—पाप, दुःख, शिकार, जुआ खेलना आदि ॥ २७ ॥

त्रिष्विष्टेऽल्पे लघुः—

लघु—इष्ट और थोडा ॥

॥ इति घान्ताः ॥

—काचाः शिक्यमृद्भेदद्दग्रजः॥

काच—छींका, कांचका भेद तथा नेत्ररोग ॥

विपर्यासे विस्तरे च प्रपञ्चः—

प्रपञ्च—विपरीत तथा शब्दका विस्तार और जगत् तथा ठगना ॥

—पावके शुचिः ॥ २८ ॥

मास्यमात्ये चात्युपधे पुंसि मेध्ये सिते त्रिषु ॥

शुचि—(पु०) अग्नि ॥ २८ ॥ आषाढमास, राजाका मन्त्री, निष्कपट (त्रि०) पवित्र तथा श्वेत वस्तु ॥

अभिष्वङ्गे स्पृहायां च गभस्तौ च रुचिः स्त्रियाम् ॥ २९ ॥

रुचि—आलिंगन करना, इच्छा तथा किरण ॥ २९ ॥

॥ इति चान्ताः ॥

केकिताक्ष्यौवहिभुजौ—

अहिभुक्–मोर और गरुड ॥

–दन्तविप्राण्डजा द्विजाः ॥

द्विज–दांत, पक्षी तथा ब्राह्मण ॥

अजा विष्णुहरच्छागा–

अज–विष्णु, शिव तथा बकरा ॥

–गोष्ठाध्वनिवहा व्रजाः ३० ॥

व्रज–गोशाला, मार्ग और समूह ३०

धर्मराजौ जिनयमौ–

धर्मराज–जिन (बुद्ध) और यमराज

–कुञ्जो दन्तेऽपि न स्त्रियाम् ॥

कुञ्ज–हाथीका दांत और सघन वन

वलजे क्षेत्रपूर्द्वारे वलजा वल्गुदर्शना ॥ ३१ ॥

वलज–(न०) खेत, नगरका दर वाजा (स्त्री) सुन्दर स्त्री ॥ ३१ ॥

समे क्ष्मांशे रणेऽप्याजिः ॥

आजि-पृथ्वीकासमानभागऔरसंग्राम

–प्रजा स्यात्संततौ जने ॥

प्रजा–सन्तान और जनसमूह ॥

अब्जौ शंखशशांकौ च–

अब्ज–शंख और चन्द्रमा ॥

–स्वके नित्ये निजं त्रिषु ॥ ३२ ॥

निज–(त्रि०)अपनातथा नित्य॥३२॥

॥ इति जान्ताः॥

पुंस्यात्मनि प्रवीणे च क्षेत्रज्ञो वाच्यलिङ्गकः ॥

क्षेत्रज्ञ–आत्मा और चतुर ॥

संज्ञा स्याच्चेतना नाम हस्ताद्यै-श्चार्थसूचना ॥ ३३ ॥

संज्ञा–चेतनशक्ति, नाम और हस्त आदिसे–अभिप्रायकाप्रगटकरना॥३३॥

॥ इति ञान्ताः ॥

काकेभगण्डौ करटौ–

करट–काक और हस्तीका गण्डस्थल

गजगण्डकटी कटौ ॥

कटि–हस्तीका गण्डस्थल और कमर ॥

शिपिविष्टस्तु खलतौ दुश्चर्मणि महेश्वरे ॥ ३४ ॥

शिपिविष्ट–गञ्जा, खुदरी हुई खाल और शिवजी ॥ ३४ ॥

देवशिल्पिन्यपि त्वष्टा–

त्वष्टा–विश्वकर्मा, सूर्य और बढई ॥

–दिष्टं दैवेऽपि न द्वयोः ॥

दिष्ट–प्रारब्ध और समय ॥

रसे कटुः कट्वकार्ये त्रिषु मत्स-रतीक्ष्णयोः ॥ ३५ ॥

कटु–(पु०) रसविशेष, (न०) अकार्य, (त्रि०)अहकारऔर तीक्ष्ण ३५

रिष्टं क्षेमाशुभाभावे–

रिष्ट–क्षेम, अशुभ और अभाव ॥

–ष्वरिष्टं तु शुभाशुभे ॥

अरिष्ट–शुभ और अशुभ ॥

मायानिश्चलयन्त्रेषु कैतवानृतराशिषु ॥ ३६ ॥ अयोघने शैलशृङ्गे सीराङ्गे कूटमस्त्रियाम् ॥

कूट—माया, निश्चल, यन्त्र,(मृगफँसानेका जाल)कपट,झूँठ, राशि ॥३६॥ लोहेका वन, पर्वतका कँगूरा तथा हलका अग्रभाग ॥

सूक्ष्मैलायां त्रुटिः स्त्री स्यात्कालेऽल्पे संशयेऽपि सा ॥ ३७ ॥

त्रुटि—छोटी इलायची, काल,[अक्षरका रहजाना] अल्प तथा संशय ३७

आर्त्युत्कर्षाश्रयः कोट्यो—

कोटि—धनुषकी टोंक,प्रकर्ष, कोना तथा करोडसंख्या ॥

—मूले लग्नकचे जटा ॥

जटा—वृक्षकी जड तथा केशोंकी जटा॥

व्युष्टिः फले समृद्धौ च—

व्युष्टि—फल तथा सम्पदा ॥

—दृष्टिर्ज्ञानेऽक्ष्णि दर्शने ॥ ३८ ॥

दृष्टि—ज्ञान नेत्र तथा देखना॥३८॥

इष्टिर्यागेच्छयोः—

इष्टि—यज्ञ तथा इच्छा ॥

—सृष्टं निश्चिते बहुनि त्रिषु ।

सृष्ट—बहुत तथा निश्चय कियागया ।

कष्टे तु कृच्छ्रगहने—

कष्ट—दुःख तथा गहन ॥

—दक्षामन्दागदेषु च ॥ ३९ ॥ पटु—

पटु—दक्ष तीक्ष्ण तथा रोगहीन॥३९॥

द्वौ वाच्यलिंगौ च—

पटु और कष्ट शब्द वाच्यलिंग हैं ॥

इति टान्ताः ॥

—नीलकण्ठः शिवेऽपि च ॥

नीलकण्ठ—मयूर तथा शिव ॥

पुंसि कोष्ठोऽन्तर्जठरं कुसूलोऽन्तर्गृहं तथा ॥ ४० ॥

कोष्ठ—पेटका मध्य भाग, धान्यका स्थान, गृहके भीतरका भाग ॥ ४० ॥

निष्ठा—निष्पत्तिनाशान्ताः—

निष्ठा—निष्पादन,नाश तथा अन्त॥

—काष्ठोत्कर्षे स्थितौ दिशि ॥

काष्ठा—उत्कर्ष, स्थिति, दिशा तथा कालविशेष ॥

त्रिषु ज्येष्ठोऽतिशस्तेऽपि—

ज्येष्ठ—अत्युत्तम, अतिवृद्ध, बडा भाई तथा वैशाखके उत्तरका मास ॥

—कनिष्ठोऽतियुवाल्पयोः ॥ ४१ ॥

कनिष्ठ—अतिछोटा तथाछोटा भाई४१॥

इति ठान्ताः ॥

दण्डोऽस्त्री लगुडेऽपि स्या—

दंड—दंडा तथा सजा आदि ॥

—द्गुडो गोलेक्षुपाकयोः ॥

गुड—गुड तथा मिट्टी आदिकागोला

सर्पमांसात्पशू व्याडौ—

व्याड—सर्प तथा मांसखानेवाला पशु व्याघ्र आदि ॥

—गोभूवाचस्त्विडाइलाः॥४२॥

इडा—गैया तथा पृथ्वी, वाणी और नाडी ॥ ४२ ॥

क्ष्वेडा वंशशलाकाऽपि—

क्ष्वेडा—विष सिंहनाद, तथा बांसकी खपच्ची ॥

—नाडी नालेऽपि षट्क्षणे ॥

नाडी—नाडी अर्थात् वात पित्तकफ इत्यादिके विकारको जनानेवाली नस तथा छः क्षण ॥

काण्डोऽस्त्री दण्डवाणार्ववर्गावसरवारिषु ॥ ४३ ॥

काण्ड—दंडा वा लाठी,बाण, खराव घोडा, परिच्छेद जैसे कि प्रथम काण्ड, अवसर तथा जल ॥ ४३ ॥

स्याद्भाण्डमश्वाभरणेऽमत्रे मूल वणिग्धने ॥

भाण्ड—पात्र वा वरतन,घोडोका गहना, वनियेका मूल धन वा पूँजी ॥

इति डान्ताः॥

भृशप्रतिज्ञयोर्वाढं—

वाढ—अत्यर्थ तथा प्रतिज्ञा ॥

—प्रगाढं भृपकृच्छ्रयोः ॥४४॥

प्रगाढ—मजबूत तथा दुःख॥४४॥

शक्तस्थूलौ त्रिषु दृढौ—

दृढ—समर्थ तथा मोटा ॥

—व्यूढौ विन्यस्तसंहतौ ॥

व्यूढ—विन्यस्त तथा संहत और पृथुल ॥

इति ढान्ताः ॥

भ्रूणोऽर्भके स्त्रैणगर्भे—

भ्रूण—बालक तथा स्त्रीका गर्भ ॥

—बाणो बलिसुते शरे ॥४५ ॥

बाण- बाणासुर तथा तीर ॥४५॥

कणोतिसूक्ष्मे धान्यांशे—

कण—अत्यन्तसूक्ष्म तथा धान्यकण॥

—संघाते प्रमथे गणः॥

गण—समूह तथा शिवके अनुचर ॥

पणोद्यूतादिषूत्सृष्टे भृतौ मूल्ये धनेपि च ॥ ४६ ॥

पण—जुआ आदिमें लगायाहुआधन पैसा तथा मजूरी वा तलब ॥ ४६ ॥

मौर्व्यां द्रव्याश्रितेः सत्त्वशौर्ये, संध्यादिके गुणः ॥

गुण—प्रत्यञ्चारूपआदि चौवीससत्व आदि शुक्ल आदि, सन्धि आदि ॥

निर्व्यापारस्थितौ कालविशेषोत्सवयोः क्षणः ॥ ४७ ॥

क्षण—तीसकलासमय, उत्सव तथा बेकाम बैठना तथा विश्राम करना॥४७॥

वर्णो द्विजादौ शुक्लादौ स्तुतौ वर्णं तु वाक्षरे ॥

वर्ण—शुक्ल पीतादिरंगतथावर्ण(पु० न०) अक्षर ब्राह्मणादि, स्तुति ॥

अरुणो भास्करेऽपि स्याद्वर्णभेदे पि च त्रिषु ॥ ४८ ॥

अरुण—सूर्य्य, सूर्य्यका सारथि, वर्ण भेद ॥ ४८ ॥

स्थाणुः शर्वोऽप्यथ—

स्थाणु—ठूठावृक्ष तथा अत्यन्त स्थिर और महादेव, खम्भा, वृक्ष पर्वत ॥

—द्रोणः काके—

द्रोण—काक तथा द्रोणाचार्य ॥

—ऽप्याजौ रवेरणः॥

रण—सग्राम तथा शब्द ॥

ग्रामणीर्नापिते पुंसि श्रेष्ठे ग्रामाधिपे त्रिषु ॥ ४९ ॥

ग्रामणी—नाई,मुख्यग्रामाधिप ॥४९॥

ऊर्णा मेषादिलोम्नि स्यादावर्त्ते चान्तरा भ्रुवोः ॥

ऊर्णा—मेडका बाल तथा दोनोंभौंके बीचकी भौंरी ॥

हरिणी स्यान्मृगी हेमप्रतिमा हरिता च या ॥ ५० ॥

हरिणी—मृगी, सोनेकी मूर्ति तथा हरे रंगकी मूर्ति ॥ ५० ॥

त्रिषु पाण्डौ च हरिणः—

हरिण—मृग तथा पाण्डुर वर्ण ॥

—स्थूणा स्तम्भेऽपि वेश्मनः ॥

स्थूणा—खम्भा तथा लोहेकी मूर्ति॥

तृष्णे स्पृहापिपासे द्वे—

तृष्णा—इच्छा (वाञ्छा) तथा प्यास

—जुगुप्साकरुणे घृणे ॥ ५१ ॥

घृणा—जुगुप्सा वा निन्दा तथा करुणा ॥ ५१ ॥

वणिक्पथे च विपणिः—

विपणि—बाजारकी गली तथा दुकान ॥

—सुराप्रत्यक् च वारुणी ॥

वारुणी—मदिरा तथा पश्चिमकी दिशा

करेणुरिभ्यां स्त्री नेभे—

करेणु—हाथी तथा हथिनी ॥

—द्रविणं तु बलं धनम् ॥५२॥

द्रविण—बल तथा धन ॥ ५२ ॥

शरणं गृहरक्षित्रोः—

शरण—गृह तथा रक्षा करनेवाला ॥

—श्रीपर्णं कमलेऽपि च ॥

श्रीपर्ण- कमल तथा अग्निमन्थ ॥

विषाभिमरलोहेषु तीक्ष्णं क्लीबे खरं त्रिषु ॥ ५३ ॥

तीक्ष्ण—अत्यन्त गरम वस्तु, अत्यन्त तीखा, विष युद्ध तथा लोहा ॥ ५३ ॥

प्रमाणं हेतुमर्यादाशास्त्रयत्ता- प्रमातृषु ॥

प्रमाण—हेतु, मर्यादा, शास्त्रपरिच्छेद तथा ज्ञाता ॥

करणं साधकतमं क्षेत्रगात्रेन्द्रि- येष्वपि ॥ ५४ ॥

करण—खेत, करण कारक, शरीर इन्द्रिय तथा वैश्य शूद्रा स्त्रीसे उत्पन्न ॥ ५४ ॥

प्राण्युत्पादे संसरणमसंबाधच- मूगतौ ॥ घण्टापथे-

संसरण—राजमार्ग, प्राणीका जन्म तथा बेरोक सेनाकी यात्रा ॥

-ऽथ वान्तान्ने समुद्गिरणमु- न्नये ॥ ५५ ॥

समुद्गिरण—वमन कियाहुआ अन्न तथा उखाडना तथा जलादिका निकालना ५५

अतस्त्रिषु-

यहांसे आगे कहे हुए णकारान्त शब्द तीनों लिंगोंमें होंगे ॥

-विषाणं स्यात्पशुशृङ्गेभद- न्तयोः ॥

विषाण—पशुओंके सींग तथा हाथीका दांत ॥

प्रवणं क्रमनिम्नोर्व्यां प्रह्वे ना तु चतुष्पथे ॥ ५६ ॥

प्रवण—नम्र, तत्पर, ढालू वा क्रमसे नीचा स्थान तथा चौराहा ॥ ५६ ॥

संकीर्णौ निचिताशुद्धा-

संकीर्ण—अशुद्ध तथा वर्णसङ्कर ॥

-वीरिणं शून्यमूषरम् ॥

ईरिण—शून्य और ऊषर ॥

॥ इति णान्ताः ॥

देवसूर्यौ विवस्वन्तौ-

विवस्वत्—देव तथा सूर्य ॥

-सरस्वन्तौ नदार्णवौ ॥ ५७ ॥

सरस्वत्—नद तथा समुद्र ॥ ५७ ॥

पक्षितार्क्ष्यौ गरुत्मन्तौ-

गरुत्मत्—गरुड तथा पक्षी ॥

-शकुन्तौ भासपक्षिणौ ॥

शकुन्त—गृध्र और पक्षिमात्र ॥

अग्न्युत्पातौ धूमकेतू-

धूमकेतु—अग्नि और धूममयी तारा ॥

-जीमूतौ मेघपर्वतौ ॥ ५८ ॥

जीमूत—मेघ और पर्वत ॥ ५८ ॥

हस्तौ तु पाणिनक्षत्रे-

हस्त—हाथ तेरहवां नक्षत्र ॥

-मरुतौ पवनामरौ ॥

मरुत्—वायु तथा देवता ॥

यन्ता हस्तिपके सूते-

यन्तृ—हाथीवान् तथा सूत ॥

—भर्ता धातरि पोष्टरि ॥ ५९॥

भर्तृ—ब्रह्मा और पालन करनेवाला ॥ ५९ ॥

यानपात्रे शिशौ पोतः—

पोत—नौका तथा लडका ॥

—प्रेतः प्राण्यन्तरे मृते ॥

प्रेत—परेत तथा मृतक ॥

ग्रहभेदे ध्वजे केतुः—

केतु—ध्वजा तथा एकग्रहका नाम॥

—पार्थिवे तनये सुतः ॥ ६० ॥

सुत—राजा तथा पुत्र ॥ ६० ॥

स्थपतिः कारुभेदेऽपि—

स्थपति—कंचुकी तथा कारुभेद, काष्ठ चीरनेवाला ॥

—भूभृद्भूमिधरे नृपे ॥

भूभृत—पर्वत और राजा ॥

मूर्धाभिषिक्तो भूपेपि—

मूर्धाभिषिक्त—राजा और मन्त्री ॥

—ऋतुः स्त्रीकुसुमेऽपि च॥६१॥

ऋतु—स्त्रीका मासिक धर्म और वसन्तादि ऋतु ॥ ६१ ॥

विष्णावप्यजिताव्यक्तौ—

अजित—अव्यक्त, विष्णु और महादेव॥

—सूतस्त्वष्टरि सारथौ ॥

सूत—सारथी तथा पाराधातु,त्वष्टा॥

व्यक्तः प्राज्ञेऽपि—

व्यक्त—पंडित तथा स्फुट ॥

—दृष्टान्तावुभौ शास्त्रनिदर्शने ॥ ६२ ॥

दृष्टान्त—तर्कादि शास्त्र तथा उदाहरण ॥ ६२ ॥

क्षत्ता स्यात्सारथौ द्वाःस्थे क्षत्रियायां च शूद्रजे ॥

क्षत्तृ—सारथि, शूद्र और क्षत्रियासे उत्पन्न तथा द्वारपाल ॥

वृत्तान्तः स्यात्प्रकरणे प्रकारे कार्त्स्न्यवार्तयोः ॥ ६३ ॥

वृत्तान्त—प्रकरण, प्रकार, सम्पूर्णता तथा वार्ता ॥ ६३ ॥

आनर्तः समरे नृत्यस्थाननीवृद्विशेषयोः ॥

आनर्त—आनर्त देश, संग्राम तथा नृत्यका स्थान ॥

कृतान्तो यमसिद्धान्तदैवाकुशलकर्मसु ॥ ६४ ॥

कृतान्त—यमराज, सिद्धान्त, भाग्य, तथा पाप ॥ ६४ ॥

श्लेष्मादि रसरक्तादि महाभूतानि तद्गुणाः ॥ इन्द्रियाण्यश्मविकृतिः शब्दयोनिश्च धातवः ॥ ६५ ॥

धातु—वात, पित्त, कफ, पेटमें अन्न-जायकर जो रस वनता है वह और रक्त इत्यादि, पचमहाभूत(पृथ्वी जेल इत्या-दि) पांचोंमहाभूतोके गुण, (रूप रस गन्ध इत्यादि) इन्द्रिय, पत्थरका विकार, (शिलाजीत इत्यादि)वर्णात्मक शब्दों-के कारण, (भू, इत्यादि) ॥६५ ॥

कक्षान्तरेऽपि शुद्धान्तो नृप-स्यासर्वगोचरे ॥

शुद्धान्त—राजधानी तथा राजाओंका जनाना ॥

कासूसामर्थ्ययोः शक्ति—

शक्ति—बरछी तथा सामर्थ्य ॥

-मूर्तिः काठिन्यकाययोः ॥ ६६॥

मूर्ति—कठिनता तथा शरीर ॥ ६६ ॥

विस्तारवल्लयोर्व्रतति—

व्रतति—विस्तार तथा वल्ली ॥

—वसती रात्रिवेश्मनोः ॥

वसति—रात्रि तथा घर ॥

क्षयार्चयोरपचितिः—

अपचिति—क्षय तथा पूजा ॥

—सातिर्दानावसानयोः ॥ ६७ ॥

साति—दान तथा अन्त ॥ ६७ ॥

आर्तिः पीडाधनुष्कोटयो—

अर्ति—पीडा तथा धनुषकी कोटि॥

—जातिः सामान्यजन्मनोः ॥

जाति—सामान्यजाति तथा जन्म ॥

प्रचारस्यन्दयो रीति—

रीति—लोकाचार तथा पीतल और लोहेका मल ॥

—ईतिर्डिम्बप्रवासयोः ॥ ६८ ॥

ईति—(ईति सात प्रकारकी होती है अतिवृष्टि, सूखापडना, खेतोंमें मूसोंका लगना, टीड्डियोंका उपद्रव, सुग्गोसे हानि, और राजाओसे वैर, इन ७ को ईति कहतेहैं,)तथा परदेशमे वास॥६८॥

उदयेऽधिगमे प्राप्ति—

प्राप्ति—लाभ तथा उत्पत्ति ॥

—त्रेता त्वग्नित्रये युगे ॥

त्रेता—एकयुग तथा अग्नित्रय ॥

वीणाभेदेऽपि महती—

महती—नारदकी वीणा तथा महत्त्व करके युक्त भार्यादि ॥

—भूतिर्भस्मनि संपदि ॥६९ ॥

भूति—अणिमा महिमादि आठ ऐश्वर्य, भस्म तथा सम्पत्ति ॥ ६९ ॥

नदीनगर्योर्नागानां भोगवत्य—

भोगवती—सर्पोंकी नदी तथा नगरी ॥

—थ संगरे ॥

सङ्गे सभायां समितिः—

समिति—सग तथा सभा तथा संग्राम ॥

—क्षयवासावपि क्षिती ॥ ७० ॥

क्षिति—निवास, क्षय तथा पृथ्वी॥७०॥

रवेरर्चिश्च शस्त्रं च वह्निज्वाला च हेतयः ॥

हेति—सूर्यकी प्रभा तथा शस्त्र और आगकी ज्वाला ॥

जगती जगति च्छन्दोविशेषेऽपि क्षितावपि ॥ ७१ ॥

जगती—लोक, एकप्रकारका छन्द तथा पृथ्वी ॥ ७१ ॥

पंक्तिश्छन्दोऽपि दशमं—

पंक्ति—पाँती तथा दश अक्षरके पादका छन्द ॥

—स्यात्प्रभावेऽपि चायतिः ॥

आयति—आनेवाला समय प्रभाव तथा लम्बाई ॥

पत्तिर्गतौ च—

पत्ति—पैदल तथा चलना ॥

—मूले तु पक्षतिः पक्षभेदयोः ॥ ७२ ॥

पक्षति—प्रतिपदा तिथि तथा पखकी जड़ ॥ ७२ ॥

प्रकृतिर्योनिलिङ्गे च—

प्रकृति—स्वभाव तथा योनिर्लिंग ॥

—कैशिक्याद्याश्च वृत्तयः ॥

वृत्ति—जीविका, सूत्रोंका अर्थ तथा कशिकी ॥

सिकताः स्युर्वालुकापि—

सिकता—वालू और सिकती ॥

—वेदे श्रवसि च श्रुतिः॥७३ ॥

श्रुति—वेद, कान तथा सुनना ॥ ७३ ॥

वनिता जनितात्यर्थानुरागायां च योषिति ॥

वनिता—स्त्री तथा अत्यन्त प्यारी स्त्री ॥

गुप्तिः क्षितिव्युदासेऽपि—

गुप्ति—रक्षा, भूमिका गड्ढा तथा जेलखाना ॥

धृतिर्धारणधैर्ययोः ॥ ७४ ॥

धृति—धारण और धैर्य ॥ ७४ ॥

बृहती क्षुद्रवार्ताकी छन्दोभेदो महत्यपि ॥

बृहती—क्षुद्रवार्त्ताकी, छन्दविशेष बड़ी ॥

वासिता स्त्रीकरिण्योश्च—

वासिता—स्त्री तथा हथिनी ॥

—वार्ता वृत्ता जनश्रुतौ ॥ ७५ ॥

वार्ता—जीविका, समाचार ॥ ७५ ॥

वार्तं फल्गुन्यरोगे च त्रि—

वार्त—नीरोग, समाचार, जनश्रुति जीवनापाय तथा कुशल ॥

—ष्वप्सु च घृतामृते ॥

घृत—घी, जल ॥

अमृत—जल, मोक्ष तथा विना मांगी भीख ॥

कलधौतं रूप्यहेम्नो–
कलधौत–चांदी तथा सोना ॥
–र्निमित्तं हेतुलक्ष्मणोः॥७६॥
निमित्त–हेतु तथा चिह्न ॥ ७६ ॥
श्रुतं शास्त्रावधृतयो–
श्रुत–शास्त्र तथा सुनागया ॥
–र्युगपर्याप्तयोः कृतम् ॥
कृत–सत्ययुगपर्याप्ति, तथा कियाहुआ॥
अत्याहित महाभीतिः कर्म जीवानपेक्षि च ॥ ७७ ॥
अत्याहित–महाभय तथा साहस॥७७॥
युक्ते क्ष्मादावृतेभूतं प्राण्यतीते समे त्रिषु ॥
भूत–प्रेत, पृथिवी आदि पांच, देवयोनि तथा न्याययुक्त कार्य और सत्य तथा प्राणी ॥
वृत्तं पद्ये चरित्रे त्रिष्वतीते दृढनिस्तले ॥ ७८ ॥
वृत्त–पद्य, श्लोक, चरित्र, अतीत, भूतकाल, दृढ तथा गोल ॥ ७८ ॥
महद्राज्यं चा–
महत्–राज्य तथा बृहत्
–वगीतं जन्ये स्याद्गर्हितं त्रिषु ॥
अवगीत–लोकापवाद तथा जिसकी निंदा की गई ॥

श्वेतं रूप्येऽपि–
श्वेत–सफेद रंग तथा चांदी और रुपया ॥
–रजतं हेम्नि रूप्ये सिते त्रिषु ॥ ७९ ॥
रजत–सोना चांदी तथा उज्ज्वल७९॥
त्रिष्वतो
यहासे लेकर तकारान्त सम्पूर्ण शब्द तीनों लिंगोमें होते हैं ॥
जगदिङ्गेऽपि–
जगत्–लोक तथा प्राणी ॥
–रक्तं नील्यादिरागि च ॥
रक्त–नीलादि रंग तथा रुधिर ॥
अवदातः सिते पीते शुद्धे–
अवदात–शुद्ध, श्वेत पदार्थ तथा पीला पदार्थ ॥
–बद्धार्जुनौ सितौ ॥ ८० ॥
सित बँधाहुआ तथा श्वेत ॥८०॥
युक्तेऽपिसंस्कृते मर्षिण्यभिनीतो–
अभिनीत–युक्त, अत्यन्त, प्रशस्त, तथा भूषित और शान्त ॥
–ऽथ संस्कृतम् ॥
कृत्रिम लक्षणोपेतेऽप्य–
संस्कृत–संस्कारयुक्त, लक्षणयुक्त तथा कृत्रिम ॥

—नन्तोऽनवधावपि ॥ ८१ ॥

अनन्त—अनवधि, (जिसकी मर्यादा न हो) विष्णु तथा शेष नाग ॥८१॥

ख्याते हृष्टे प्रतीतो—

प्रतीत—प्रसिद्ध तथा हर्षित ॥

—ऽभिजातस्तु कुलजे बुधे ॥

अभिजात—कुलीन और पण्डित ॥

विविक्तौ पूताविजनौ—

विविक्त—पवित्र और विजन, वा एकान्त ॥

—मूर्च्छितौ मूढसोच्छ्रयौ॥८२॥

मूर्च्छित—मोहित तथा बढा॥८२॥

द्वौ चाम्लपरुषौ शुक्तौ—

शुक्त—चुक्र तथा कठोर ॥

शिती धवलमेचकौ ॥

शिति—धवल (शुक्ल) मेचक तथा कृष्णवर्ण ॥

सत्ये साधौ विद्यमानेप्रश-स्तेऽभ्यर्हिते च सत् ॥ ८३ ॥

सत्—सत्य, साधु, विद्यमान, प्रशस्त तथा अभ्यर्हित ॥ ८३ ॥

पुरस्कृतः पूजितेऽरात्यभि-युक्तेऽग्रतः कृते ॥

पुरस्कृत—पूजित, शत्रुसे पीडित और आगे किये हुये ॥

निवातावाश्रयावातौ शस्त्रा-भेद्यं च वर्म यत् ॥ ८४ ॥

निवात—निवास, वायुरहित स्थान तथा शस्त्रोंसे अभेद्य कवच ॥ ८४ ॥

जातोन्नद्धप्रवृद्धाःस्युरुच्छ्रिता—

उच्छ्रित—उत्पन्न, ऊंचा, उच्छ्रित, अहंकारयुक्त तथा अत्यन्त बडा ॥

—उत्थितास्त्वमी ॥ वृद्धिमत्प्रो-द्यतोत्पन्ना—

उत्थित—वृद्धिको प्राप्त होनेवाला, तथा उदयको प्राप्त होनेवाला और उत्पन्न होनेवाला ॥

—आदृतौ सादरार्चितौ ॥८५॥

आदृत—आदर कियाहुआ तथा पूजित ॥ ८५ ॥

इति तान्ताः ।

अर्थोभिधेयरैवस्तुप्रयोजन-निवृत्तिषु ॥

अर्थ—शब्दका अर्थ, धन, यथार्थ, निवृत्ति ॥

निपानागमयोस्तीर्थमृषि-जुष्टे जले गुरौ ॥ ८६ ॥

तीर्थ—निपान अर्थात् कूपके पासका हौद वा जलाशय, शास्त्र, ऋषिसेवित जल तथा गुरु ॥ ८६ ॥

समर्थस्त्रिषु शक्तिस्थे संब-द्धार्थे हितेऽपि च ॥

समर्थ—समर्थ वा बलवान् तथा सम्बन्धयुक्त पदार्थ तथा हित ॥

दशमीस्थौ क्षीणरागवृद्धौ-
दशमीस्थ-रसरहित और अतिवृद्ध॥
-वीथी पङ्क्त्यपि ॥ ८७ ॥
वीथी-मार्ग तथा पंक्ति ॥ ८७ ॥
आस्थानीयत्नयोरास्था-
आस्था-सभा तथा उपाय ॥
-प्रस्थोऽस्त्री सानुमानयोः ॥
प्रस्थ-पर्वतकी चोटी तथा तोल-नेका सेर ॥

॥ इति थान्ताः ॥

अभिप्रायवशौ छन्दा-
छन्द-अभिप्राय तथा अधीन ॥
-वब्दौ जीमूतवत्सरौ ॥ ८८ ॥
अब्द-मेघ तथा वर्ष ॥ ८८ ॥
अपवादौ तु निन्दाज्ञे-
अपवाद-निन्दा तथा आज्ञा ॥
-दायादौ सुतबान्धवौ ॥
दायाद-पुत्र तथा ज्ञाति वा बिरादरी॥
पादा रश्म्यंघ्रितुर्यांशा-
पाद-किरण, चरण तथा चौथाई॥
-श्चन्द्राग्न्यर्कास्तमोनुदः॥८९॥
तमोनुद्-चन्द्र, सूर्य तथा अग्नि॥८९॥
निर्वादो जनवादेऽपि-
निर्वाद-लोकापवाद और निश्चित वाद ॥
-शादो जम्बालशष्पयोः ॥
शाद-घास और कीचड ॥
आरावे रुदिते त्रातर्य्याक्रन्दो दारुणे रणे ॥ ९० ॥
आक्रन्द-आर्तशब्द, रोदन, रक्षक, भयंकर तथा युद्ध ॥ ९० ॥
स्यात्प्रसादोऽनुरागेऽपि-
प्रसाद-अनुग्रह, (प्रसन्नता) और काव्यके गुण ॥
-सूदः स्याद्व्यञ्जनेऽपि च ॥
सूद-व्यञ्जन और रसोईंदारका नाम ॥
गोष्ठाध्यक्षेऽपि गोविन्दो-
गोविन्द-कृष्ण तथा विष्णु और गोष्ठका स्वामी ॥
-हर्षेऽप्यामोदवन्मदः ॥ ९१ ॥
आमोद-हर्ष तथा निर्हारि गन्ध॥९१॥
प्राधान्ये राजलिङ्गे च वृषाङ्गे ककुदोऽस्त्रियाम् ॥
ककुद-प्रधान, राजचिह्न तथा बैलका कन्धा ॥
स्त्री संविज्ज्ञानसंभाषाक्रियाकाराजिनामसु ॥ ९२ ॥
संविद्-ज्ञान, सम्भाषण, कर्म, नियम, युद्ध और नाम ॥ ९२ ॥
धर्मे रहस्युपनिष-
उपनिषद्-धर्म, एकान्त और वेदान्त

-स्त्याहतौ वत्सरे शरत् ॥

शरद्—क्वारकार्त्तिकका समय और वर्ष ॥

पदं व्यवसितत्राणस्थानल-
क्ष्माङ्घ्रिवस्तुषु ॥ ९३ ॥

पद—व्यवसाय, रक्षास्थान, चिह्न, चरण तथा वस्तु ॥ ९३ ॥

गोष्पदं सेविते माने-

गोष्पद—सेवित देश तथा भूमिपर गायके खुरसे हुआ गड्ढा ॥

-प्रतिष्ठा कृत्यमास्पदम् ॥

आस्पद—प्रतिष्ठा, स्थान तथा कार्य ॥

-त्रिष्विष्टमधुरौ स्वादू-

स्वादु—इष्ट और मधुर ॥

-मृदू चातीक्ष्णकोमलौ ॥ ९४ ॥

मृदु—अतीक्ष्ण तथा कोमल ॥ ९४ ॥

मूढाल्पापटुनिर्भाग्या मंदाः स्यु-

मन्द—मूर्ख, आलसी अप्रवीण, अल्प तथा निर्भाग्य ॥

-र्द्वौ तु शारदौ ॥
प्रत्यग्राप्रतिभौ-

शारद—डरपोक, छितिउन (वृक्ष) जलपीपर औषधी ॥

-विद्वत्सुप्रगल्भौ विशार-
दौ ॥ ९५ ॥

विशारद—विद्वान् तथा चतुर और ढीठ पुरुष ॥ ९५ ॥

इति दान्ताः ॥

व्यामो वटश्च न्यग्रोधा-

न्यग्रोध—वटवृक्ष तथा अङ्कवार ॥

-वुत्सेधः काय उन्नतिः ॥

उत्सेध—देह तथा ऊँचाई ॥

पर्याहारश्च मार्गश्च विवधौ
वीवधौ च तौ ॥ ९६ ॥

विवध वीवध—पर्याहार (ध्यानादि) तथा मार्ग ॥ ९६ ॥

परिधिर्यज्ञियतरोः शाखायामु-
पसूर्यके ॥

परिधि—वृत्तकी परिधि वा गोलाई, सूर्य वा चन्द्रके चारों ओरका मण्डल, पलाश इत्यादि यज्ञके वृक्षोंकी शाखा ॥

बन्धकं व्यसनं चेतः पीडा-
धिष्ठानमाधयः ॥ ९७ ॥

आधि—बन्धक, आपत्ति, मनकी पीडा तथा बैठना ॥ ९७ ॥

स्युः समर्थननीवाकनियमाश्च
समाधयः ॥

समाधि—चित्तके व्यापारका रोकना, अङ्गीकार, चुप रहना, नियम तथा ध्यान॥

दोषोत्पादेऽनुबन्धः स्यात्प्रकृ-
त्यादिविनश्वरे ॥ ९८ ॥

मुख्यानुयायिनि शिशौ प्रकृ-
तस्यानुवर्तने ॥
अनुबन्ध–दोषका उत्पन्न करना, प्रकृति प्रत्यय आगम आदेश इत्यादिमें जिसका नाश हो गया हो वह ॥९८॥ पिता इत्यादि बडोंका अनुसरण करनेवाला बालक, प्रारम्भ किया वस्तुका परंपरासे चलना ॥

विधुर्विष्णौ चन्द्रमसि–
विधु–विष्णु, चन्द्रमा, कपूर, तथा राक्षस ॥

–परिच्छेदे बिलेऽवधिः ॥९९॥
अवधि–सीमा वा हद्द, गड्ढा और काल ॥ ९९ ॥

विधिर्विधाने दैवेऽपि–
विधि–करना, भाग्य धर्मशास्त्र तथा आज्ञादेना ॥

–प्रणिधिः प्रार्थने चरे. ॥
प्रणिधि–प्रार्थन तथा चलनेवाला ॥

बुधवृद्धौ पण्डितेऽपि–
बुध–पण्डित तथा एक ग्रह ॥ वृद्ध–पंडित तथा वृद्धपुरुष ॥

–स्कन्धः समुदयेऽपि च ॥१००॥
स्कन्ध–समुदय, समूह, काण्ड, राजा तथा कन्धा ॥ १०० ॥

देशे नदविशेषेऽब्धौ सिन्धुर्ना सारिति स्त्रियाम् ॥
सिंधु–समुद्र, एक नद, सिन्धुदेश तथा नदी ॥

विधा विधौ प्रकारे च–
विधा–विधान प्रकार तथा बडाई ॥

–साधू रम्येऽपि च त्रिषु ॥१०१ ॥
साधु–साधु, कुलीन, सुन्दर, रोजगारी तथा सज्जन ॥ १०१ ॥

वधूर्जाया स्नुषा स्त्री च–
वधू–स्त्री, (विवाहिता स्त्री) पुत्रकी बहू, सवरग ओषधी ॥

–सुधा लेपोऽमृतं स्नुही ॥
सुधा–अमृत, चूना, विजुली, भोजन, अवरा, सेहुड ॥

सन्धा प्रतिज्ञा मर्यादा–
सन्धा–प्रतिज्ञा, अंगीकार, मर्यादा ॥

–श्रद्धा संप्रत्ययः स्पृहा ॥१०२॥
श्रद्धा–आदर, आकाक्षा तथा विश्वास ॥ १०२ ॥

मधु मद्ये पुष्परसे क्षौद्रे–
मधु–मद्य, पुष्परस, शहद, चैत्र तथा महुआ ॥

–प्यन्धं तमस्यपि ॥
अन्ध–अन्धा तथा अँधियारा ॥

अतस्त्रिषु–
यहासे लेकर धांतवर्ग पर्यंत शब्द तीनों लिंगोंमें होते हैं ॥

-समुन्नद्धौ पण्डितंमन्यगर्वितौ ॥ १०३ ॥

समुन्नद्ध-अपनेको पंडित माननेवाला वा गर्वयुक्त ॥ १०३ ॥

ब्रह्मबन्धुरधिक्षेपे निर्देशे-

ब्रह्मबन्धु-अधिक्षेप, निन्दा योग्य ब्राह्मण ॥

-ऽथ विलम्बितः ॥ अविदूरोऽप्यवष्टब्धः-

अवष्टब्ध-आश्रित, पासवाला तथा बँधा हुआ ॥

-प्रसिद्धौ ख्यातभूषितौ॥ १०४ ॥

प्रसिद्ध-प्रसिद्ध वा ख्यात तथा भूषित ॥ १०४ ॥

॥ इति धान्ताः ॥

सूर्यवह्नी चित्रभानू-

चित्रभानु-सूर्य और अग्नि ॥

-भानू रश्मिदिवाकरौ

भानु-किरण और सूर्य ॥

भूतात्मानौ धातृदेहौ-

भूतात्मन्-ब्रह्मा तथा देह ॥

-मूर्खनीचौ पृथग्जनौ॥ १०५॥

पृथग्जन-मूर्ख और नीच ॥ १०५॥

ग्रावाणौ शैलपाषाणौ-

ग्रावन्-पर्वत तथा पत्थर ॥

-पत्त्रिणौ शरपक्षिणौ ॥

पत्त्रिन्-पक्षी, बाज पक्षी तथा बाण ॥

तरुशैलौ शिखरिणौ-

शिखरिन्-वृक्ष तथा शैल ॥

शिखिनौ वह्निबर्हिणौ॥ १०६॥

शिखिन्-अग्नि तथा मोर ॥ १०६ ॥

प्रतियत्नावुभौ लिप्सोपग्रहा-

प्रतियत्न-लाभकी इच्छा तथा संस्कार ॥

-वथ सादिनौ ॥ द्वौ सारथिहयारोहौ-

सादिन्-सारथि और घोडेका सवार ॥

-वाजिनोऽश्वेषु पक्षिणः ॥१०७॥

वाजिन्-घोडा और पक्षी ॥ १०७ ॥

कुलेऽप्यभिजनो जन्मभूम्याम-

अभिजन-कुल तथा जन्मभूमि ॥

-प्यथ हायनाः ॥ वर्षार्चिर्व्रीहिभेदाश्च-

हायन-वर्ष, आँच तथा एक तरहका धान ॥

चन्द्राग्न्यर्का विरोचनाः ॥१०८॥

विरोचन-चन्द्रमा, अग्नि, सूर्य॥१०८॥

क्लेशेऽपि वृजिनो-

वृजिन-क्लेश, कुटिल तथा पाप ॥

-विश्वकर्मार्कसुरशिल्पिनोः ॥

विश्वकर्मन्-सूर्य तथा विश्वकर्मा ॥

आत्मा यत्नो धृतिर्बुद्धिः स्वभावो ब्रह्मवर्ष्म च ॥ १०९ ॥

आत्मन्—आत्मा, देह, स्वभाव, बुद्धि, ब्रह्म, उपाय तथा धीरता वा धैर्य॥१०९॥

शक्रो घातुकमत्तेभो वर्षुकाब्दो घनाघनः ॥

घनाघन—बरसनेवाला मेघ, इन्द्र तथा खूनी मतवाला हाथी ॥

अभिमानोऽर्थादिदर्पे ज्ञाने प्रणयहिंसयोः ॥ ११० ॥

अभिमान—धनादिका घमण्ड, ज्ञान, प्रणय नम्रता तथा हिंसा ॥ ११० ॥

घनो मेघे मूर्तिगुणे त्रिषु मूर्ते निरन्तरे ॥

